* संथाल संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 मई, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 217

अंतिम चरण में संताल परगना का सियासी पारा चढ़ा

पीएम मोदी आज दुमका की जनसभा में गरजेंगे

- जेपी नड्डा कल देवघर में, 30 को आयेंगे राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव होना है। गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को मतदान है। पार्टियों ने अब संताल परगना में जोर लगाया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता और स्टार प्रचारक संताल परगना आयेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को दुमका पहुंचेंगे और भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और ताला मरांडी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी झारखंड में छह चुनावी सभा कर चुके हैं। गोड्डा से तीन चुनावों से लगातार भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे जीत रहे हैं। इस बार भी निशिकांत दुबे मैदान में हैं। राजमहल सीट पर इस बार भाजपा ने ताला मरांडी उम्मीदवार को बनाया है।

कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका पहुंचेंगे। इससे पहले राहुल गांधी झारखंड के चाइबासा और गुमला के बसिया में जनसभा कर चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

साहिबगंज में खराब मौसम के कारण लैंड नहीं कर सका राजनाथ सिंह का हेलीकॉप्टर, फोन से ही दिया भाषण

आजाद सिपाही संवाददाता

साहिबगंज। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजमहल लोकसभा सीट के साहिबगंज में सोमवार को चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए आने वाले थे, लेकिन खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर लैंड नहीं हो सका। पायलट ने बहुत कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करने का अनोखा उपाय निकाला। उन्होंने तकनीक का इस्तेमाल कर अपने फोन से ही लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशान साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के आधार पर राजनीति नहीं करती है। कुछ लोग आरक्षण के नाम पर अफवाह फैला रहे हैं। हमारी सरकार आरक्षण खत्म नहीं करने वाली है, लेकिन यदि धर्म के आधार पर आरक्षण दिया गया है, तो उसे समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। भाजपा हमेशा आदिवासियों के हितों की रक्षा करती रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार से 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस मनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं। इसलिए राजमहल से ताला मरांडी को सांसद बनाकर भेजें, ताकि सरकार में यहां से भी प्रतिनिधित्व हो।

झारखंड में बीजेपी नहीं, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का इंडिया गठबंधन चलेगा: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। जेएमएम नेता कल्पना सोरेन ने कहा है कि झारखंड में बीजेपी नहीं, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का इंडिया गठबंधन चलेगा। वह सोमवार को गोड्डा के पोड़ैयाहाट में इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह वह क्रांतिकारी भूमि है, जहां बाबा तिलका मांझी ने तीर-धनुष से अंग्रेजों का मुकाबला तब किया था, जब किसी ने ऐसा करने का सपना भी नहीं देखा था। आज भी वही लड़ाई है शोषकों के खिलाफ। बस स्वरूप बदल गया है। दिशोम गुरुजी ने बचपन में अपने संघर्ष सेनानी पिता को खोया। इसके बाद उन्होंने महाजनों के खिलाफ आंदोलन किया। दिशोम गुरुजी और अनेकों महान क्रांतिकारियों के संघर्ष के बाद ही हमें झारखंड मिला। आज दिशोम गुरुजी के बेटे हेमंत को भी बीजेपी ने डर के मारे जेल में डाल दिया है। हेमंत राज्य के लोगों को हक-अधिकार दे रहे थे। अच्छी शिक्षा, राशन, पेंशन आदि से जोड़ रहे थे। इससे बीजेपी को तकलीफ हो गयी।

हेमंत सोरेन को क्यों डाला जेल में

कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत ने 1932 का खतियान, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड विधानसभा से पारित करवाया। मगर यह सब देख बीजेपी वाले चुप हो गये। आज महिलाएं समाज में आगे बढ़ रही हैं। यह सब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की बदौलत हो पाया है। उन्होंने कहा, मैं भी अपने परिवार की सेवा में खुश थी, लेकिन इन बीजेपी वालों ने चुनाव से ठीक पहले आपके हेमंत को जेल में डालने का काम किया। जिस जमीन के नाम पर हेमंत को जेल में डाला गया है, उसमें उनका नाम ही नहीं है। कल्पना ने कहा कि हेमंत जी को षड्यंत्र के तहत जेल में डालने की एक ही वजह थी कि पिछले 20 साल में बीजेपी राज्य में जो काम नहीं कर पायी, उससे लंबी और गहरी लकीर हेमंत ने चार साल में खींच दी।

प्रदीप यादव के लिए कही ये बात

जेएमए नेता ने कहा, हेमंत की जेल की चाबी आप लोगों के पास है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर हेमंत को जेल से निकालने में मदद करें। चुनाव का यह आखिरी चरण है। बीजेपी वालों को चेता देना है कि यहां बड़े-बड़े पूंजीपतियों की पार्टी बीजेपी नहीं, बल्कि गरीब-गुरबा, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक का इंडिया गठबंधन चलेगा। यहां से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव बड़ी बेबाकी से लोगों के मुद्दे उठाते हैं। उन्हें यह ताकत आप लोगों से मिलती है। उनको विजयी बनायें।

जो चोरी करेगा और करायेगा, उसको जेल जाना पड़ेगा : बाबूलाल मरांडी

- देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, रेलवे लाइन निशिकांत दुबे की देन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के धराबंध में सोमवार को निशिकांत दुबे के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों, आदिवासियों, दलितों और कमजोर वर्गों के लिए काम किया है। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया, जितना नरेंद्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों को घर देने का काम किया। पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बना कर दिये। गरीबों के घरों तक भी गैस का कनेक्शन और चूल्हा पहुंचा दिया।

बाबूलाल ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने काम करने के लिए नहीं, कमाने के लिए सरकार बनायी है। इतना कमाया कि उनके घर को तो छोड़ दीजिये, उनके नौकर के घर से भी करोड़ों रुपये मिल रहे हैं। इसी कारण आज हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जेल में हैं। कई और लोग जेल में जायेंगे। जो चोरी करेंगे और करायेंगे, उनको जेल जाना पड़ेगा। जनता को लूटने वालों की जगह जेल में ही है।

पीएम के हाथों को मजबूत बनायें

बाबूलाल ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि सांसद निशिकांत दुबे ने कितना काम किया है। गोड्डा को रेल लाइन से जोड़ना कोई साधारण काम नहीं है। यहां से कई जगहों की ट्रेंने चल रही हैं। गोड्डा में फैक्ट्री लगवायी। एम्स बनकर तैयार है। एयरपोर्ट भी बन गया है। एक जून को कमल छाप पर बटन दबाकर डॉ निशिकांत दुबे को सांसद बनाना है। मौके पर निशिकांत दुबे भी थे।

झारखंड की बची तीन लोकसभा सीटों के केंद्र में भी मोदी

- गोड्डा में बड़ी चुनौती नहीं, दुमका में भाजपा और झामुमो में झकझूमर
- लोगों ने कहा, प्रत्याशी से क्या मतलब, वोट तो ऊपर के लिए है न

प्रशांत झा

बासुकीनाथ (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में पहुंच गया है। झारखंड में आखिरी चरण में तीन लोकसभा सीटें दुमका, गोड्डा और राजमहल में एक जून को मतदान है। आजाद सिपाही की टीम मतदाताओं का मन टटोलने के लिए संताल परगना में निकली हुई है। हम सभी सोमवार सुबह 8.30 बजे रांची से रवाना हुए। शाम करीब 5.30 बजे बासुकीनाथ पहुंचे। रास्ते में कुछ ऐसे इलाके पड़े, जहां मतदान हो चुका है, जबकि कुछ इलाके में शनिवार को वोट डाले जायेंगे। कई जगहों पर लोगों से बातचीत हुई। इस बातचीत में एक बात साफ नजर आयी कि प्रत्याशी कौन है, कैसा है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। केंद्र में 'मोदी' हैं और सामने विकल्प नहीं है? जो स्थिति देखने को मिल रही है, उसमें राज्य में भाजपा को अधिक नुकसान होने की संभावना नहीं है।

पहला पड़ाव जैनामोड़ में : सुबह 10.45 बजे हम सभी जैनामोड़ पहुंचे। यह दो लोकसभा क्षेत्र गिरिडीह और धनबाद को जोड़ने वाला इलाका है। करहरिया, कटका आदि इलाके गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के थे, तो तेतरियाडीह के बाद का इलाका धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ रहा था। इस इलाके में कई लोगों से बातचीत हुई। धनबाद और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के मन को भांपने का प्रयास किया। कहते हैं कि चावल पका या नहीं, इसके लिए हांडी के एक-एक चावल को नहीं देखा जाता है। एक-दो चावल ही पूरे चावल की स्थिति को बता देता है। उसी तरह इस छोटे से इलाके ने दोनों लोकसभा क्षेत्र के हवा के रुख को बयां कर दिया। लोगों से बातचीत करने के बाद इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। धनबाद और गिरिडीह क्षेत्र में 25 जून को लोगों ने अपना नेता चुन लिया है। किसे चुना, यह तो फिलहाल इवीएम में बंद है, लेकिन लोगों की जुबान से यह साफ हो रहा था कि भाजपा को जीत में कोई परेशानी होती नहीं दिख रही।

धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो हैं। वहीं कांग्रेस की अनुपमा सिंह उनके सामने हैं। इस क्षेत्र के मतादाताओं से ढुल्लू की छवि को लेकर बातचीत हुई। उनका कहना था कि 'हम उनको थोड़े ही वोट दिये हैं। वोट तो ऊपर (नरेंद्र मोदी) को दिये हैं। उनको चुने हैं। यहां वाले से क्या लेना देना।' इसी तरह गिरिडीह में आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो के मथुरा महतो आमने-सामने हैं। यहां भी लोगों का जवाब यही था। जब उनसे पूछा गया कि यहां से तो भाजपा नहीं है, फिर कैसे बोल रहे हैं कि मोदीजी को वोट दिये। लोगों ने कहा 'केला' भी तो उन्हीं के लिए वोट मांग रहा न। गिरिडीह क्षेत्र में एक बात और सामने आयी। वह था निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो का नाम। यहां ग्रामीण इलाकों में कुछ वोट जयराम को देने की भनक लगी।

(शेष पेज 03 पर)

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 मई, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 217

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

अपराधियों का हब बनती जा रही है रांची : सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे हैं सवाल

रांची में बार में घुसकर डीजे संचालक की गोली मार कर हत्या

- बैंक अधिकारी समेत दो आरोपी गया से गिरफ्तार, कार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर अपराधियों का हब बनती जा रही है। रविवार की रात जिस तरह से चार बेखौफ अपराधी चुटिया इलाके के एक्स्ट्रीम बार में जा धमके और टारगेट किलिंग पूरा कर लौट आते हैं, उससे राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। अपराधी हथियार लहराते हुए गये भी थे और आराम से टहलते हुए बाहर निकल आये। पुलिस की वैन भी पास से गुजर रही थी, लेकिन किसी की नजर अपराधियों पर नहीं पड़ी। अपराधियों ने बार के डीजे संदीप उर्फ सैंडी को मौत के घाट उतार दिया। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को दबोच लिया है। इसमें से एक आरोपी का नाम अभिषेक सिंह है, जो गया से गिरफ्तार हुआ है। दूसरा किसी बैंक का बड़ा अधिकारी है।

मृतक संदीप पश्चिम बंगाल का निवासी : संदीप प्रमाणिक के घर वालों से संपर्क नहीं हो पाया है। साइक्लोन की वजह से उसके परिजनों से संपर्क करने में दिक्कत आ रही है। जांच में पता चला है कि संदीप पिछले सात साल से बार में काम कर रहा था। उसने किसी को भी घर वालों का नाम और नंबर नहीं दिया था।

एसएसपी ने लिया जायजा : रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआइटी का गठन किया है।

घटना सीसीटीवी में कैद : यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि हाफ पैंट पहना एक शख्स अपना चेहरा ढंक कर बार की सीढ़ियों के पास पहुंचता है, जहां डीजे संदीप पहले से ही घर जाने के लिए खड़ा है। हाथ में राइफल और मुंह पर कपड़ा बांधकर युवक वहां पहुंचता है और संदीप के सीने में गोली मार देता है। गोली लगने के बाद संदीप लिफ्ट के पास गिर जाता है। गोली मारने वाला शख्स बाहर आता है और बाहर से बार पर कई राउंड फायरिंग करता है। इसके बाद अपनी सफेद रंग की कार में बैठ कर वहां से भाग जाता है।

क्या-क्या हुआ बरामद : चुटिया की घटना में अपराधियों द्वारा इस्तेमाल में लायी गयी ब्रेजा कार को कचहरी चौक स्थित एक गैरेज से बरामद किया गया है। इसमें चार कारतूस मिले हैं। भागने के क्रम में कार का एक्सीडेंट हो गया था। कार का नंबर जेएच 01 डीएल-2400 है, जो फर्जी है।

पास से गुजर रही थी पुलिस की गाड़ी : चौंकानेवाली बात यह है कि हत्या के समय पुलिस की गाड़ी पास से ही गुजर रही थी। पांच से सात मिनट तक अपराधी फायरिंग करते रहे। बाहर निकल कर अपराधियों ने वहां खड़ी बाइक को लात से मार कर गिराया और इसे भी पुलिसवालों ने देखा भी, लेकिन उसने इसका कारण जानने की जरूरत नहीं समझी। गोली चलने की आवाज होने पर पुलिस को ऐसे भी जानकारी हासिल करनी चाहिए थी, लेकिन उसने इसकी जरूरत नहीं समझी।

सवालों के घेरे में रांची पुलिस : सवाल इसका नहीं है कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधी पकड़े गये, बल्कि सवाल इस बात का है कि अगर पुलिस मुस्तैद रहती, तो संदीप की जान बच सकती थी। आखिर रांची पुलिस के सूचना तंत्र को क्या हो गया है। बाहर से आये अपराधी शहर के छोटे होटलों में रुकते हैं और टारगेट किलिंग को अंजाम देकर आराम से निकल जाते हैं। पुलिस की फजीहत तो तब होती है, जब घटना के बाद जिन लोगों को पकड़कर जेल भेजती है, उसमें से कई निर्दोष निकल जाते हैं।

कहां से आ रही अफीम, चरस और डोडा : चुनाव की घोषणा के बाद झारखंड की पुलिस ने अरबों रुपये की अफीम, चरस और डोडा की मात्रा पकड़ने का दावा किया है। आखिर इतनी मात्रा में यह खेप आ कहां से रही है। क्या इस तस्करी में पुलिस का हाथ नहीं है। अगर पुलिस चाह ले, तो किसी भी तरह का अवैध कारोबार कहीं नहीं हो सकता है, बशर्ते पहल इमानदारी से होनी चाहिए। अगर सही में अफीम और चरस की खपत झारखंड में है, तो इससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो जायेगी। इस पर फुलस्टॉप लगाने के लिए पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

मामूली विवाद में हुई घटना

चुटिया थाना क्षेत्र के रेडिसन ब्लू होटल के सामने स्थित एक्स्ट्रीम बार के डीजे ब्वॉय संदीप प्रमाणिक की हत्या रविवार की देर रात हुई। रात करीब एक बजे चार अपराधी बार में घुसे और संदीप उर्फ सैंडी को गोली मार दी। घायल संदीप को रिम्स भेजा गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रविवार रात चार-पांच युवक शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनका डीजे संदीप और बार के कुछ अन्य कर्मचारियों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उनकी झड़प भी हो गयी। किसी तरह मामला शांत हो गया, लेकिन कुछ देर बाद पांचों युवक फिर से बार में आये। उस समय बार बंद हो चुका था। डीजे संदीप और बार के अन्य कर्मचारी घर जा रहे थे, तभी एक युवक ने अपनी राइफल निकाली और संदीप की छाती में सटाकर गोली मार दी। इसके बाद युवकों ने बार के अंदर भी घुस कर कई राउंड फायरिंग की। घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गये।

कहीं रांची सुरेंद्र बंगाली और अनिल शर्मा के दौर में तो नहीं लौट रही

जिस तरह से रांची में अपराध की घटनाएं हो रही हैं, उससे अब शहरवासियों को भय सता रहा है। डर इस बात का कि कहीं रांची एक बार फिर अपराधी सुरेंद्र बंगाली और अनिल शर्मा के दौर में तो नहीं लौट रही है। उस दौर में सूर्यास्त के बाद लोग घर लौट आते थे। अब जिस तरह से अपराध की घटना बढ़ रही है, उससे कहीं रांची डिस्टर्ब न हो जाये। अभी आप दिन हो या रात, शहर में कहीं भी आ-जा सकते हैं। उस दौर में सूर्यास्त के बाद सब ठप हो जाता था।

इसी पुलिस ने अपराधियों से मुक्त कराया था राजधानी रांची को

खास बात यह है कि इसी पुलिस ने उस दौर के अपराधियों से निपटा था। उन्होंने शहर में अमन-चैन कायम किया था। कई शूटर मारे गये। बड़े अपराधी जेल में बंद कर दिये गये। पुलिस उस समय भी थी और पुलिस आज भी है, लेकिन आज की पुलिस के पास वह जज्बा नहीं है। उस दौर में जूनियर पुलिस अधिकारियों की पीठ पर सीनियर अधिकारियों का हाथ होता था, तो नतीजे भी बेहतर आते थे। अब स्थिति पलट गयी है। अब वर्दी वाले अपने मूल काम से हटकर दूसरे काम में लग गये, इसलिए इनका सूचना तंत्र भी कमजोर हो गया। शहर में वैसे थानेदारों को पदस्थापित किया गया, जो कभी शहरी इलाकों में रहे ही नहीं। वे मास्टर की तरह काम करना चाहते हैं। इन सब की समीक्षा की जरूरत है और सीनियर अधिकारियों को इसे देखने की जरूरत है। समय रहते कदम नहीं उठाया गया, तो रांची की विधि व्यवस्था बिगड़ सकती है।

अंतिम चरण में संताल परगना का सियासी पारा चढ़ा

पीएम मोदी आज दुमका की जनसभा में गरजेंगे

- जेपी नड्डा कल देवघर में, 30 को आयेंगे राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव होना है। गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को मतदान है। पार्टियों ने अब संताल परगना में जोर लगाया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता और स्टार प्रचारक संताल परगना आयेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को दुमका पहुंचेंगे और भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और ताला मरांडी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी झारखंड में छह चुनावी सभा कर चुके हैं। गोड्डा से तीन चुनावों से लगातार भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे जीत रहे हैं। इस बार भी निशिकांत दुबे मैदान में हैं। राजमहल सीट पर इस बार भाजपा ने ताला मरांडी उम्मीदवार को बनाया है। कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका पहुंचेंगे। इससे पहले राहुल गांधी झारखंड के चाइबासा और गुमला के बसिया में जनसभा कर चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

साहिबगंज में खराब मौसम के कारण लैंड नहीं कर सका राजनाथ सिंह का हेलीकॉप्टर, फोन से ही दिया भाषण

आजाद सिपाही संवाददाता

साहिबगंज। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजमहल लोकसभा सीट के साहिबगंज में सोमवार को चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए आने वाले थे, लेकिन खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर लैंड नहीं हो सका। पायलट ने बहुत कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करने का अनोखा उपाय निकाला। उन्होंने तकनीक का इस्तेमाल कर अपने फोन से ही लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशान साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के आधार पर राजनीति नहीं करती है। कुछ लोग आरक्षण के नाम पर अफवाह फैला रहे हैं। हमारी सरकार आरक्षण खत्म नहीं करने वाली है, लेकिन यदि धर्म के आधार पर आरक्षण दिया गया है, तो उसे समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। भाजपा हमेशा आदिवासियों के हितों की रक्षा करती रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार से 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस मनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं। इसलिए राजमहल से ताला मरांडी को सांसद बनाकर भेजें, ताकि सरकार में यहां से भी प्रतिनिधित्व हो।

झारखंड में बीजेपी नहीं, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का इंडिया गठबंधन चलेगा: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। जेएमएम नेता कल्पना सोरेन ने कहा है कि झारखंड में बीजेपी नहीं, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का इंडिया गठबंधन चलेगा। वह सोमवार को गोड्डा के पोड़ैयाहाट में इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह वह क्रांतिकारी भूमि है, जहां बाबा तिलका मांझी ने तीर-धनुष से अंग्रेजों का मुकाबला तब किया था, जब किसी ने ऐसा करने का सपना भी नहीं देखा था। आज भी वही लड़ाई है शोषकों के खिलाफ। बस स्वरूप बदल गया है। दिशोम गुरुजी ने बचपन में अपने संघर्ष सेनानी पिता को खोया। इसके बाद उन्होंने महाजनों के खिलाफ आंदोलन किया। दिशोम गुरुजी और अनेकों महान क्रांतिकारियों के संघर्ष के बाद ही हमें झारखंड मिला। आज दिशोम गुरुजी के बेटे हेमंत को भी बीजेपी ने डर के मारे जेल में डाल दिया है। हेमंत राज्य के लोगों को हक-अधिकार दे रहे थे। अच्छी शिक्षा, राशन, पेंशन आदि से जोड़ रहे थे। इससे बीजेपी को तकलीफ हो गयी।

हेमंत सोरेन को क्यों डाला जेल में : कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत ने 1932 का खतियान, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड विधानसभा से पारित करवाया। मगर यह सब देख बीजेपी वाले चुप हो गये। आज महिलाएं समाज में आगे बढ़ रही हैं। यह सब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की बदौलत हो पाया है। उन्होंने कहा, मैं भी अपने परिवार की सेवा में खुश थी, लेकिन इन बीजेपी वालों ने चुनाव से ठीक पहले आपके हेमंत को जेल में डालने का काम किया। जिस जमीन के नाम पर हेमंत को जेल में डाला गया है, उसमें उनका नाम ही नहीं है। कल्पना ने कहा कि हेमंत जी को षड्यंत्र के तहत जेल में डालने की एक ही वजह थी कि पिछले 20 साल में बीजेपी राज्य में जो काम नहीं कर पायी, उससे लंबी और गहरी लकीर हेमंत ने चार साल में खींच दी।

प्रदीप यादव के लिए कही ये बात : जेएमए नेता ने कहा, हेमंत की जेल की चाबी आप लोगों के पास है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर हेमंत को जेल से निकालने में मदद करें। यहां बड़े-बड़े पूंजीपतियों की पार्टी बीजेपी नहीं, बल्कि गरीब-गुरबा, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक का इंडिया गठबंधन चलेगा। यहां से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव बड़ी बेबाकी से लोगों के मुद्दे उठाते हैं। उन्हें यह ताकत आप लोगों से मिलती है। उनको विजयी बनायें।

जो चोरी करेगा और करायेगा, उसको जेल जाना पड़ेगा : बाबूलाल मरांडी

- देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, रेलवे लाइन निशिकांत दुबे की देन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के धराबंध में सोमवार को निशिकांत दुबे के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों, आदिवासियों, दलितों और कमजोर वर्गों के लिए काम किया है। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया, जितना नरेंद्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों को घर देने का काम किया। पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बना कर दिये। गरीबों के घरों तक भी गैस का कनेक्शन और चूल्हा पहुंचा दिया।

बाबूलाल ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने काम करने के लिए नहीं, कमाने के लिए सरकार बनायी है। इतना कमाया कि उनके घर को तो छोड़ दीजिये, उनके नौकर के घर से भी करोड़ों रुपये मिल रहे हैं। इसी कारण आज हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जेल में हैं। कई और लोग जेल में जायेंगे। जो चोरी करेंगे और करायेंगे, उनको जेल जाना पड़ेगा। जनता को लूटने वालों की जगह जेल में ही है।

पीएम के हाथों को मजबूत बनायें

बाबूलाल ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि सांसद निशिकांत दुबे ने कितना काम किया है। गोड्डा को रेल लाइन से जोड़ना कोई साधारण काम नहीं है। यहां से कई जगहों की ट्रेंने चल रही हैं। गोड्डा में फैक्ट्री लगवायी। एम्स बनकर तैयार है। एयरपोर्ट भी बन गया है। एक जून को कमल छाप पर बटन दबाकर डॉ निशिकांत दुबे को सांसद बनाना है। मौके पर निशिकांत दुबे भी थे।

झारखंड की बची तीन लोकसभा सीटों के केंद्र में भी मोदी

- गोड्डा में बड़ी चुनौती नहीं, दुमका में भाजपा और झामुमो में झकझूमर
- लोगों ने कहा: प्रत्याशी से क्या मतलब, वोट तो ऊपर के लिए है न

प्रशांत झा

बासुकीनाथ (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में पहुंच गया है। झारखंड में आखिरी चरण में तीन लोकसभा सीटें दुमका, गोड्डा और राजमहल में एक जून को मतदान है। आजाद सिपाही की टीम मतदाताओं का मन टटोलने के लिए संताल परगना में निकली हुई है। हम सभी सोमवार सुबह 8.30 बजे रांची से रवाना हुए। शाम करीब 5.30 बजे बासुकीनाथ पहुंचे। रास्ते में कुछ ऐसे इलाके पड़े, जहां मतदान हो चुका है, जबकि कुछ इलाके में शनिवार को वोट डाले जायेंगे। कई जगहों पर लोगों से बातचीत हुई। इस बातचीत में एक बात साफ नजर आयी कि प्रत्याशी कौन है, कैसा है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। केंद्र में 'मोदी' हैं और सामने विकल्प नहीं है? जो स्थिति देखने को मिल रही है, उसमें राज्य में भाजपा को अधिक नुकसान होने की संभावना नहीं है।

पहला पड़ाव जैनामोड़ में : सुबह 10.45 बजे हम सभी जैनामोड़ पहुंचे। यह दो लोकसभा क्षेत्र गिरिडीह और धनबाद को जोड़ने वाला इलाका है। करहरिया, कटका आदि इलाके गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के थे, तो तेतरियाडीह के बाद का इलाका धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ रहा था। इस इलाके में कई लोगों से बातचीत हुई। धनबाद और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के मन को भांपने का प्रयास किया। कहते हैं कि चावल पका या नहीं, इसके लिए हांडी के एक-एक चावल को नहीं देखा जाता है। एक-दो चावल ही पूरे चावल की स्थिति को बता देता है। उसी तरह इस छोटे से इलाके ने दोनों लोकसभा क्षेत्र के हवा के रुख को बयां कर दिया। लोगों से बातचीत करने के बाद इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। धनबाद और गिरिडीह क्षेत्र में 25 जून को लोगों ने अपना नेता चुन लिया है। किसे चुना, यह तो फिलहाल इवीएम में बंद है, लेकिन लोगों की जुबान से यह साफ हो रहा था कि भाजपा को जीत में कोई परेशानी होती नहीं दिख रही।

धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो हैं। वहीं कांग्रेस की अनुपमा सिंह उनके सामने हैं। इस क्षेत्र के मतदाताओं से ढुल्लू की छवि को लेकर बातचीत हुई। उनका कहना था कि 'हम उनको थोड़े ही वोट दिये हैं। वोट तो ऊपर (नरेंद्र मोदी) को दिये हैं। उनको चुने हैं। यहां वाले से क्या लेना देना।' इसी तरह गिरिडीह में आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो के मथुरा महतो आमने-सामने हैं। यहां भी लोगों का जवाब यही था। जब उनसे पूछा गया कि यहां से तो भाजपा नहीं है, फिर कैसे बोल रहे हैं कि मोदीजी को वोट दिये। लोगों ने कहा 'केला' भी तो उन्हीं के लिए वोट मांग रहा न। गिरिडीह क्षेत्र में एक बात और सामने आयी। वह था निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो का नाम। यहां ग्रामीण इलाकों में कुछ वोट जयराम को देने की भनक लगी।

(शेष पेज 03 पर)

गोड्डा में जातीय गोलबंदी पर भारी दिख रहा है 'विकास'

■ निशिकांत को अपने कामों पर भरोसा, तो प्रदीप यादव जाति में उलझे

■ कांग्रेस के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं निर्दलीय अभिषेक झा

आजाद सिपाही विशेष

संथाल परगना का एकमात्र अनारक्षित संसदीय क्षेत्र गोड्डा के लोगों को प्रचंड गर्मी से कुछ हद तक सोमवार को छुटकारा मिला। साइक्लोन के कारण गोड्डा का मौसम सुहाना हो गया है। फिर भी यहां चुनावी बुखार की तपिश जरूर महसूस हो रही है। झारखंड के 'मिथिलांचल' के रूप में चर्चित इस सीट पर मुकाबले की पूरी तैयारी हो चुकी है। यहां भाजपा की तरफ से डॉ निशिकांत दुबे लगातार चौथी बार लोकसभा में पहुंचने के लिए कांग्रेस के प्रदीप यादव से मुकाबला कर रहे हैं। इन दोनों के बीच यह पहला मुकाबला नहीं है। पिछली बार भी प्रदीप यादव ने झाविमो के टिकट पर डॉ दुबे को चुनौती दी थी और हार गये थे। बिहार के साथ सटा होने के कारण गोड्डा संसदीय क्षेत्र की राजनीतिक संवेदनशीलता थोड़ी अधिक है। इसलिए यहां जातीय समीकरण अक्सर हावी रहता है। इस बार भी जब कांग्रेस ने दीपिका पांडेय सिंह को उतारा था, तो गोड्डा को 'बैटल ऑफ त्रिकोणीय बनाने में निर्दलीय अभिषेक आनंद झा जरूर जुटे हैं, लेकिन उनका बहुत असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुख्य मुकाबला अब भी भाजपा और कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। डॉ दुबे को पिछले 15 वर्षों के दौरान किये गये कार्यों पर भरोसा है, तो प्रदीप यादव जातीय समीकरण के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत में हैं। केंद्रीय योजनाओं के कारण इस इलाके में निशिकांत दुबे के नामों की ज्यादा चर्चा हो रही है। लोगों के दिमाग में एम्स और रेलवे रच-बस गया है। निशिकांत दुबे का आक्रामक चेहरा भी लोगों को पसंद है। क्या है गोड्डा का चुनावी परिदृश्य और कैसा चल रहा है प्रचार अभियान, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

संथाल परगना की तीन संसदीय सीटों में से एकमात्र अनारक्षित सीट गोड्डा में 1 जून को मतदान होना है। इसलिए यहां चुनाव प्रचार अभियान चरम पर है। प्रचंड गर्मी में भी उम्मीदवार और कार्यकर्ता लगातार पसीना बहा रहे हैं। चौक-चौराहों पर सुबह-शाम जुटनेवाले लोगों की चर्चा का विषय भी चुनाव ही है। झारखंड की आध्यात्मिक राजधानी देवघर इसी संससीय सीट के अंतर्गत आता है। यहां के मशहूर टावर चौक पर जुटनेवाले लोग कहते हैं कि इस बार मुकाबला एकतरफा तो नहीं है। मतदाताओं को टटोलने पर पता चलता है कि यहां की राजनीति में आज भी जातीय समीकरण प्रमुख मुद्दा है, लेकिन युवाओं में विकास और महिलाओं में केंद्रीय योजनाओं से मिल रहे लाभ ही मतदान का आधार बनने की संभावना है। इन दो मुद्दों के अलावा एक और चुनावी मुद्दा तेजी से आगे आ रहा है और वह है उम्मीदवारों की इमेज। जहां तक निजी इमेज का सवाल है, तो डॉ निशिकांत दुबे अपने प्रतिद्वंद्वी प्रदीप यादव पर बहुत भारी नजर आ रहे हैं।

क्या है दोनों प्रत्याशियों की इमेज

डॉ दुबे लगातार चौथी बार सांसद बनने के लिए मुकाबले में उतरे हैं। प्रदीप यादव एक बार यहां से सांसद रह चुके हैं और फिलहाल पोड़ैयाहाट से विधायक हैं। डॉ दुबे ने अपने तीसरे टर्म (2019-2024) में लोकसभा में अपने प्रदर्शन से भाजपा और अपने इलाके में एक सक्रिय और साहसी सांसद के रूप में खुद को स्थापित कर लिया है। पिछले पांच साल के दौरान उन्होंने लगातार झारखंड में भ्रष्टाचार से लेकर दूसरे मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठायी और तमाम आरोप लगने के बावजूद कभी पीछे नहीं हटे। इतना ही नहीं, उन्होंने सदन में 'कैश फॉर क्वेरी' का मुद्दा उठा कर टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता खत्म करने में भी अहम भूमिका निभायी। इससे डॉ दुबे की इमेज 'लड़ाकू' की बनी। दूसरी तरफ प्रदीप यादव की इमेज आज भी बहुत साफ-सुथरी नहीं है। उनके व्यवहार और आचरण पर लोग टीका-टिप्पणी भी कर रहे हैं। इसके अलावा इलाके में चल रही कई निजी प्रोजेक्ट के खिलाफ पहले आक्रामक रुख अपनाने, आंदोलन की राह पर चल निकलने और फिर उससे पैर पीछे खींच लेने के कारण भी उनकी इमेज को धक्का लगा है। लोग उदाहरण देकर अडाणी और पैनम कोल इंडिया का उदाहरण भी दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले प्रदीप यादव अडाणी पावर प्लांट के खिलाफ खूब मुखर थे। आज चुप्पी साधे हुए हैं।

विकास को मुद्दा बनाने में जुटे डॉ निशिकांत

डॉ निशिकांत दुबे इस बार विकास को मुद्दा बनाने में जुटे हैं। पिछले 15 साल में उन्होंने गोड्डा का बहुत विकास किया है। चाहे वह देवघर एम्स हो या एयरपोर्ट, गोड्डा में रेल लाइन हो या फिर इलाके में सड़कों का जाल, अडाणी का बिजली घर हो या फिर प्लास्टिक पार्क, डॉ दुबे ने 15 सालों के दौरान गोड्डा के लिए बहुत कुछ किया है। बायो डायवर्सिटी पार्क पर्यटकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा कई योजनाएं हैं, जो धरातल पर उतर चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक को देवघर बुला कर अपनी राजनीतिक पहुंच का भी उदाहरण दिया है। इन तमाम विकास कार्यों के बावजूद कुछ लोग उनके बारे में नकारात्मक टिप्पणी भी करते हैं, उन्हें 'अहंकारी' करार देते हैं।

प्रदीप यादव को भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के ही कुछ लोगों से परेशानी आनेवाली है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव अपने एक अन्य विधायक साथी बंधु तिर्की के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस ने इस बार उन्हें उतारा है, जबकि जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के पिता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी यहां से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। कांग्रेस की ओर से शुरू में महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को चुनाव मैदान में उतारा गया, लेकिन तीन दिन बाद ही उनकी जगह प्रदीप यादव को उतार दिया गया। ऐसे में प्रदीप यादव को कांग्रेस पार्टी के इरफान और दीपिका के समर्थकों से भी निपटना पड़ रहा है। कहने को ये लोग प्रदीप यादव के साथ होने की बात कह रहे हैं, लेकिन उनके समर्थकों को प्रदीप यादव पच नहीं रहे हैं।

अभिषेक आनंद झा भी ठोक रहे ताल

इस बीच बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विनोदानंद झा के पोते अभिषेक आनंद झा ने भी आखिरी दिन मंगलवार को गोड्डा लोकसभा सीट से नामांकन का पर्चा भर कर मुकाबले में उतरने का एलान कर दिया। अभिषेक झा और उनके परिवार का गोड्डा लोकसभा क्षेत्र की राजनीति में दखल रहा है। खुद निशिकांत दुबे भी यह दावा करते रहे हैं कि उन्हें विनोदानंद झा के परिवार का आशीर्वाद प्राप्त है। अभिषेक झा खुद भाजपा के नेता रह चुके हैं और 2009 में मधुपुर विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। अभिषेक झा भी निशिकांत दुबे के करीबी रहे, लेकिन अब अभिषेक झा यह बता रहे हैं कि निशिकांत दुबे से उनका राजनीतिक संबंध नहीं है। लेकिन वह यह भी कहते हैं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी से वह नाराज नहीं है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अभिषेक झा से आखिर किसको नुकसान होगा। वैसे आज की तारीख तक वह कोई बड़ी चुनौती पेश नहीं कर सके हैं। हां, हर दिन वह सात-आठ गाड़ियों के काफिले में जरूर घूमते नजर आ रहे हैं। लेकिन उनकी गाड़ियां भी शहरी क्षेत्र और खासकर पक्की सड़क के इर्द-गिर्द ही दिख रही है।

गोड्डा संसदीय क्षेत्र का जातीय आंकड़ा

गोड्डा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के जातिगत आंकड़ों पर गौर करने से स्थिति काफी कुछ साफ होती दिखती है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 19 लाख 95 हजार 192 है। यहां सर्वाधिक चार लाख की आबादी ब्राह्मणों की है, जबकि मुस्लिम साढ़े तीन लाख लाख के आसपास हैं। यादवों की आबादी ढाई लाख है। इसके अलावा वैश्य कीआबादी ढाई से तीन लाख है और आदिवासियों की आबादी डेढ़ से दो लाख और राजपूत, भूमिहार और कायस्थ की संख्या एक लाख के करीब है। शेष पंचगनिया दलित हैं। इस आंकड़े से यह साफ हो जाता है कि ब्राह्मणों की इतनी बड़ी आबादी यदि एकमुश्त किसी को वोट दे दे, तो फिर उसकी जीत को कोई रोक नहीं सकता है। डॉ दुबे इसी जाति से आते हैं। भाजपा के पास ब्राह्मणों के अलावा दूसरी सवर्ण जातियों और भाजपा के कोर वोटर रहे वैश्य समुदाय का समर्थन भी है। ब्राह्मण वोटर पहले कांग्रेस के साथ जुड़े रहे, लेकिन मोदी काल के बाद ये पूरी तरह से भाजपा के लिए वोट करते हैं। इतना जरूर है कि प्रदीप यादव यहां मुसलिम और आदिवासी वोटरों को अपने पक्ष में करके यादवों की मदद से चुनाव में निशिकांत दुबे को शिकस्त देने की योजना पर काम कर रहे हैं, लेकिन यह योजना इतनी फुलप्रूफ नहीं है कि वह निशिकांत दुबे के विजय रथ को रोक सके। हां 30 मई को राहुल गांधी यहां आनेवाले हैं। देखना है कि राहुल गांधी प्रदीप यादव की राह को कितना आसान बना सकते हैं। उनके आने से निशिकांत को चुनौती मिलती है या नहीं, यह 4 जून को ही साफ होगा, लेकिन फिलहाल गोड्डा में कमल मुसकुरा रहा है।

बंगाल में चक्रवात 'रेमल' से छह की मौत, दर्जनों घायल

भारी बारिश से विभिन्न जिलों में जनजीवन पर व्यापक असर, 15 हजार घरों को नुकसान, दो लाख लोगों ने ली राहत शिविरों में शरण

■ टूटे तटबंध, उखड़े पेड़, खेतों में पानी घुसने से नष्ट हुई फसलें, ठप पड़ी बिजली सेवा

■ कोलकाता में मेट्रो स्टेशन के अंदर भी घुसा पानी, घंटों निलंबित रही सेवा

■ मुख्यमंत्री ने कहा, चुनाव आचार संहिता हटने के बाद की जायेगी प्रभावितों के लिए आर्थिक क्षतिपूर्ति की घोषणा

- राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने किया प्रभावित इलाकों का दौरा
- दक्षिण बंगाल में कल से मौसम के साफ होने का पूवानुर्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात रेमल से राज्य में जान-माल को काफी नुकसान पहुंचा है। चक्रवात की चपेट में आकर अब तक छह लोगों की मौत की खबर है, हालांकि सरकारी तौर पर चार की ही मौत की बात कही गयी है। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप, बकखाली, फ्रेजरगंज, सागरद्वीप और सुंदरवन इलाकों में हजारों कच्चे घर ढह गये हैं। दो लाख लोग राहत शिविरों में हैं। राज्य सरकार की ओर से विभिन्न जिलों में 1,400 से भी अधिक राहत शिविर खोले गये हैं। कुछ जगहों पर नदी तटबंध टूटने से खेतों में पानी घुस गया है, जिससे फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में बिजली के खंभे गिर गये हैं, जिससे वहां बिजली आपूर्ति ठप हो गयी है।

बतातें चलें कि चक्रवात रविवार रात करीब 8.30 बजे बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों से टकराया था। उसके प्रभाव से सोमवार को कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम बर्द्धमान, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाडग्राम, नदिया, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भारी बारिश हुई, जिसका सामान्य जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। कोलकाता समेत विभिन्न जगहों पर अधिकांश दुकान-बाजार बंद रहे। फेरी सेवा भी बंद कर दी गयी। बसें भी बहुत कम चलीं।

चक्रवात के गुजरने के बाद सोमवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर विमानों का परिचालन दोबारा शुरू किया गया, हालांकि तेज हवाओं के कारण विमानों के उड़ान भरने व रनवे पर उतरने में काफी परेशानी हुई। लैंडिंग करने में विफल रहने पर कुछ विमानों को गया, गुवाहाटी, भुवनेश्वर व वाराणसी की ओर मोड़ दिया गया। विमान सेवाओं को रविवार दोपहर 12 बजे बंद किया गया था। ट्रेन सेवाएं भी बहाल की गयीं, हालांकि बारिश के कारण उनका मूवमेंट धीमा रहा। कुछ जगहों पर पटरियों पर पानी भर जाने के कारण उन रूटों की ट्रेनों को रद कर दिया गया अथवा गंतव्य स्टेशनों तक नहीं चलाया गया।

कोलकाता में भारी बारिश के कारण पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन के अंदर पानी घुस गया, जिससे वहां से ट्रेन सेवाएं चार घंटे से ज्यादा समय तक निलंबित रहीं। कोलकाता मेट्रो के इतिहास में यह अभूतपूर्व घटना है। महानगर में कई इलाकों में तेज हवाओं से पेड़ उखड़ गये। निचले इलाकों में जलजमाव हो गया। मौसम विभाग ने मंगलवार से दक्षिण बंगाल में मौसम के साफ होने का पूर्वानुमान जताया है, हालांकि उत्तर बंगाल के कुछ जिलों को लेकर आगामी शनिवार तक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आचार संहिता हटने के बाद प्रभावितों के लिए क्षतिपूर्ति की घोषणा करने की बात कही है। दूसरी तरफ राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने सोमवार को कोलकाता व आसपास के प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उनके साथ राजभवन की ओर से गठित टास्क फोर्स के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने राहत व बचाव कार्यों का मुआयना किया और प्रभावित लोगों से बातचीत कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

टेंडर कमीशन घोटाला में आलमगीर आलम की रिमांड तीन दिन और बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। टेंडर कमीशन घोटाला से जुड़े मामले में छापेमारी के दौरान बरामद करीब 38 करोड़ रुपये मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिनों के लिए बढ़ा दी गयी है। 11 दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को उनकी पीएमएलए कोर्ट में पेशी हुई। इडी द्वारा पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए फिर से तीन दिनों की रिमांड की मांग को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इडी ने कोर्ट को कहा कि आलमगीर आलम जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

इडी ने रिमांड आवेदन में कहा: कई बड़े और प्रभावशाली लोग हैं जांच के दायरे में

आलमगीर आलम की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए इडी ने अदालत में जो आवेदन दिया है, उसमें कहा गया है कि इस पूरे मामले में कई बड़े और प्रभावशाली लोग जांच के दायरे में हैं। ऐसे ही एक अधिकारी, यानी मनीष रंजन को सबूत इकट्ठा करने के लिए पीएमएलए, 2002 की धारा 50 के तहत तलब किया गया था, लेकिन वह 24 मई को पेश होने में विफल रहे। 28 मई को उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए उन्हें एक और समन जारी किया गया है। इडी ने कहा है कि जांच के दौरान आलमगीर आलम से जुड़े कई प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका भी पायी गयी। वे प्रमुख निर्णयकर्ता और लाभार्थी थे या उन्होंने अपराध की आय के सृजन और वितरण में सहायता की होगी, जो विभाग की कथित सांठगांठ के माध्यम से आलमगीर आलम तक पहुंची थी। इडी ने कहा कि मामले की तह तक पहुंचने के लिए काफी समय तक ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रहे मनीष रंजन से आलमगीर आलम का आमना-सामना कराने के लिए उनकी रिमांड अवधि को और बढ़ाने की जरूरत है। इडी ने दोहराया कि आलमगीर आलम ने अपराध की आय को छुपाया है और इसके अधिग्रहण और हस्तांतरण में शामिल हैं। इसके अलावा आलमगीर आलम के पास मनी लांड्रिंग के अपराध से संबंधित भौतिक साक्ष्य और जानकारी है, जो मौजूदा मामले में यह जांच का विषय है। इडी के अनुसार विभिन्न परिसरों से जब्त किये गये दस्तावेजी साक्ष्य आलमगीर आलम की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाते हैं और डिजिटल उपकरणों की जांच से अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का भी पता चलता है। इसलिए उक्त तथ्य का आलम से सामना कराने की जरूरत है।

आइएएस मनीष रंजन से आज इडी करेगी पूछताछ

रांची। इडी के अधिकारी मंगलवार को आइएएस मनीष रंजन से पूछताछ करेंगे। उनको इडी ने दूसरा समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि इडी ने इसके पहले भी समन जारी कर उन्हें बुलाया था, लेकिन उन्होंने पत्र भेज कर समय मांगा था। मनीष रंजन वर्तमान में भू-राजस्व और भवन निर्माण विभाग में सचिव हैं।

सलेमपुर में इंडी गठबंधन पर अमित शाह का तंज, बोले

ये लोग अपने बेटे-भजीते को पीएम-सीएम बनाना चाहते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

बलिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा 400 पार करने वाली है। कांग्रेस 40 के अंदर सिमटने वाली और ये अखिलेश की चार भी नहीं होने वाली। आपने दूसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया तो अयोध्या में राम मंदिर बनाने का काम किया गया। ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है।

अमित शाह ने सोमवार को बलिया के सलेमपुर लोकसभा के बेल्थरारोड स्थित हल्दीरामपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग बेटे-भतीजे को मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। लालू अपने बेटे को, सोनिया अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। आपका भला वही कर सकता है, जिसका परिवार 130 करोड़ की जनता है। वह नरेंद्र मोदी हैं। 4 जून को राहुल बाबा प्रेस कांफ्रेंस कर कहेंगे कि इवीएम के कारण भाजपा जीती है।

अमित शाह ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने चीनी मिलों को बंद करा दिया था। हमने चीनी मिलें चालू कराईं। राहुल व अखिलेश झूठ फैला रहे हैं कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो आरक्षण समाप्त कर देंगे। मैं गारंटी देता हूं जब तक मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे। आरक्षण समाप्त नहीं होगा। बलिया सलेमपुर में बाढ़ के कारण हो रहे कटान की समस्या हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पांच चरण के चुनाव का परिणाम मुझे मालूम है, आप लोगों को जानना है क्या। जनता की हां सुनने के बाद उन्होंने कहा कि पांच चरण में 310 पार करके पीएम मोदी सरकार बनाने का काम कर रहे। छठां और सातवां चार पार कराने का है। सलेमपुर वालों 400 पार कराओगे क्या, मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओगे क्या। सलेमपुर के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के नाम के सामने कमल का निशान है, उस पर बटन दबाते ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन जाएंगे। अमित शाह ने कहा कि 70 साल से कांग्रेस की सरकार में रुका हुआ राम मंदिर बनाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। सभा में मौजूद लोगों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों को वोट देंगे क्या। पाक और कश्मीर भारत का है या नहीं। भीड़ ने कहा हां। तो अमित शाह बोले कांग्रेस कहती है कि पाक और कश्मीर मत मांगिए, उनके पास एटम बम है, अरे राहुल बाबा आप डरिये एटम बम से, भाजपा डरने वाले नहीं। पाक और कश्मीर भारत का है और रहेगा। हम इसे लेकर रहेंगे।

अरविंद राजभर ने जमीन पर बैठ कर योगी को प्रणाम किया

कांग्रेस प्रत्याशी ने भाई के हत्यारों के सामने घुटने टेके : योगी आदित्यनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

मऊ। मऊ में यूपी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने जमीन पर बैठकर सीएम योगी को प्रणाम किया। सीएम ने भी पीठ थपथपाकर शाबाशी दी। अरविंद घोसी लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी हैं। सोमवार को चुनावी रैली में योगी ने कहा- कांग्रेस सरकार बनी तो पर्सनल कानून लागू करेगी। यानी तालिबानी शासन। बेटियां स्कूल नहीं जा पायेंगी। महिलाएं बाजार नहीं जा पायेंगी। तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से लागू कर देंगे। बुर्के के अंदर महिलाओं को दुबक कर रहना पड़ेगा। भारत में तालिबानी कानून नहीं लागू होने देंगे।

योगी ने वाराणसी की रैली में कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि- जिन माफियाओं ने इनके भाई की हत्या की। उनके सामने इन्होंने घुटने टेक दिये। भाजपा ने स्वर्गीय अवधेश राय को श्रद्धांजलि दी है। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय के हत्यारों को मिट्टी में मिलाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग आपके हक पर डकैती डालना चाहते हैं। इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आयेंगे तो जनता पर वरासत टैक्स लगायेंगे। वरासत टैक्स का मतलब है कि आपके पूर्वजों ने कोई संपत्ति बनायी है, जो आपको मिली है। कांग्रेस की सरकार आने पर उस संपत्ति को आधा ले लेंगे।

कल्पना सोरेन दूसरे नंबर की बहू, हम हैं एक नंबर बहू : सीता सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

जामताड़ा। दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने जामताड़ा में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी व देवरानी कल्पना सोरेन पर हल्ला बोला। कहा कि यह दूसरे नंबर की बहू नहीं चलेगी। वह (सीता सोरेन) झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन की पत्नी व असली बहू हैं। वह बहू नंबर वन हैं। इस प्रदेश को दो नंबर की सरकार व दो नंबर की बहू नहीं चाहिए। प्रदेश की जनता को दो नंबरी बेटों, दो नंबरी काम करने वालों व दो नंबर की बहू ने ठगने का काम किया है। कहा कि अब आपके सामने नंबर वन बहू आयी है। जो जनता के लिए काम करेगी।

चंपई सोरेन की कुर्सी खतरे में पड़ने वाली है

सीता सोरेन ने कहा कि दिल्ली से लेकर यहां आकर इंडिया गठबंधन की टीम, भ्रष्ट लोगों की टीम मंच सजा रही है। इससे पहले कल जामताड़ा में एक सभा में कहा कि हेमंत जी भ्रष्टाचार की वजह से जेल में हैं। उन्होंने अब अपनी पत्नी को आगे कर दिया है। वह उनको अपनी जीती हुई सीट दे रहे हैं। सीता सोरेन ने कहा कि मुझको लगता है कि चंपाई सोरेन की कुर्सी खतरे में पड़ने वाली है।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जामताड़ा में सीता सोरेन पर साधा निशाना

अवसरवादी हैं सीता सोरेन, चुनाव हारकर फिर झामुमो में आयेंगी : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

जामताड़ा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जामताड़ा में दुमका की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर हमले किये। ठाकुर ने सीता सोरेन अवसरवादी प्रवृति की महिला बताया। कहा कि वे सिर्फ निजी स्वार्थ के बारे में ही सोचती और जानती हैं। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद फिर से उनका अपने परिवार और पार्टी में वापसी होगी। यह विश्वास के साथ कह रहा हूं।

मंत्री ने कहा कि तीन चरण में झारखंड की 11 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है और दावे के साथ कह सकता हूं कि इन सभी 11 सीटों पर इंडी गठबंधन विपक्ष पर पूरी तरह से भारी पड़ा है। 1 जून को संथाल परगना के तीन सीटों पर चुनाव होना है। सभी सीट भारी अंतर से जीत रहे हैं।

विकास करना तुष्टिकरण है, तो हमें परहेज नहीं : मंत्री ने कहा कि आरोप लगाना, झूठे वादे करना, जनता को गुमराह रखना यह भाजपा की पहचान है। भाजपा की ओर से जो तुष्टीकरण का आरोप लगाया जा रहा है, इसमें कोई सार्थकता नहीं है। गरीबों को मुफ्त अनाज देना, 125 यूनिट बिजली मुफ्त देना, सावित्रिबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाना, गरीबों को अबुआ आवास देना यदि तुष्टीकरण है, तो झामुमो को इससे कोई परहेज नहीं है।

पंचायत चुनाव में भी प्रचार कर सकते हैं पीएम : मंत्री ने कहा कि पीएम की चुनावी सभा किसी भी प्रकार से चुनाव परिणाम का फैक्टर नहीं है। इवेंट मैनेजमेंट के तहत मोदी जी का कार्यक्रम चलता रहता है और किसी पंचायत स्तरीय चुनाव में भी वह पहुंच जायें, तो कोई बड़ी बात नहीं। उन्होंने कहा कि जहां तक देशभर की बात है, तो 4 तारीख को चुनाव परिणाम आने के साथ ही आपको पता चल जायेगा कि हमारा गठबंधन दिल्ली में सरकार बनाने जा रहा है।

मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा पहुंचे दुमका, कहा

बाबा बासुकीनाथ और जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्रधानमंत्री मोदी के साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। उपराजधानी दुमका के बासुकीनाथ में मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर बीजेपी की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी। भाजपा नेता वीडी शर्मा ने कहा कि जनता जनार्दन और बाबा बासुकीनाथ का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिल चुका है। संथाल परगना की तीन सीट सहित झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

बाबा बासुकिनाथ की पूजा कर मांगा आशीर्वाद : इसके पूर्व मध्यप्रदेश बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचकर षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना की. पुरोहित पंडित मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा सहित अन्य पुरोहितों ने विधि-विधान पूर्वक बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा अर्चना और आरती करायी। वीडी शर्मा ने बाबा बासुकीनाथ की पूजा कर मंगलकामना की।

बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं संग की बैठक : पूजन के बाद वीडी शर्मा ने बासुकीनाथ नगर में स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे की जीत को लेकर मंत्रणा की। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य अभयकांत प्रसाद, संजय शौर्य, संदीप पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री मनोरमा देवी, नगर संयोजक राजेश गुप्ता, नगर मंत्री नरेश पंडा, महामंत्री कार्तिक राव, भाजयुमो नगर अध्यक्ष पप्पू सिंह, आशुतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

मेरा मुकाबला बसपा प्रत्याशी बजरंगी से : निशिकांत दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। निवर्तमान सांसद सह बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे का ओवैसी से लगाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पूर्व नामांकन के बाद निशिकांत दुबे ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा था कि उनका मुकाबला ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम के उम्मीदवार से है। साथ ही उन्होंने कहा था कि इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव को गंभीरता पूर्वक लेने की जरूरत नहीं है।

एआइएमआइएम ने बसपा प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की है

सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे की वजह साफ है कि गोड्डा सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता वाला लोकसभा क्षेत्र है। ऐसे में अगर उसमें बिखराव होता है तो इसका सीधा लाभ भाजपा को होगा, लेकिन इसके उलट एक मात्र मुस्लिम उम्मीदवार एआइएमआइएम के मंसूर मंसूरी ने अपना नामांकन ही वापस ले लिया। इसके बाद अब एआइएमआइएम ने घोषणा की है कि वो अब बसपा उम्मीदवार बजरंगी महथा को पार्टी समर्थन करेगी।

निशिकांत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर दी जानकारी

इसके बाद गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने फिर सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर कहा है कि उनका मुकाबला अब बसपा से होगा, क्योंकि एआइएमआइएम ने बसपा को समर्थन दे दिया है.

निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा के आने से बन सकता है नया कोण

वहीं इस संबंध में सूत्र बताते हैं कि ये सब कुछ भी नहीं, बस ध्यान भटकाने और मुस्लिम मतों के बिखराव को दिखाना है। हालांकि इससे इतर गोड्डा लोकसभा में चमत्कार फिलहाल होता कम दिख रहा है और पूरा मुकाबला आमने-सामने का है। हां, कोई अगर नया कोण बना रहा है जिसकी संभावना धीरे-धीरे बढ़ रही है तो वो निर्दलीय अभिषेक आनंद झा हैं, लेकिन वो कितना प्रभावित करते हैं ये उनकी वोट की हिस्सेदारी पर निर्भर करता है।

पटना में मंच धंसा, कांग्रेस नेता ने कहा : मैं ठीक हूं

मोदी पीएम नहीं बनेंगे : राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार में तीन सभाएं कीं। 12 बजे पटना के बख्तियारपुर में, डेढ़ बजे पालीगंज में तो साढ़े 3 बजे आरा में सभा को संबोधित किया। पालीगंज में राहुल गांधी जैसे ही मंच पर पहुंचे, तो मंच का एक हिस्सा धंस गया। राजद कैंडिडेट मीसा भारती ने राहुल गांधी का हाथ पकड़ कर उन्हें संभाला। थोड़ी देर में सुरक्षाकर्मी भी आ गये, लेकिन राहुल ने कहा- मैं ठीक हूं।



सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव को बब्बर शेर बताया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में अमीर लोग अमीर होते जा रहे हैं और गरीब लोग गरीब। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री ने दस साल में कुछ नहीं किया।

राहुल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि इडी से बचने के लिए कहते हैं बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं, परमात्मा लेते हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना के बख्तियारपुर में जनसभा की। उन्होंने करीब 18 मिनट का भाषण दिया। सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने गारंटी दी कि मोदी इस बार पीएम नहीं बनेंगे।

उन्होंने बताया कि एक इंटरव्यू में मोदीजी ने कहा था कि बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं लेता परमात्मा लेते हैं। ये ऐसा एऊ से बचने के लिए कहते हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इडी उनसे अडाणी पर सवाल करेगी।

उन्होंने कहा कि मोदी जी आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद कीजिए आप देश को बांटने की कोशिश मत करिए। आप सबसे पहले देश और बिहार के युवाओं को ये बताइए कि आपने देश के युवाओं को कितना रोजगार दिया कितनी नौकरियां दीं? आपने 2 करोड़ रोजगार की बात की थी आपने 1 युवा को नौकरी नहीं दी।

नरेंद्र मोदी कुछ भी कहे 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। यह संविधान का चुनाव है। बीजेपी वालों ने कहा है कि हम इस संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। तेजस्वी ने बिहार में अपलोगों को रोजगार दिया। पूरे हिंदुस्तान में 30 लाख रोजगार है, वो देने का काम करेंगे।

पेज 1 का शेष

झारखंड की बची तीन लोकसभा सीटों के केंद्र में भी मोदी...

हालांकि इसकी तादाद इतनी नहीं लगी कि वह किसी राष्ट्रीय पार्टी को हरा सकें। इतना समझ में आया कि झामुमो के वोट में सेंधमारी हुई है। वैसे कुरमी मतदाता, जो चंद्रप्रकाश चौधरी को नापंसद करते हैं या धनबाद में ढुल्लू महतो को पसंद नहीं करते, उनका वोट मोदी के नाम पर कमल फूल और केला में गया है। चुनाव बाद धनबाद और गिरिडीह के लोगों से बातचीत करने पर यह साफ हो गया कि इन सीटों पर धनबाद से भाजपा और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी के उम्मीदवार का पलड़ा भारी है।

गोड्डा में भाजपा का जोर, तो दुमका में टक्कर

दोपहर करीब 1.30 बजे हम नारायणपुर पहुंचे। यह इलाका जामताड़ा जिले का है और दुमका लोकसभा क्षेत्र में आता है। इसके बाद दोपहर 2.00 बजे जामताड़ा पहुंचे। यहां भी लोगों से बातचीत हुई। इससे आगे शाम 3.20 में रंगामटिया गांव मिला। यह देवघर जिला में है। इससे आगे शाम 4.10 बजे पालाजोरी बाजार पहुंचे और शाम 5.00 बजे बासुकीनाथ पहुंचना हुआ। नारायणपुर,जामताड़ा, रांगामटिया आदि इलाके दुमका लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। वहीं, पालाजोरी, बासुकीनाथ आदि क्षेत्र गोड्डा लोकसभा इलाके में आते हैं। यानी यहां भी दो लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से रूबरू होने का मौका मिला। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र के लोग एक जून को मतदान करेंगे। राजनीतिक विश्लेषक गोड्डा से भाजपा की जीत को सुनिश्चित मान रहे, तो दुमका में चुनौती की बात कर रहे। जबकि दोनों क्षेत्र के मतदाताओं से बातचीत में 'मोदी' केंद्रित बात ही लगी। दुमका क्षेत्र में मतदाता थोड़े बंटे हुए जरूर दिख रहे। यहां भाजपा के परंपरागत वोटर मोदी के कारण इंटैक्ट हैं। यहां यह भी सच है कि अभी तक सीता सोरेन भाजपाइयों के दिलों में रच-बस नहीं पायी हैं। हालांकि झामुमो भी यहां पीछे नहीं है। 'गुरुजी' यानी शिबू सोरेन का सिक्का आज भी कायम है। अब सीता सोरने इस सिक्के को कितना भेद पाती हैं, इस पर बहुत कुछ निर्भर करता है। कुछ जगहों पर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के साथ लोगों की सहानुभूति भी दिखी कि उन्हें घर से निकाल दिया गया, जबकि कुछ जगहों पर 'गुरुजी' के आगे कुछ भी नहीं। कुछ लोगों का कहना था कि यह घर का झगड़ा है, हमें इससे क्या लेना-देना। एक बात और समझ आयी कि आदिवासियों में जो पढ़ा-लिखा वर्ग है, वह काफी सोच-समझ कर वोट करेगा। सोशल मीडिया और इंटरनेट के जमाने में वह केंद्रीय योजनाओं से परिचित हो चुका है। यह वर्ग कभी झामुमो का आधार वोट बैंक हुआ करता था, लेकिन उसमें से कुछ युवा अब बदल-बदले से नजर आते हैं। दुमका और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र की बात की जाये तो कहा जा सकता है कि गोड्डा में सचमुच में निशिकांत दुबे को कोई बड़ी चुनौती नहीं है, हां सीता सोरेन को अभी और मेहनत करनी होगी। खास कर जामताड़ा इलाके में, जहां वैसे भी इरफान अंसारी भारी हैं। मुस्लिम बहुल इलाका है। वहां के भाजपाई भी पूरी तरह सीता सोरेन के साथ रच-बस नहीं पाये हैं। जामताड़ा में बाबूलाल मरांडी का इंतजार है। जामताड़ा के भाजपा समर्थक वहां के विधानसभा में दो बार के उम्मीदवार रहे नेता से खुश नहीं हैं।

विभिन्न महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक से की मुलाकात

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष अभिषेक राज के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात किया। विदित हो की विभावि प्रशासन द्वारा सेशन 2015-18 से लेकर 2019-22 के पूर्वार्ति छात्रों के लिए विद्यार्थियों के द्वारा आंदोलन करने के बाद स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों के संख्या में छात्र एक या दो अंक से फेल हुए है। अभिषेक राज के नेतृत्व में छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर ग्रेस अंक देकर पास करने का मांग किया है। मौके पर अभिषेक ने कहा विवि के गलत नीतियों के कारण पांच वर्ष बाद फिर से छात्रों को दूसरे जेनेरिक पेपर की परीक्षा देना पड़ा है इसलिए सभी छात्रों को उनके भविष्य को देखते हुए ग्रेस अंक देकर पास करना चाहिए। छात्र गौरव ने कहा कुछ ही समय बाद अलग-अलग वेकेंसी भी आने वाली है अगर हम फिर से परीक्षा होने का इंतजार करते रहे तो हमारा भविष्य अंधकार में चला जायेगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ सुनील दुबे ने सभी छात्रों की समस्या को सुना और बताया की परीक्षा पार्षद की बैठक में इन समस्याओं को रखा जायेगा और छात्रहित में जो उचित निर्णय होगा वो लिया जायेगा। मौके पर छात्र नेता अभिषेक राज, तुषार अविराज, गवराव कुमार, आदर्श आनंद, गुलाम सरवर, कुणाल गुप्ता, लवकुश पांडेय, अन्य छात्र छात्राएं मौजूद थे।

योग शिविर और हवन कार्यक्रम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में नि:शुल्क योग शिविर और हवन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांधी हाई स्कूल के सामने शिव मंदिर के प्रांगण में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के आयोजक योग शिक्षिका संगीता देवी और रीना देवी थीं, शिविर की मुख्य प्रशिक्षक योगाचार्य सुषमा सुमन थी। सुषमा सुमन ने योग शिविर की शुरुआत गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण करते हुए की। सुषमा सुमन ने बताया कि स्वामी रामदेव महाराज का एक सपना है कि अंतिम व्यक्ति तक योग करें और निरोग रहें। प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर की तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। योग शिक्षक संगीता देवी, रीना देवी, खुशबू देवी, चंद्रिका देवी, उमा देवी, गुलाबी देवी, पुष्पा देवी, सुधा देवी, गीत देवी, सुमित्रा देवी, सुदामा देवी, रेखा कुमारी, खुशबू कुमारी, रिंकी देवी, दुर्गा शर्मा, निर्मला देवी, गौरी देवी, शीला देवी, सुशीला देवी, नूतन देवी, शारदा देवी, चुन्नी देवी, रिंकू देवी, कांति देवी, सबिया देवी, सुमित्रा देवी ने भाग लिया।

लू-गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दामोदर घाटी निगम कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्द्रपडी के उत्तरी टोला के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण सह लू गर्मी से बचाव के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीजीएम सीएसआर बिनोद कुमार राय ने किया। वहीं डॉ विकास कुमार ने बताया कि गर्मी में अनावश्यक बाहर नहीं निकले, बाहर जाने से बचें। अगर बाहर निकलते हैं तो माथा पर तोलिया रखें। उन्होंने कहा कि भरपूर पानी पिए, ओआरएस इत्यादि का प्रयोग करें। वहीं 74 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही नि:शुल्क दवा वितरण किया। मौके पर मेडिकल टीम से शिल्पी, अशोक कुमार, इरफान, सीएसआर से कुलदीप राम सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षिका को मिला द चेंज मेकर अवार्ड

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा और शिक्षिका सपना शर्मा को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सत्र 2023-2024 का द चेंज मेकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वी अभ्युदय एडुकेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और महर्षि यूनिवर्सिटी के संयुक्त रूप से महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा कैंपस में किया गया। देश भर से लगभग 500 चयनित शिक्षक व प्रिंसिपल में से लगभग 50 शिक्षक और प्रिंसिपल को ही सम्मानित किया गया। जिसमे बिहार, झारखंड, बंगाल से केवल सेक्रेट हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षिका का नाम शामिल है। स्कूल डायरेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि मिडिल इस्ट जोन में स्कूल को यह सम्मान स्कूल ही नहीं पूरे झारखण्ड के लिए गौरव की बात है। स्कूल प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने इस अवार्ड को सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत, स्कूल प्रशासन का सम्पूर्ण सपोर्ट के साथ - साथ अपने माता-पिता के साथ -साथ पूरे परिवार को समर्पित किया। उन्होंने बताया की इस तरह के सम्मान से दिन-प्रतिदिन कुछ नया, कुछ अलग करने को प्रेरित करता है। उन्होंने स्कूल प्रशासन और पृथ्वी अभ्युदय एस्सोसिएशन एडुकेटर्स ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट हर्षवर्धन सिंह को धन्यवाद दिया। स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा और शिक्षिका सपना शर्मा को यह अवार्ड मिलने से स्कूल में सभी शिक्षक गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और बच्चों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

बलिया में हाथियों ने पूर्व मुखिया पति को कुचल कर मार डाला

15 दिन पूर्व एक हाथी की मौत हो जाने से हाथियों में है भारी आक्रोश

परिवार वालों का रो-रो कर है बुरा हाल

धीरज पुरी

दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दारू थाना क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से हाथियों का तांडव लगातार जारी है। हाथियों ने कई घरों को और फसलों को बर्बाद कर दिया। वहीं 30 से 32 हाथियों का झुंड बीती रात्रि कबीलाशि पंचायत के बलिया जा पहुंचा। ग्रामीणों ने गांव में जान-माल की सुरक्षा के लिए हाथियों को दुर भगाने की कोशिश की। इसी दौरान बलिया निवासी अशोक रविदास(46) पिता सहदेव राम को भागने के कर्म में गिर पड़े और हाथी का चपेट में आ गये। हाथी ने उसे पटक-पटक कर मार दिया। इसी दौरान उसकी मौत मौके पर ही हो गयी। वहीं एक ग्रामीण मोहम्मद इस्माइल अंसारी उम्र 42 वर्ष का हाथ भी टूट गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और स्थानीय थाना को दिया। सूचना पाते ही वन विभाग की टीम और दारू थाना प्रभारी सफीक खान अपने दल बाल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। परिवार वालों ने सरकार से एक नौकरी और मुआवजे की मांग की। मृतक अपने पीछे दो बेटी नेहा कुमारी और निशि कुमारी वा एक बेटा तनवीर कुमार को अपने पीछे छोड चला गया। जिससे पूरे परिवार में मातम छा गया, परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। इचाक वनपाल प्रभारी विद्याभूषण ने कहा पीड़ित के परिवार को कुल चार लाख दिया जायेगा जिसमें अग्नि संस्कार के लिए घटनास्थल पर ही तत्काल 50 हजार दिया गया और आगे जो भी सरकारी प्रावधान होगा। परिवार को दिया जायेगा और ग्रामीणों को कहा जब भी हाथी आते हैं तो उनके साथ छेड़छाड़ ना करें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें। मौके पर उपस्थित राजेश कुशवाहा, मिट्ठू रविदास मुकेश, दीपक पाठक सहित सैकड़ों ग्रामीण वन विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए बिपिन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड के सांढ़ गांव निवासी युवा शिक्षाविद और पुस्तक पॉलिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवार्ड वितरण कार्यक्रम बीते 26 मई को एके इंटरनेशनल होटल हजारीबाग में एमिटी यूनिवर्सिटी रांची के द्वारा आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीइआरटी) के झारखंड समन्वयक डॉ अशोक कुमार और विशिष्ट अतिथि एमिटी यूनिवर्सिटी रांची के डिप्टी डायरेक्टर डॉ सुमित सिंह के हाथों बिपिन को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुई। विदित हो कि बिपिन विगत दस वर्षों से हजारीबाग क्षेत्र में छात्र-छात्रों के बीच क्विज, सेमिनार, करियर काउंसलिंग और शिक्षा से जुड़ी जागरूकता अभियान का आयोजन कर शिक्षा के क्षेत्र में अहम सेवा दे रहें। इन्होंने पिछले माह हजारीबाग, चतरा और कोडरमा के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित कर सफल अभ्यर्थियों के बीच तीन लैपटॉप, चार टैब, तीन मोबाइल, तीन डिजिटल वॉच सहित पंद्रह सौ अभ्यर्थियों को मेंडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन्होंने 24 वर्ष के उम्र मई 2021 में पॉलिटिकल साइंस स्कैनर नामक पांच पुस्तकों की रचना कर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर चुके हैं। इन्होंने भारत के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान से मास्टर की डिग्री प्राप्त की है। इन्होंने प्रथम प्रयास में ही नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की और वर्तमान में शोध और लेखन कार्य में सलंग्न हैं। पूर्व में भी मिल चुके हैं कई आवर्डः इससे पूर्व बिपिन को गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड-2022, राष्ट्रीय प्रतिष्ठा अवार्ड-2023, गुरू कृपाचार्य अवार्ड -2023, डॉ भीमराव आंबेडकर रत्न अवार्ड - 2023 और झारखंड का सर्वोच्च सम्मान झारखंड सेवा रत्न अवार्ड-2023 से भी सम्मानित हो चुके हैं।

चापानल खराब, लोग परेशान

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सतडीहा पंचायत के हरिजनटोला आरामुरगो में प्रसादी दास के घर के पास सरकारी चापानल लगभग डेढ़ महीना से खराब पड़ा हुआ है। भीष्म गर्मी में लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता है गाँव में नलजल पेयजल योजना चालू नहीं हो पाया है। इसी टोला में बंसी भुइयां के घर के पास भी चापानल पाइप खराब हो चुका है, दो पाइप के भरोसे हल्का-फुल्का पानी गिर रहा है। माले नेता मुन्ना यादव ने कहा पीएचडी विभाग संज्ञान में लेकर चापाकल ठीक करवायें जिससे लोगों को पेयजल की सुविधा हो सके।

सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र सोमवार को खुट्टा पंचायत गाजेडीह जाने वाली सड़क तीखा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोगों के घायल हो गये। घायल व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय सुरेंद्र यादव पिता स्व सुखदेव यादव ग्राम पोखरडीहा और सिंटू यादव 22 वर्ष पिता स्व कपिल देव यादव ग्राम सरवहना निवासी के रूप में की गयी है। दोनों पैशन प्रो मोटरसाइकिल से बासोडीह से गाजेडीह की ओर अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। रास्ते में तीखा मोड़ रहने के कारण व्यक्ति वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे मोटरसाईकिल दुर्घटना ग्रस्त हो गयी, जिससे दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सूचना पर 108 एंबुलेंस के द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने पहुंचकर दुर्घटना को लेकर पूछताछ किया।

नटराज कला केंद्र ने किया समर कैंप का आयोजन

बच्चे मौज-मस्ती के साथ सीख रहे हैं डांस के कई टिप्स

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। नटराज कला केंद्र के द्वारा माहुरी भवन में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है। बच्चे यहां पहुंचकर मौज-मस्ती के साथ-साथ कई प्रकार के डांस भी सीख रहे हैं। इस बारे में नटराज कला केंद्र के निदेशक राजेश भदानी और समर कैंप की परियोजना निदेशक अंजना भदानी ने संयुक्त रूप से बताया कि समर कैंप से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। समर कैंप बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे बच्चे नई-नई चीजों को तो सीखते ही हैं उन्हें एक-दूसरे के निकट आने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग डांस के माध्यम से बच्चे अलग-अलग राज्यों के कल्चर, वेशभूषा और पहनावा के बारे में भी जान पाते हैं। बता दें की पिछले लगभग 20 वर्षों से नटराज कला केंद्र के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जाता रहा है, जहां बच्चे धमाल मचाते नजर आते हैं। यहां बच्चों और महिलाओं के लिए अलग-अलग समय पर समर कैंप संचालित हो रहा है। समर कैंप में क्लासिकल, बॉलीवुड, जुम्बा, ऐरोविक, ब्रेक तथा फ्रॉक विभिन्न नृत्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। समर कैंप में आन्या सेठ, प्रिंस कसेरा, लक्की, परी, प्रिंस पटेल, तनमय, आश्वी कुमारी, परी कौर, चारुल कुमारी, याशिका, नव्या निशान्त, वंशिका कुमारी, ओम, देव, तृशा', वैदिक पहाड़ी, जानवी, हरप्रीत कौर प्रितयंशा कुमारी, अविका कुमारी, वेदांशी कुमारी, स्पर्श, आन्या, समीक्षा, प्रिन्सी, तृषव कपसिमें, आरव आरिनी भदानी, पार्थवी ,प्रिंसी एकघरा प्रियल, प्रवनीत, जसनीत, समृद्धि तथा सृष्टि आर्या सहित कई बच्चे धमाल मचा रहे हैं। समर कैंप का समापन 2 जून को होगा।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनी 60वीं पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि हजारीबाग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम में मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक और विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले, लोकतंत्र के समर्पित प्रहरी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और हमारे प्रेरणास्त्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू के अतुलनीय योगदान के बिना भारत का इतिहास अधूरा है। हिन्द के जवाहर की पुण्यतिथि पर उन्हें हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था कि देश की रक्षा, देश की उन्नति, देश की एकता ये हम सबका राष्ट्रीय धर्म है। ये हम अलग अलग धर्म पर चलें, अलग-अलग प्रदेश में रहें, अलग भाषा बोलें, पर उससे कोई दीवार हमारे बीच खड़ी नहीं होनी चाहिए। सब लोगों को उन्नति में बराबर का मौका मिलना चाहिए। प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा की जवाहर लाल नेहरू अद्वितीय नेता थे, उन्होंने देश के सभी वर्ग के उन्नति के लिए काम किया था। मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, रविन्द्र प्रताप सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, रेणू कुमारी, बिन्दु कच्छप, रूप कुमारी टोप्पो, कृष्णा किशोर प्रसाद, रघु जायसवाल, प्रदीप मंडल, ज्ञानी प्रसाद मेहता, जावेद इकबाल, कजरु साव, दिलीप कुमार रवि, अनिल भुईंया, बाबर अंसारी, मिथिलेश दुबे, दिनेश मेहता, मो. मुस्ताक, राम कुमार पटेल, पंचम पासवान, अरशद खान, अजित कुमार सिंह, कौशल कुमार सिंह, दीपक गुप्ता, परवेज अहमद, सदरूल होद्दा के अलावा कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

शहीद संदीप पाल की मनी पुण्यतिथि

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बीते 27 मई 2022 को लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में हुए सड़क दुर्घटना में सात जवानों की जान चली गयी थी। जिसमें हजारीबाग 32 वर्षीय संदीप कुमार पाल ने भी देश के नाम अमर बलिदानी कर गये थे। दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वही समाजसेवी किशोरी राणा ने हजारीबाग के बेटे की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा अमर शहीद संदीप पाल की तरह देश सेवा को समर्पित रहे हर युवा। अमर शहीद संदीप पाल के पिता अपने बेटों को याद करते हुए कहा कि मेरे बहादुर बेटे ने भारत मां की गोद को ही हमेशा से अपना घर माना और जीवन के अंतिम समय में भी इस गोद में समा गया। युगों-युगों तक याद रखा जाने वाला उसके कृत्य ने हमारे परिवार वालों का सर गर्व से ऊंचा रखा है। मैं अपने जीते जागते संदीप का आरती उतार रहा हूं। मौके पर निशांत कुमार, पाल प्रदीप पाल, दीपू पाल, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, जिला ग्रामीण विकास समिति से सुनील कुमार, सचिदानंद पांडेय, राजकरण पांडेय, सभी पाल समाज के सदस्य गण उपस्थित थे।

कर्णपुरा महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। कर्णपुरा महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में हिंदी विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय सूरदास के काव्य में श्रृंगार और वात्सल्य रस का वर्णन था इसकी अध्यक्षता प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने कि इन्होंने कहा कि सूरदास वल्लभाचार्य की प्रेरणा से कृष्ण की विविध लीलाओं का वर्णन किया और पुष्टिमार्ग के कवियों में स्थान बना लिया सूरदास के आराध्य कृष्ण थे। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो अनु कुमारी ने कहा सूरदास भक्ति काल के कृष्ण काव्यधारा के श्रेष्ठ कवि माने जाते हैं। सूरदास जन्मांध होते हुए भी कृष्ण की बाल लीलाओं के वात्सल्य रस के संयोग और वियोग दोनों पक्षों का मार्मिक वर्णन किये हैं। सूरदास ने माता यशोदा के हृदय की व्याकुलता, उदिग्नता, विवशता, चिंता और खिन्नता का सजीव और मार्मिक वर्णन किया है। हिंदी विभाग की प्रोफेसर ललिता कुमारी ने कहा कि महाकवि सूरदास हिंदी के श्रेष्ठ भक्त कवि थे उनका संपूर्ण काव्य ब्रजभाषा का श्रृंगार है जिसमें विभिन्न राग रागनियों के माध्यम से एक भक्त हृदय के भावपूर्ण उद्गार व्यक्त हुए हैं। छात्र-छात्राओं में पिंटू कुमार, अंजली कुमारी, अरविंद कुमार आदि ने भी सूरदास जी द्वारा रचित कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। संचालन प्रोफेसर सुरेश महतो द्वारा हुआ इन्होंने कहा कि सूरदास ने वल्लभाचार्य की प्रेरणा से कृष्ण की विविध लीलाओं का वर्णन किया। बाल वर्णन लीला के क्षेत्र में सूर अद्वितीय माने जाते हैं। सधन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर लालदेव महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो मोहम्मद फजरूद्दीन, प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो ऋतुराज दास, प्रो रंजीत प्रसाद, प्रो पवन कुमार, प्रो चंद्रशेखर राणा, सीकरी पंचायत के मुखिया प्रभु महतो, नमेधारी राम, सनवीर कुमार छात्र-छात्राओं में बबलू, रणदीप, प्रियंका, अंजली, चंचला, अरविंद आदि उपस्थित थे।

मोदी समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक

चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ की मासिक बैठक मनैया ग्राम में हुई। बैठक कि शुरुआत महराजा अहिबरन जी की जयघोष के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष सह राष्ट्रीय मोदी वर्णवाल विकास संघ के प्रवक्ता सुरेन्द्र भाई मोदी, चंदन मोदी, जिला युवा मोर्चा महामंत्री और रामकुमार मोदी थे। इस बैठक के अध्यक्ष चलकुशा प्रखंड स्तरीय मोदी बरनवाल विकास संघ के अध्यक्ष कुमार मोदी और संचालक उपाध्यक्ष नंदकिशोर मोदी ने किया। सभी अतिथियों को माल्यार्पण और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में अपने समाज में एकजुटता पर विशेष बल देते हुए समाज को आगे तक ले जाने हेतु हर समय आपके साथ हूं। इसके साथ ही हमारे समाज में राजनीतिक में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी पर बल दिया गया तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार देने का प्रयास किया जाए। प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी के सदस्यों में जो अनुपस्थित सदस्य थे उनके विषय में चर्चा किया गया कि की क्यों ना जो कार्यकारी सदस्य बैठक में अनुपस्थित रहते हैं उनके जगह पर दूसरे सदस्य को चयन किया जाये। चलकुशा प्रखंड मोदी समाज के अध्यक्ष जागेश्वर मोदी ने कहा की हमारी एकता अन्य समाज के बीच चर्चा का विषय बनते जा रहा है इसलिए हम सब एकता पर विशेष बल दें। समाज में घट रही घटनाओं पर भी विशेष रूप से चर्चा किया गया अंत में पिन्टू मोदी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त किया गया। मौके पर प्रखंड सचिव अशोक वर्णवाल, मिडिया प्रभारी शशिरंजन वर्णवाल, दीपक मोदी, पिन्टू मोदी, इन्द्रदेव मोदी, विजय मोदी, जागेश्वर मोदी, त्रिभुवन मोदी, कृष्णदेव मोदी, सीताराम मोदी, विनय मोदी, किशोर कुमार मोदी, वकील मनोज मोदी, पप्पू मोदी, कपिल मोदी, मनीष मोदी, संजय मोदी, सुनील मोदी आदि उपस्थित थे।

लकड़ी लदा टेंपो जब्त, चालक फरार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा वन विभाग के टीम ने सोमवार को छतरवार के समीप रेंजर के नेतृत्व लकड़ी का बोटा लदे टेम्पो वाहन को जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेजर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लकड़ी लोड करके टेंपो वाहन छतरवार की तरफ जा रहा था। जिसके बाद वन विभाग का गाड़ी को देखते हुए गाडी को स्पीड में भागने लगा, जहां उक्त वाहन को छतरवर रोड पर ही चालक छोड़कर भागने में सफल रहा है, इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी लकड़ी लदे टेंपो वाहन को जब्त करके कोडरमा वन परिसर लाया। गाड़ी में लदे लकड़ी कीमत लगभग एक लाख रुपया बतायी जा रही है। इधर मामले को लेकर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। मौके पर वनपाल हिरमान उरवा, दिलीप कुमार, पंकज कुमार होमगार्ड के जवान आदि लोग मौजूद थे।

विहीन प्ले स्कूल का उद्घाटन

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के बैंक ऑफ इंडिया के समीप विहीन प्ले स्कूल का उद्घाटन झामुमो के युवा नेता गौरव पटेल, समाजसेवी चेतलाल महतो, और पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौरव पटेल ने स्कूल के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि यहां बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। स्कूल में बच्चों के लिए सभी सुविधा उपलब्ध है जिसका फायदा बच्चों को मिलेगा। उन्होंने कहा की सुदूरवर्ती क्षेत्र में अंग्रेजी मीडियम स्कूल के होने से अगल-बगल के गांव के लोगों को भी लाभ होगा। कहा कि यहां बच्चों को कुछ अलग तरीके से सीखने को मिलेगा। साथ ही उपस्थित लोग स्कूल की सुविधाओं को देखकर काफी प्रभावित हुए। विद्यालय के निर्देशक मुकेश कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत नये पाठ्यक्रम के अनुरूप विद्यालय की स्थापना की गयी है। कहा कि पंद्रह जून 2024 तक विद्यालय में नामांकन नि:शुल्क है। मौके पर नीतीश पटेल, बनासो बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी, कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल, हिरामन महतो, संजय महतो बानुआर, मुकेश बंसरिआर, छोटन प्रसाद, हेमंत महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बनाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रतापपुर / चतरा । प्रखंड के रामपुर पंचायत स्थित गेड़े गांव में पिछले तीन माह से ट्रांसफॉर्मर खराब अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसे पूरे गांव में बिजली आपूर्ति बाधित है। जिसे लेकर रविवार को ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए जल्द ट्रांसफार्मर बनवाने की मांग किया है। ग्रामीण बच्चू तुरी ने बताया की ग्राम गेडे में बहुत मशक्कत के बाद बिजली व्यवस्था बहाल की गयी थी। जिसके बाद पिछले करीब तीन माह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से बिजली आपूर्ति बाधित है। उन्होंने बताया की इस गांव में लगभग दो हजार की संख्या में लोग रहते है, और यहां किसान लोग सिंचाई के लिए बिजली पर ही निर्भर करते हैं। लेकिन बिजली आपूर्ति ठप्प होने से बहुत समस्या उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों ने जल्द ट्रांसफॉर्मर बनवाने की मांग किया है। इस दौरान ग्रामीण गुलाबी देवी, राजकुमारी देवी, तेतरी देवी, जिरवा देवी, सरिता देवी, काजल देवी, मालती देवी, नीरा देवी, शांति देवी, मनिका देवी, मनोहारी देवी, मालती देवी सुकनी देवी, बुधनी देवी, सहजोगा देवी, गोली देवी, सकुंति देवी, सचु तुरी सहित कई लोग मौजूद थे।

एसपी ने की पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक, थानेदारों को चेताया

अपराध और अवैध कारोबार हुआ तो खैर नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एसपी डॉ बिमल कुमार ने सोमवार को एसपी कार्यालय के सभागार में पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक किया। बैठक में एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों से बारी बारी कर लंबित मामलों की जानकारी ली। साथ ही लंबित मामलों को अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना और ओपी में लंबित कुर्की मामले को भी निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का भी सख्त निर्देश दिया है।

अवैध कारोबार और अपराध पर कसे नकेल, सूचना मिलने पर नपेंगे थानेदार: अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने थानेदारों को सख़्त निर्देश दिया है। कहा है कि अपने अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दे। किसी भी स्थिति में अपराध अपराध नहीं करे। संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर नजर बनायें रखे। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करें। ताकि अपराधियों के मंशा पर पानी फिर सके। इधर अवैध कारोबार के मामले में भी एसपी ने थानेदारों को सख़्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं होनी चाहिए। अगर सूचना मिली तो आपलोगों पर सीधी कार्रवाई की जायेगी। इसीलिए हमेशा चौकन्ने रहे। अवैध कारोबारियों पर नजर रखकर उसकी गतिविधि पर ध्यान दे और गड़बड़ करने वालों पर त्वरित कार्रवाई करे।

बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ प्रमेश्वर प्रसाद, पतरातु एसडीपीओ वीरेंद्र राम, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, प्रो डीएसपी फैजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, मांडू थाना प्रभारी रणजीत कुमार यादव, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा नेता संदीप साहू का फेसबुक अकाउंट हैक

कुजू (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह आरा सारूबेड़ा निवासी संदीप साहू पिता डालेश्वर प्रसाद ने अपना फेसबुक अकाउंट हैक होने को लेकर साइबर क्राइम में ऑनलाइन आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि उनका फेसबुक अकाउंट जिसका आइडी लक्ष्य पॉलिटिकल @जीमेल कॉम है। वह गत 24 मई को हैक हो गया है। उनके अकाउंट से अनधिकृत गतिविधियों की रिपोर्ट हो रही हैं और गलत मैसेज भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि अकाउंट का पासवर्ड बदलने का प्रयास किया, असफल रहे। उन्होंने सनहा दर्ज कर मामले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है।

सर्पदंश से महिला की मौत

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के भुइयां सागतु गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार को साबिया देवी 45 वर्ष पति बलराम सिंह घर के बाहर आंगन के जमीन में रात को सो रही थी। इसी दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे गोमिया के एक निजी अस्पताल के ले गये। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। साथ ही गांव में शोक की लहर है। बताया गया कि मृतक महिला के दो बेटा है।

डीजल शेड पतरातू में सहायक सामग्री प्रबंधक ने दिया योगदान

पतरातू (आजाद सिपाही)। डीजल शेड पतरातू में सहायक सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार ने योगदान दिया। इस मौके पर इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन पतरातू शाखा-2 के सचिव अजीत कुमार और यूनियन के सदस्यों ने मनोज कुमार को बुके देकर स्वागत किया। पहले मनोज कुमार हाजीपुर मुख्यालय में सीडीएमएस के पद पर कार्यरत थे। उनको पदोन्नति देकर सहायक सामग्री प्रबंधक के पद पर पतरातू में भेजा गया। इस मौके पर दीपक कुमार, ओमकार चौधरी, मुन्ना रजक, पीके वर्मा, सुनील कुमार, कुश चौधरी, मिथिलेश पांडे, संदीप कुमार, रोहित राज, शिवरंजन एससी पासवान, धनंजय कुमार आदि मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में पांच घायल

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू-खलारी मुख्य सड़क मार्ग पालू पंचायत के तेतरियाताड़ में ऑटो और बाइक की टक्कर में पांच लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिंजा भवानी गांव जा रहे ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें अजय कुमार (18), रंजीत कुमार (17), प्रिया कुमारी (16), राजकुमार (6), सुमंती कुमारी (19) घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्रखंड चिकित्सालय पहुंचाया गया। प्रखंड चिकित्सालय में प्राथमिक इलाज के बाद अजय कुमार, रंजीत कुमार, प्रिया कुमारी और राजकुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर हॉस्पिटल रामगढ़ भेजा गया साथ ही सुमंती कुमारी को घर भेज दिया गया।

शिक्षाविद सुदेश कुमार हुए शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित

गिद्दी (आजाद सिपाही)। हेसालोंग गांव के निवासी शिक्षाविद सुदेश कुमार को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम होटल एके इंटरनेशनल हजारीबाग में एमिटीयूनिवर्सिटी झारखंड के द्वारा आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीइआरटी) के झारखंड समन्वयक डॉ अशोक कुमार और विशिष्ट अतिथि एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के डिप्टी डायरेक्टर डॉ सुमित सिंह थे। सुदेश कुमार नेशनल कॉलेज, अमेरिकन इंस्टीट्यूट, और नेशनल लाइब्रेरी हजारीबाग के डायरेक्टर हैं। विदित हो कि सुदेश कुमार विगत दस वर्षों से हजारीबाग क्षेत्र में छात्र-छात्रों के बीच क्विज, सेमिनार, करियर काउंसलिंग और शिक्षा से जुड़ी जागरूकता अभियान का आयोजन कर शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दे रहे हैं। इससे पूर्व शिक्षाविद सुदेश कुमार को गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड, गुरू कृपाचार्य अवार्ड, बेस्ट टीचर्स अवॉर्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं।

श्री अग्रसेन स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को मिला सम्मान

भविष्य को उजाले की ओर ले जाती है बोर्ड परीक्षा में सफलता : प्रवीण राजगढ़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, निदेशक (एकाडमिक) एसके चौधरी, प्राचार्य विवेक प्रधान, करुणा राजगढ़िया, मुख्तार सिंह और शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में सीबीएसइ 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के करीब 130 टॉपर्स विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सम्मान मिलने से हौसला बढ़ता है। बच्चों को अपने भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए। माध्यमिक और इंटर ऐसे दो पड़ाव हैं, जहां प्राप्त की गयी सफलता आपके भविष्य को उजाले की ओर ले जाती है। निदेशक (एकेडमी) एसके चौधरी ने कहा कि वर्तमान सफलता को स्थायी न मानें, बल्कि इससे भी बेहतर करने की कोशिश करें। अभिभावक का हमेशा सम्मान करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि जो परिश्रम करते ही उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और समर्पण से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। विद्यार्थी जीवन हमेशा सीखने के लिए होता है। इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद दुबे, साधना सिन्हा, रीतिका, विजय शर्मा, कुमुल कुमार, सूरज सिंह, केएल गोस्वामी, सूफियान अख्तर, जीशान अख्तर, एचके सिंह, अंकित विश्वकर्मा, संतोष कुमार, दिव्यांश कुमार, प्रकाश ओझा, सोनम खातून ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हेमतपुर और पतरातू में सरना पूजा संपन्न, मुख्य अतिथि ने कहा

सरना पूजा से झलकती है झारखंडी परंपरा

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। प्रखंड क्षेत्र के हेमतपुर और पतरातू गांव में सोमवार को सरना पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान सरना स्थल पर सभी ग्रामीण गांव के पहान के नेतृत्व में एकत्रित हुए। जिसके बाद प्रकृति की पूजा पहान के द्वारा किया गया। साथ ही खिचड़ी का भोग बनाया गया। जिसे उपस्थित सभी लोग प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा ने कहा कि सरना धर्म भारतीय धर्म परंपरा का ही एक आदि धर्म और जीवनपद्धति है। जिसका अनुसरण छोटा नागपुर के पठारी भागों के बहुत से आदिवासी करते हैं। इस धर्म के अनुयायी झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, असम और महाराष्ट्र में पाये जाते हैं। सरना धर्म का मूल आधार प्रकृति की पूजा है। सरना धर्म के अनुयायी प्रकृति में रहने वाले सभी प्राणियों को इश्वर का रूप मानते हैं। वे सूर्य, चंद्रमा, तारे, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, पेड़-पौधे, जानवरों, और मनुष्यों को इश्वर के रूप में पूजते हैं। सरना धर्म को 'आदि धर्म' भी कहा जाता रहा है। परंपरा के तहत हर साल आषाढ़ माह के शुरुआत में सरना देवता की पूजा की जाती है। सरना स्थल पर लोग एकत्रित होते हैं और सरना देवता को प्रसन्न करने के लिए भेड़, बकरा और मुर्गा की बलि दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस पूजा में केवल पुरुष ही शामिल होते हैं। मौके पर पूर्व मुखिया बजरंग महथा, मनबोध महथा, धर्मदेव रजवार, दुर्योधन महतो, बिसर्जन महतो, रंजीत महथा के अलावे पतरातू में पंसस पटेल महतो, परमेश्वर महतो, दिलीप कुमार महतो, प्रताप महतो, अजय कुमार महतो, धनंजय महतो, पंचम डोम, जयप्रकाश महतो, नंदकिशोर महतो, बंधू विद्यासागर आदि थे।

मारवाड़ी युवा मंच की मासिक बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

मारवाड़ी युवा मंच समाजिक कार्यों में समर्पित भाव के साथ कर रही है काम:आशीष

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर थाना चौक स्थित होटल स्पाइस गार्डन में मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व संचालन सचिव धीरज बंसल व कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़ ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से अप्रैल और मई माह में किये गये कार्य और मई माह के अंत तक और आगामी जून माह में क्या समाजिक कार्य किया जाये प्रमुख रहे। मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने आगे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मई माह के अंत तक स्वास्थ्य चेकअप और गौ सेवा कार्यक्रम करना है। उन्होंने कहा कि हमारे समाजिक कार्य से प्रेरित होकर मारवाड़ी युवा मंच से तीन नए युवा सदस्य जुड़े है एवं और युवा भी जुड़ना चाह रहे है। मंच के वरिष्ट सदस्य अमित अग्रवाल और वरुण बगड़िया ने कहा कि मंच में नए युवा सदस्यों का जुड़ना इस बात का संकेत है कि आज की युवा पीढ़ी समाज के प्रति जागरूक है। बैठक में मंच के सदस्य प्रदीप अग्रवाल, संतोष गोकुलका, पंकज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, रितिक परशुरामपुरीया, राकेश अग्रवाल, विजय खंडेलवाल, अमन बौंदिया, राहुल, सोनू, सुमित सरावगी आदि उपस्थित थे।

प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने उपकारा रामगढ़ का किया निरीक्षण

जेल में बंद कैदियों की समस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने सोमवार को उपकारा रामगढ़ का निरीक्षण किया। जेल के भ्रमण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश के साथ अन्य न्यायिक पदाधिकारी में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार राम, एसडीजेएम हर्षित तिवारी, डालसा के सचिव अनिल कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, जेल के अधिकारी भी मौजूद थे। प्रधान जिला जज ने निरीक्षण के दौरान जेल के कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे बाथरूम, शौचालय, साफ सफाई, स्वच्छता और पानी पीने आदि की जांच के लिए कैदी वार्ड के निरीक्षण किया। साथ ही जेल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां जेल अधिकारी जेल डॉक्टर साथ ही कई कैदी भी मौजूद थे। जिला जज ने जेल में उपलब्ध वीसी सिस्टम, ई मुलाकात सिस्टम, किचन सिस्टम, कौशल घर, महिला वार्ड आदि का भी निरीक्षण किया और जेल में रह रहे कैदियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

ट्यूशन से लौट रहे छात्र से मोबाइल की लूट

हंटरगंज (आजाद सिपाही)। प्रखंड के भोंदल गांव स्थित नागिनदाहा पुल के पास एक छात्र के साथ सोमवार को मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया गया। छात्र कोबना गांव के प्रदीप चौधरी का पुत्र रोशन कुमार है। रोशन कुमार हंटरगंज के मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर से ट्यूशन पढ़कर साइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बिना नंबर का पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आये और उससे टाइम पूछा। छात्र रोशन कुमार अपना मोबाइल में टाइम देख कर बताया। इसके बाद दोनों युवक छात्र से बात करने के लिए मोबाइल मांगा। जब छात्र रोशन कुमार ने अपना मोबाइल बात करने के लिए दिया तो दोनों युवक मोबाइल लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गया। इन दिनों इस प्रखंड में झपट्टा मार गिरोह काफी सक्रिय है। जो हमेशा लूट की घटना को अंजाम देते रहते हैं।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 2408 Dated 22.05.2024 I, Ramjan Ansari S/o- Murtuja Ansari, aged about 28 years, by faith Muslim, Resident of Address Ara Dumarbera Near Masjid Ara, P.O.- Sarubera, P.S- Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under:- 1. That my actual and correct name is **Ramjan Ansari** which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No-7455 2559 4618, and PAN Card bearing PAN No. COFPA7453G. 2. That I was previously known with same name as mentioned in my Bank Passbook Bearing **A/c no. 486910110002921**at Bank of India Sarubera Branch, but now I have changed the name/spelling in all my OVD's (Aadhar, PAN, Voter id, Passport, Driving License, and from future I will be known with the same name/spelling as mentioned in my Aadhar, PAN, Voter id, Passport, Driving License and I will not change my name again and if there persists any discrepancy/fraud due to name/spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any Liability in name change. 3. That **Ramjan Ansari** and **Md. Ramjan Ansari** both name are same and single person i.e., Myself. 4. That this affidavit is meant/required for the authority concerned at Bank for name change in my Account.

सूर्य मंदिर का 23वां वार्षिक उत्सव मना

टंडवा (आजाद सिपाही)। सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर चुंदुरु धाम में सोमवार को 23वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर पूजा अर्चना हवन कर पूणार्हुति किया गया। मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति वार्षिकोत्सव मानाने के लिये सूर्य मंदिर को विधुत साज सज्जा फूल माला से मनमोहक रूप से सजाया गया। मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष मिथलेश कुमार गुप्ता उनकी पत्नि संध्या गुप्ता यजमान बने। धर्म और आस्था के संगम चुंदुरु धाम स्थल पर टंडवा शहर के अलावे आस पास के गांवों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया और महाप्रसाद का आनंद उठाया। सूर्य भगवान की मंदिर की स्थापना सन 2001में की गयी थी। तब से हर वर्ष वार्षिकोत्सव मनाया जाता रहा है बताया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विकास कुमार गुप्ता, जयमंगल देव नायक, अनिल दास, स्देश नायक, बबलू सोनी, बिराज रजक, संजीत गुप्ता, बंसी यादव, प्रेम भगत, अनुग्रह नारायण दास, रंजीत गुप्ता, बबलू सोनी का सम योगदान रहा। इस मौके पर शिक्षक बसंत ठाकुर, अमित सिन्हा, रविन्द्र बक्शी, जीत कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्तिथ थे।

होटल में शराब पीने से मना करने पर संचालक का सिर फोड़ा

केस वापस नही लेने पर तानी रिवॉल्वर, जांच में जुटी पुलिस

दूसरे पक्ष ने होटल संचालक पर लगाया मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पतरातू बस्ती निवासी गणेश सिंह के पुत्र अमन सिंह और आदित्य सिंह के साथ बंगाली टोला निवासी अंकित यादव सहित चार पांच युवकों पर होटल में शराब पीने से मना करने पर होटल संचालक सुजीत कुमार के ऊपर कोल्ड ड्रिंक के बोतल से उसके सिर पर वार कर घायल करने का आरोप लगा है। साथ ही कांकेबार निवासी योगेंद्र महतो जब बीच बचाव में आया तो उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में रामगढ़ थाना में कोठार निवासी सुजीत कुमार पिता चेतलाल महतो ने इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इधर पुलिस में कांड संख्या 148/24 धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 324/ 427/ 379/ 506 के तहत मामला दर्ज कर नामजद आरोपितों के खिलाफ छापामारी शुरू कर दी है।

केस करने पर जान से मारने की धमकी: रामगढ़ थाना में सुजीत कुमार द्वारा दिये गये आवेदन में कहा है कि इलाज करने के बाद जब मैं रामगढ़ थाना पहुंच कर मामला दर्ज कर रात्रि में अपने होटल जा रहा था तो कोठार ओवर ब्रिज के ऊपर एक काला रंग का स्कॉर्पियो में अंकित और अमन सिंह अपने सहयोगियों के साथ मेरे बुलेट मोटरसाइकिल को ओवरटेक कर हाथ में पिस्तौल लहराते हुए मेरे ऊपर तान दिया। इसी बीच पीछे से मेरे बड़े भाई सुरेश महतो आवाज दिए तो वे लोग पटेल चौक की और भाग गया। इसके बाद पुनः वाले लोग वापस घुमा कर मेरे ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और धमकी दिया कि तुम होटल चलाया तो जान से मार देंगे।

दूसरे पक्ष में भी कराया मामला दर्ज: मामले में बंगाली टोला निवासी अमन राज पिता कृष्णा यादव ने सुजीत होटल के संचालक सुजीत कुमार पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 149/24 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कैथा और कोठार के ग्रामीणों में आक्रोश: घटना के बाद कैथा और कोठार के ग्रामीणों में इन लोगों के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, कोठार के मुखिया प्रतिनिधि सुरेश महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने रामगढ़ थाना पहुंचकर इन लोगों की गिरफ्तारी की मांग किया। मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने आश्वासन दिया कि जल्दी इन लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

क्या है मामला

जानकारी के अनुसार रविवार को समय करीब 8:00 बजे पतरातू बस्ती निवासी अमन सिंह, आदित्य सिंह और बंगाली टोला निवासी अंकित यादव एवं अन्य चार पांच युवकों ने फोरलेन स्थित सरना स्कूल के निकट सुजीत होटल में शराब और मीट लेकर आये और कहा कि इसे बना दो, इस पर होटल संचालक सुजीत कुमार ने कहा कि यहां शराब पीना माना है। इसी बात पर अमन सिंह और उनके साथ आये सभी युवक गुस्से में आ गये और गाली गलौज करते हुए कोल्ड ड्रिंक के बोतल से सुजीत पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे सुजीत का सर फट गया। इसी बीच होटल में खा रहा योगेंद्र महतो बीच बचाव करने पहुंचा तो उस पर भी हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान होटल में बिक्री के 5 हजार रुपया और एक मोबाइल इन लोगों ने लेकर भाग गया। इधर घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस में घायल सुजीत और योगेंद्र को सदर अस्पताल ले गयी जहां इसका प्राथमिक उपचार किया गया।

नियम-कानूनों की अवहेलना

गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने की खबर आ गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे हैं, लेकिन जिस तरह के हालात में ये घटनाएं हुईं, वे बताती हैं कि मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिये गये। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। जांच पूरी होने तक मामला ठंडा हो चुका होता है और फिर इस बात की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता कि रिपोर्ट का क्या निष्कर्ष रहा और उस पर किस तरह की कार्रवाई हुई। इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकर लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। क्या स्थानीय प्रशासन को इस बात का अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? दिल्ली वाली घटना में आग लगने की वजहों का पता लगाने की कोशिश हो रही है। फिलहाल स्वाभाविक ही प्रशासन की प्राथमिकता घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने पर है। लेकिन राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगने और बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नयी या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है, तो कभी कोचिंग संस्थान। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाये जा रहे थे। यह स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती। हालांकि रातोंरात इसे बदला नहीं जा सकता। न तो घने बसे इलाकों में पहले से बनी इमारतों की संरचना एक झटके में बदली जा सकती है और न ही यहां चल रही व्यावसायिक गतिविधियां पूरी तरह बैन की जा सकती हैं। इनसे हजारों लोगों की आजीविका भी जुड़ी हुई है। मगर नियम-कानूनों को हलके में लेने की आदत सही नहीं मानी जा सकती। न ही इन्हें लागू करने में किसी तरह का भेदभाव बर्दाश्त किया जाना चाहिए।

दिल्ली वाली घटना में आग लगने की वजहों का पता लगाने की कोशिश हो रही है। फिलहाल स्वाभाविक ही प्रशासन की प्राथमिकता घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने पर है।

अभिमत
आजाद सिपाही

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना 17 फरवरी 2023 को (झारखंड सरकार के अधिनियम-06, 2023) के अंतर्गत हुआ है और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 धारा 2 (एफ) एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह विश्वविद्यालय 100 एकड़ से अधिक क्षेत्रो में फैला हुआ है। इसमें स्नातक, स्नाकोत्तर एवं रिसर्च की विभिन्न पाठ्यक्रमों को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में पढाई हो रही है।

कीर्तिमान स्थापित कर रहा है बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय

प्रो एमके सिंह

स्वस्थ्य, चिकित्सा एवं उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 18 वर्षो से संचालित वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट एवं इसके अंतर्गत स्थापित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, फरठिया, गढ़वा पलामू प्रमंडल सहित पूरे झारखंड प्रांत में अपने उत्कृष्ट गुणात्मक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपना एक कीर्तिमान स्थापित किया है। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना 17 फरवरी 2023 को (झारखंड सरकार के अधिनियम-06, 2023) के अंतर्गत हुआ है और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 धारा 2 (एफ) एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह विश्वविद्यालय 100 एकड़ से अधिक क्षेत्रो में फैला हुआ है। इसमें स्नातक, स्नाकोत्तर एवं रिसर्च की विभिन्न पाठ्यक्रमों को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में पढाई हो रही है। इसमें देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल के अंतर्गत बैचलर ऑफ होम्योपैथिक, मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएचएमएस) और डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (होमियोपैथी) (एमडी होमियोपैथी) के साथ साथ बीएससी मेडिकल (माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, फार्माकोलॉजी, फिजियोलॉजी, एनाटोमी एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी), वनांचल डेंटल कॉलेज तथा अस्पताल के अंतर्गत बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस), मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी (एमडीएस), दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अंतर्गत बैचलर ऑफ एजुकेशन और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड), वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस के अंतर्गत बीएससी एमएलटी, बी फार्मा, डी फार्मा तथा वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च के अंतर्गत पैरा मेडिकल, जिसमें डीएमएलटी, ओटीटी, एक्स-रे टेकनीशियन, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी (इसीजी), ड्रेसर संचालित हो रहा है। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में नये पाठ्यक्रम की पढाई प्रारंभ की जा रही है, जिसमें बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (साइबर सुरक्षा), कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस), डिप्लोमा एन इंजीनियरिंग में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, लाइब्रेरी साइंस में बैचलर और लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस तथा मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस, प्रबंधन में एमबीए एवं बीबीए, सूचना प्रौद्योगिकी में एमसीए एवं बीसीए का संचालन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीआइ) की अनुमति उपरांत की जा रही है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 से आइटीआइ कोर्स के अंतर्गत ड्राफ्टमैन सिविल, फिटर, वेल्डर, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग, मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल, फैशन डिजाइनिंग और कंप्यूटर ऑपरेशन और प्रोग्रामिंग भी शामिल है। गढ़वा जिले के लिए यह काफी हर्ष का विषय है कि होम्योपैथिक एंड डेंटल साइंस में स्नाकोत्तर स्तर, जिसमें एमडी (होमियोपैथी) एवं एमडीएस की पढाई यहां से हो रही है, जो झारखंड प्रदेश में कही नहीं है। साथ में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्लेसमेंट सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में हो रहा है। डेंटल साइंस में एमडीएस एवं होम्योपैथिक से एमडी (होमियोपैथी) विषयों के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं द्वारा झारखंड सहित अन्य राज्यों में अपना निजी क्लीनिक स्थापित कर दंत चिकित्सा एवं होम्योपैथिक क्षेत्र में गत कई वर्षो से एक अच्छे दंत विशेषज्ञ एवं होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से विश्वविद्यालय का विकास निरंतर हो रहा है। इस विश्वविद्यालय के प्रथम एवं संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले वर्षो में विश्वविद्यालय में नयी शिक्षा नीति 2020 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अनुमोदित ऐसे सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करेगा, जिसमें झारखंड प्रदेश के छात्र/ छात्राओं सहित अन्य राज्यों के भी छात्र/छात्राएं भी लाभान्वित होंगी। साथ ही विश्वविद्यालय में छात्र का सर्वांगीण विकास के लिए तथा नये-नये शोध एवं शोध पत्रिकाओं का प्रकाशन के अतिरिक्त खेलकूद पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। आगामी शैक्षणिक सत्रों में वाणिज्य, कानून (लॉ), सामाजिक विज्ञान, योगा एवं एमबीबीएस पाठ्यक्रमों को भी प्रारंभ किया जायेगा। साथ ही छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप एवं संस्कारयुक्त शिक्षण एवं प्रशिक्षण के साथ शिक्षा प्रदान की जायेगी।

विश्वविद्यालय परिसर में इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए 100 एकड़ से अधिक हरे भरे परिसर में पहले से ही आधारभूत संरचना उपलब्ध है। जिसके निगरानी के लिए 24 X 7 सीसीटीवी कैमरा, छात्र-छात्राओं को परिसर में रहने के लिए छात्रावास की व्यवस्था, 500 सीटों की बैठने वाले सुसज्जित सभागार, परिवहन के लिए बस की सुविधाएं, कैंटीन, जर्नल स्टोर, सुसज्जित अतिथि गृह, आधुनिक प्रयोगशाला, केंद्रीय पुस्तकालय, कैंपस में वाईफाई की सुविधाएं के साथ साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 क्रियान्वयन के लिए अनुभवी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी है। विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में गुणात्मक शिक्षा, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं योग्य कुशल शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान से बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, झारखंड राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नयी पहचान बना रही है।

(लेखक बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के कुलपति हैं।)

वश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में गुणात्मक शिक्षा, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं योग्य कुशल शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान से बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, झारखंड राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नयी पहचान बना रही है।

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से विश्वविद्यालय का विकास निरंतर हो रहा है।

जमशेदपुर की खबरें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बेहतर मतदान प्रतिशत की प्रशंसा की, मतदाताओं का जताया आभार

छठे चरण के चार लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा जमशेदपुर में मतदान, नए मतदाता जोड़े, स्वीप कार्यक्रम का दिखा असर

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव 2024 में 09-जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई। सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मतदान पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा उमस गर्मी में भी ईवीएम से लगभग 68% मतदान होना पूरे जिलावासीओ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा पोस्टल बैलेट में भी लगभग 97% लोगों ने मतदान किया। वही होम वोटिंग में लगभग शत प्रतिशत मतदान हुआ है। सभी को जोड़ने से आंकडा 70% के करीब रहेगा। जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीते 2019 के चुनाव से 1,65,999 नए मतदाता जोड़े गए। उन्होने पूरे चुनावी प्रक्रिया में बेहतर सामंजस्य व सहयोग के लिए सभी सहायकों,कर्मचारियों, लिपिक से लेकर ब्लॉक, अनुमंडल,वरीय अधिकारियों सहित सभी मतदाताओ को बधाई दी। उन्होंने कहा सभी मुख्य चौक चौराहों पर जिला प्रशासन द्वारा बनाये गए लोकतंत्र गीत को लोगों ने सुना, एक महापर्व का माहौल बनी रही। पूरे झारखंड में दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए सर्वाधिक 1100 से ज्यादा व्हील चेयर उपलब्ध कराये गए। शहरी क्षेत्र में 30+ थीम मे इसरो,विज्ञान, पीभीटीजी बूथ,मिट्टी व बांस की घड़ों, क्लीन एनर्जी, मंडप, मृदा संरक्षण, इन्द्रधनुष, भारतीय सेना, झारखंड जनजातीय संस्कृति, ईको फ्रेंडली बूथ विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

योजनाबद्ध स्वीप के कार्यक्रम से बढ़ी मतदाताओं तक पहुंच

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कई स्तर पर प्रयास किया गया।बीएलओ ने घर-घर मतदाता सूचना पर्ची वितरण कर भी मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।स्कूलों में अभिभावक व शिक्षक संवाद,ग्राम सभा, स्कूली बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधि आयोजित की गई। छठे चरण में लोकसभा चुनाव झारखंड के 04 लोकसभा क्षेत्र (धनबाद, गिरिडीह, जमेशदपुर और रांची) में सबसे ज्यादा मतदान कुल 67.68 प्रतिशत जमशेदपुर का रहा है। मतदान प्रतिशत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बेहतर मतदान प्रतिशत पर की प्रशंसा करते हुए सभी मतदाताओं का आभार जताया।

मऊभंडार के सदस्यों की ओर से लगातार तीसरे वर्ष श्री श्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। श्री श्याम परिवार मऊभंडार के सदस्यों की ओर से लगातार तीसरे वर्ष श्री श्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत सोमवार को बाबा के निशान यात्रा से हुई। श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने शिव मंदिर मऊभण्डार से दाहिगोड़ा सर्कस मैदान तक सोमवार की शाम पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ श्याम बाबा का निशान यात्रा निकाला। सैकड़ों की संख्या में श्री श्याम परिवार की महिलाएं-पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा धारण किए हाथों में बाबा श्याम का निशान लेकर चल रहे थे। भव्य निशान यात्रा के सबसे आगे बाबा श्याम की खूबसूरत पालकी और इसके पीछे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों में झूमते हुए चल रहे थे। श्याम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गीत-संगीत की धुन पर श्याम भक्तों ने रास्ते पर खूब नाच-गान किया। दाहिगोड़ा सर्कस मैदान स्थित श्याम दरबार पहुंचकर निशान यात्रा सम्पन्न हुई। सभी भक्तों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को अखण्ड ज्योत, श्रृंगार दर्शन, भजन संध्या, छप्पन भोग एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।

सोनारी एमबी ज्वेलर्स डकैती कांड को लेकर जमशेदपुर के एसएसपी से मिले विजय आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत ऐरोड्रम बाजार के पास स्थित एमबी ज्वेलर्स में तीन अपराधियों ने लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था। लोकतंत्र के महापर्व के बीच पुलिस को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं जमशेदपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर के एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम) किशोर कौशल से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर उनसे यथाशीघ्र अपराधियों को पकड़ने एवं माल बरामदगी, लूट की घटना का उद्भेन करने की मांग की। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि चुनावी माहौल के बीच इतने बड़े घटना को अंजाम देना पुलिस को बड़ी चुनौती देने का काम अपराधियों द्वारा किया गया है। उन्होंने एसएसपी से जल्द इस संदर्भ में घटना का उदभेदन करने एवं बाजारों में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग रखी। एसएसपी किशोर कौशल में उपस्थित प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला पुलिस अपराधियों को पकड़ने में लगी हुई है। कई संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर बदमाशों के लोकेशन का पता लगाया जा रहा. एक टीम का गठन करके आरोपियों के तलाश में उन्हें बिहार रवाना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जिला पुलिस गंभीर है। जल्द ही लूटकांड का उदभेदन कर शामिल लोगो को जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और उन्होंने आशा जताया कि जल्द ही जिला प्रशासन माल भी बरामदगी करेगी।

मॉल कर्मी का अपहरण कर सिर मुंडवाया पीड़ित के परिजनों ने मॉल पहुंच किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बिष्टुपुर के एक मॉल के कर्मी का अपहरण कर सिर मुंडवाने, मारपीट करने व रंगदारी मांगने का घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित युवक के परिवार वालों ने मॉल पहुंच करके हंगामा किया। मॉल के मेन गेट को बंद करने की कोशिश की। बिष्टुपुर पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। साथ ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। सूचना के मुताबिक घटना रविवार दोपहर की है। पीड़ित युवक मो साहिल और आरोपी रवि कुमार यादव एक ही मॉल में काम करते है। बीते दिनों साहिल ने रवि को ड्यूटी के दौरान किसी युवती के साथ देख लिया और इसकी शिकायत मॉल प्रबंधन से कर दी। शिकायत पर मॉल प्रबंधन ने रवि के खिलाफ कार्रवाई की थी। साहिल की शिकायत से नाराज होकर रवि ने अपने एक दोस्त के साथ रविवार को मॉल से ही साहिल का अपहरण कर लिया। उसे लेकर सभी बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के घाघीडीह मैदान के पास पहुंचे। वहां पर रवि ने साहिल के साथ मारपीट की और रंगदारी मांगी। फिर साहिल का सिर मुंडवाकर उसे जुगसलाई में छोड़ दिया. जब इसकी जानकारी साहिल के परिजनों को मिली तो सभी मॉल पहुंच गए और आरोपी रवि पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने कार्रवाइ करते हुए रवि को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद लोग शांत हुए। पुलिस ने साहिल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर रवि को जेल भेज दिया।

मायुमं की टाटानगर अचीवर्स शाखा ने दो स्थानों पर की अस्थायी अमृतधारा की स्थापना

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच की टाटानगर अचीवर्स शाखा की ओर से सोमवार, 27 मई को काशीडीह स्थित बालाजी प्लाइवुड के बाहर वर्ष 2024-25 की छठी और साकची गोलचक्कर के पास ऑटो स्टैंड स्थित साईं मंदिर में सातवीं अस्थाई अमृतधारा की स्थापना की गयी। स्व बाबूलाल सरायवाला, स्व अनिल अग्रवाल, और स्व राजकुमार लाठ की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों की ओर से और सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष उमेश कांवटिया के सौजन्य से उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, सचिव विजय सोनी, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, मेघा चौधरी, प्रणय अग्रवाल आदि ने अहम भूमिका निभाइ।

साहित्यकार राजीव भारद्वाज और पत्रकार लव दुबे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। साहित्यकार राजीव भारद्वाज और पत्रकार लव दुबे को 25 मई 2024 को ग्लोबल इंटरनेशनल फाउंडेशन और राष्ट्रभाषा हिंदी सेवा के संघ के माध्यम से डॉक्टररेट उपाधि प्रदान की गयी।

यह उपाधि उन्हे उनके हिंदी के क्षेत्र में किये गये कार्य और राजभाषा हिंदी के तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दों के अन्वेषण और भारतीय भाषाओं के लिए किये जा रहे समाज कार्य के लिए है।

भारतीय भाषाओं में प्रचार-प्रसार में सोशल मिडिया के माध्यम से जनजागृति की है। विज्ञान प्रचार-प्रसार, राजभाषा हिंदी, राष्ट्रभाषा हिन्दी, शब्द अनुसंधान, मायबोली, नारी शक्ति, हिंदी व्यंग आदि पर व्यापक प्रसार में महती भूमिका पर प्रदान की गयी है।

उनकी इस सेवा और कार्य को देखते हुए ग्लोबल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट मानद उपाधि से अलंकृत किया है। 25 मई को हैदराबाद में इन्हें सम्मानित किया गया।

लायंस विशाल ने शोक सभा का आयोजन कर दुर्घटना में मारे गये प्रशिक्षु डॉ को श्रद्धांजलि दी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजन क्लब कार्यालय गढ़वा में किया गया। अध्यक्ष डॉ कमलेश ने कहा कि हमारे क्लब के ला० वेंकटेश्वर नारायण के 28 वर्षीय पुत्र डॉ अभिषेक कुमार की एक्सीडेंट में अकास्मिक मृत्यु हो गयी, जो हम लोगों के साथ साथ गढ़वा पलामू के लिए एक बहुत बड़ी छती हुई। क्योंकि डॉ अभिषेक अपनी काबिलियत के बल पर बहुत कुछ करने की जज्बा लेकर चिकत्सक बने थे, लेकिन ईश्वर कि आगे किसी की भी नहीं चलती। आखिर में हम सब ने एक होनहार डॉ को खो दिया। आज हम सभी लायंस विशाल परिवार के नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा कि शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। इसके साथ ही लायंस इंटरनेशनल के प्रोजेक्ट के तहत फुड फॉर हंगर कार्यक्रम में लायंस क्लब द्वारा गोद लिये हुए टीबी मरीजों के बिच हर महीने दी जाने वाली पौष्टिक आहार का वितरण भी किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में डॉ आर एन एस दिवाकर, डॉ यासीन अंसारी, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ एन के रजक, डॉ यूएन बरनवाल, डॉ एस के विश्वकर्मा, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, सफदर अली खान, नन्दलाल प्रसाद, रघुवीर प्रसाद कश्यप, क्लब पीआरओ शौकत खान आदि उपस्थित।

जन चेतना मंच के कोर कमेटी सदस्यों की बैठक संपन्न

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सामाजिक संगठन जन चेतना मंच के कोर कमेटी सदस्यों की बैठक पवन कुमार केसरी की अध्यक्षता में नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में मंच के मुख्य संरक्षक सह भाजपा नेता सूरज गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया जबकि मुख्य अतिथि सूरज गुप्ता ने मंच द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि जन-जन के दुख-सुख का भागीदार यह मंच बने और पिछड़ा, दलित, आदिवासी तथा वंचित समाज में शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चेतना जगाने में महती भूमिका निभायें ऐसी मेरी शुभकामना है। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर यह सामाजिक संगठन अच्छे और प्रभावशाली ढंग से काम करके गरीबों का दिल जीत सकता हैं। मंच के अध्यक्ष पवन कुमार केसरी ने कहा कि गैर राजनीतिक संगठन के रूप में यह मंच समाज के सभी वर्गों के बीच अपनी सार्वजनिक गतिविधियों से लंबी लकीर खींच कर सेवा भाव की भावना जागृत करेगी। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में के० के० मेहता, रामलाल भुईहर, मनोज गुप्ता, प्रदीप कुशवाहा, बाबूलाल यादव, संदीप, चंचल, संतोष, अरूण सहित कई लोग उपस्थित थे।

डीडीसी ने पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को गढ़वा डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रखंड कर्मी के साथ साथ सभी पंचायत के मुखिया शामिल रहे। बैठक में मुख्य रूप से प्रधान मंत्री आवास, अबुआ आवास, मनरेगा योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गयी। जिसमें कुछ योजनाओं में धीमी गति पर असंतोष जताया और संबंधित विभाग के लोगों को एक सप्ताह में कार्य को प्रगति पर लाने का निर्देश दिया। क्षेत्र में पानी की समस्या पर हो रहे नल जल योजना में सुस्ती के बारे में पूछे जाने पर बताया कि पीएचईडी विभाग इस पर अपना संबंधित एजेंसी से कार्य कर रही है, ऐसे जहां पानी की ज्यादा समस्या है, उन जगहों पर 15वें वित्त से हैंडपंप की मरम्मति कार्य के लिए बीडीओ को बोल दिया गया है, तथा जहां पानी की ज्यादा समस्या हो, वैसे जगहों पर टैंकर से पानी मुहैया कराने को बोल दिया गया है। डीडीसी से झगराखांड के समाजसेवी नित्यानंद पाठक ने आवेदन देकर क्षेत्र में पानी की समस्या के बारे में जानकारी देते हुए जलनल योजना में तेजी लाने और हैंडपंप की मरम्मति करने की मांग किया। इस पर डीडीसी ने बीडीओ को संबंधित मामले में जांच करने का आदेश दिया। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम, बीपीओ दयानंद प्रजापति सभी पंचायत के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया, उप मुखिया उपस्थित थे।04

दाह संस्कार में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल

रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका महिला मोर्चा प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी के पुत्र के दाह संस्कार में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित कई नेता, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार को दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। इस मौके पर वरिष्ठ झामुमो नेता प्रकाश चंद्र पाठक उर्फ भंडुल, जिला युवा अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अग्निवीर में बहाली के लिए छात्रों को दी गयी जानकारी

सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज मेंअग्निवीर वायु कार्यक्रमकी जानकारी एनसीसी के छात्र-छात्राओं को विस्तृत दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में सोमवार को अग्निवीर वायु कार्यक्रम के तहत इंडियन एयर फोर्स में म्युजिशियिन पद पर सेलेक्शन के लिए एनसीसी के छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस संबंध में सार्जेंट प्रदीप सिंह, सार्जेंट हिमांशु कंडारी (दस एयरमैन सेलेक्शन सेंटर बिहटा) ने बताया कि अग्निवीर वायु अंर्तगत म्युजिशियिन पद पर सेलेक्शन किया जाना है। इसे लेकर आज इस महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। योग्य उम्मीदवार इंडियन एयर फोर्स के ऑफिसियल वेबसाईट पर जाकर ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते है। इंडियन एयर फोर्स की इस रैली में शामिल होने के लिए योग्य उम्मीदवारों को पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की तिथी 22 मई से 05 जून 2024 तक है। ऐसे में जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए आवेदन करना चाहते है, वह इसके अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर ले। उन्होने बताया कि अग्निवीर वायु (म्यूजिशियन) पदों के लिए वहीं उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं जो अविवाहित हैं और उम्मीदवार ने किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं की परीक्षा में सफलता हासिल की हों। उम्मीदवारों को म्यूजिक की समझ होनी चाहिए। उम्मीदवारों को टेंपो, पिच और गायन में सटीकता के साथ संगीत में दक्षता होनी चाहिए। इसी के साथ उम्मीदवारों को वाद्ययंत्र का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। इसी के साथ उम्मीदवारों को फ्लूटयनी बांसुरी/पिकोलो, ओबो, शहनाई आदि की समझ होनी चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के एनसीसी के प्रभारी प्रो. धीरेंद्र कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले : चेंबर अध्यक्ष

चेंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर इकाई का फैंसी मैरेज गार्डेन में चेंबर महिला संगठन का सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। चेंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर इकाई का फैंसी मैरेज गार्डेन में चेंबर महिला संगठन का सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संरक्षक राम प्रसाद, धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, उदय जायसवाल, शमीम खान के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सम्मेलन में वैसे 10 महिलाएं जो आर्थिक स्थिति से कमजोर होते हुए भी अपनी व्यापार और सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहतीं हैं, उन्हें चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा शाल तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद चेंबर महिला टीम का संगठित करने हेतु चेंबर महिला संयोजक, संगीता कुमारी तथा सह संयोजक लवली आनंद सहित 20 महिलाओं को संघटन में स्थान दिया गया। उक्त अवसर चेंबर अध्यक्ष शंभू सौदागर ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित की गयी थी, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। मंच का संचालन चेंबर उपाध्यक्ष ह्रदयानंद कमलापुरी ने किया। उक्त अवसर पर सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, मानद सदस्य डॉक्टर धर्म चंद लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, सह सचिव छोटू रंजन, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य, बिनोद कांस्य कार, दिलू चौबे, चंद्र प्रकाश, मिक्की जायसवाल, राजीव सोनी, रूपेश, राकेश, शालू, आनंद, रमेश कुमार, बिरेंद्र कुमार, बिरेंद्र सत्यम, गोपाल प्रसाद, अरुण सहित काफी संख्या में महिलाएं और व्यवसायी उपस्थित थे।

शिवमंदिर की भूमि का सीमांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड मुख्यालय स्थित पोखरा यज्ञशाला के पास स्थित शिवमंदिर की भूमि की सोमवार को सीमांकन किया गया। पंचायत मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार के नेतृत्व में खाता संख्या 155 प्लॉट संख्या 308 में स्थित शिव मंदिर की भूमि का मापी किया गया। मापी कर मंदिर की 18 डिसमिल जमीन को सार्वजनिक रूप से कब्जे में किया गया। सोमवार को यज्ञशाला के पास स्थित शिवमंदिर की अतिरिक्त भूमि की मापी किया गया। मापी कर 18 डिसमिल भूमि निकाला गया। हाल सर्वे में पंजी दो में शिव मंदिर के नाम पर 21 डिसमिल जमीन अंकित है, जबकि नक्शा 18 डिसमिल का ही काटा गया है। अतः नक्शा के आधार पर ही जमीन की मापी संपन्न हुआ। भूमि की मापी करते समय कांडी बाजार के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मंदिर की भूमि की मापी कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार के प्रयास से संभव हुआ। मापी के पश्चात वहां उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में यह निर्णय लिया कि निकाली गयी उक्त भूमि पर चाहरदीवारी होना अति आवश्यक है, ताकि मंदिर की सुरक्षा बनी रहे और अन्य कार्यों को करने के लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त जगह रहे। वहीं पंचायत के मुखिया ने पंचायत के सभी ग्रामीण जनता से आग्रह किया है कि बाउंड्री निर्माण कार्य में जो खर्च आये उसे सभी कोई मिलकर अपने हाथों पर उठा लें ताकि बाउंड्री निर्माण आसानी पूर्वक किया जा सके। अतः सभी ग्रामीण जनता से आग्रह किया है कि सभी कोई इस कार्य में खुलकर सहयोग करें। उसके पश्चात कांडी मुख्य बाजार के लोगों ने खुल कर सहयोग करना शुभारंभ कर दिया।

मंदिर परिसर की भूमि मापी करते समय अमीन सुदर्शन राम, पूर्व मुखिया दामोदर प्रसाद, शिव सिंह, बाबूलाल प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, राजेश प्रसाद, उदय राम, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा बारी, जेपी सोनी, वार्ड सदस्य विनोद मेहता, तबरेज आलम, पंकज, गुड्डू, शशि, गोपाल, मुरली, भोला, उप मुखिया दिलीप राम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

आंगनबाड़ी सेविकाओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक में सीएफएल सेंटर कोऑर्डिनेटर के द्वारा वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी। बैठक में मुख्य रूप से सीएफएल सेंटर कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा के द्वारा उपस्थित लोगों को नियमित बचत, बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के साथ-साथ साइबर क्राइम और फ्रॉड कॉल के तौर तरीके और इससे बचने के उपाय बताया गया। मौके पर आरबीआई द्वारा जारी टोल फ्री नंबर को भी उपलब्ध करवाया गया ताकि किसी भी समय इसी तरह के साइबर क्राइम या फ्रॉड कॉल जैसे घटना घटने के बाद टोल फ्री नंबर का उपयोग कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

संस्कार और अनुशासन पूर्ण शिक्षा ही सफल जीवन का आधार : अलखनाथ

बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र किये गये सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आरके पब्लिक स्कूल सोनपुरवा गढ़वा में आज सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में स्कूल के उत्तरोत्तर विकास की बात करते हुए कहा कि स्कूल अपने स्थापना काल से ही अनुशासन और संस्कार युक्त शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा है। इसी का परिणाम है कि आज स्कूल के छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है। परिवार के साथ-साथ समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। आज स्कूल से शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राएं आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य उंचे पदों पर देश ही नहीं, विदेशों में भी अनेक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। गढ़वा जिले में अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई से मान्यता प्राप्त पहला स्कूल आज अपनी सफलता के परचम लहरा रहा है। इसका पूरा श्रेय उन्होंने शिक्षकों के मेहनत, कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि आपके जीवन में तरक्की का पूरा श्रेय आपके शिक्षक और माता-पिता का है। इसका आप ध्यान रखें और सम्मान के साथ उनका ख्याल करें। कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के मेहनत का परिणाम है स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय और सम्मानित छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं

दसवीं बोर्ड टॉपर्स :- वकास खान, शोभित कुमार, एमडी शम्स परवेज, अद्रिका पटनायक, एकता कुमारी, अनिकेत कुमार, आशिया अख्तर, दिव्यांशु कुमार, अदिती कुमारी, शिवम सिंह, अभिषेक कुमार, श्रेष्ठा राज, अमन तिवारी, आयुषीदीप, वैभव पांडेय, वैष्णवी केशरी, रुद्रांश कुमार, नंदनी गुप्ता, एरम तबस्सुम।

बारहवीं बोर्ड के टॉपर्स :- सत्यम कुमार, स्मिता कुमारी, वैष्णवी जयसवाल, अभिषेक कुमार, श्रेया श्रुति आदि के नाम शामिल हैं।

झगराखांड आंगनबाड़ी सेविका निर्मला देवी का निधन

फाइल फोटोः निर्मला देवी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनसानी पंचायत के झगराखांड आंगनबाड़ी सेविका निर्मला देवी का निधन रविवार की शाम अपने आवास में हो गयी। निधन की सूचना मिलते ही लोगों ने मृतका के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार झगराखांड शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नी पति गोकुल पासवान ने दी। सेविका की निधन की सुचना मिलते ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, भाजपा नेता निरंजन पाठक, शशिकांत पासवान, चेतन पासवान, नीतीश पासवान, माणिकचंद पासवान, रामप्रवेश पासवान, कमलेश पासवान, जोखू राम, मनोज पासवान, अनोज, विष्णुकांत, अंजनी, दयाशंकर यादव, कामेश्वर ठाकुर, जनक राम आदि मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बांधाया।

प्रमुख चंद्रावती देवी ने मनरेगा की छोटी योजनाओं को शीघ्र चालू करने के लिए दिया डीडीसी को आवेदन

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा को आवेदन देकर प्रखंड क्षेत्र में नयी योजनाओं को स्वीकृति दिलाने की मांग की है। आवेदन में केतार प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार माह से मनरेगा की छोटी छोटी योजनाओं को पूरी तरीके से बंद कर दिये जाने का उल्लेख किया गया है। आवेदन में प्रमुख चंद्रावती देवी ने मनरेगा योजना मेडबंदी, टिसीबी, समतली करण जैसी छोटी-छोटी योजनाओं को बंद रहने के प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों के काफी मनरेगा मजदूर पलायन करने का जिक्र किया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जो योजना पूर्व से संचालित है, उनमें भी पदाधिकारी के द्वारा कोई तरह के नियम कानून लगाकर तथा जांच और एफआईआर की धमकी दिया जा रही है। जिसके कारण लाभुकों को मनरेगा योजनाओं का मोह भंग होते होते जा रहा है। जिसके कारण लोग प्रखंड कार्यालय आना बंद कर दिये हैं। प्रमुख ने उप विकास आयुक्त को आवेदन के माध्यम से पलायन में हो रही भयंकर वृद्धि को रोकने के लिए मनरेगा से संचालित छोटी योजनाओं को शीघ्र चालू करने की मांग की है।

मुखिया ने श्राद्ध कार्य के लिए किया सहयोग

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी रामचंद्र वियार की माता की श्राद्ध कार्य के लिए मुखिया मूंगा साह ने 50 किलो आटा सहित आर्थिक सहयोग किया। मृतक काफी बुजुर्ग हो जाने के कारण पिछले दिनों घर पर ही मृत्यु हो गया था। इस मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, ओम नारायण साह, हीरामन साह, रमेश बियार, रामनाथ बियार, अंगद गुप्ता, सुनील बियार, कैलाश वियार, सुखाड़ी वियार, अरविंद गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कण-कण में बसे हैं प्रभु श्री राम : गौरीश जी महाराज

मेराल (आजाद सिपाही)। संकटमोचन हनुमान मंदिर अकलवानी का 11वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया। श्रीराम कथा से पूर्व संकट मोचन मंदिर में हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। इसके बाद कथा वाचक अयोध्या से पधारे गौरीश पांडेय जी महाराज ने समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच भगवान श्री राम का वर्णन करते हुए कहा कि वह तो कण-कण में विराजमान है। इसके पूर्व उन्होंने प्रभु के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों में शुरू से ही अच्छे संस्कार डालने चाहिए। भगवान श्रीराम के बारे में बताना चाहिए की श्री राम कौन थे और उन्हें क्यों वनवास जाना स्वीकार किए थे। श्री महाराज ने कहा कि प्रत्येक प्राणी का प्रथम गुरु सर्व शक्तिमान परमात्मा होता है। दूसरा गुरु मां-बाप तथा गुरुजन तीसरा गुरु होते है। इसलिए सभी को प्रातः जागते ही प्रभु का स्मरण करने के बाद माता-पिता तथा गुरुजनों को प्रणाम करना चाहिए। मुख्य यजमान के रूप में आयोजन कर्ता धनंजय मिश्रा सपरिवार शामिल रहे जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विजय मिश्रा, संतोष मिश्रा, पुष्कर मिश्रा, रामनाथ मिश्रा, विनोद मिश्रा मिश्रा परिवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी कथा में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।

भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

इलाज कराते विष्णु देव प्रजापति

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार प्रखंड कार्यालय के समीप भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुईं मारपीट में परती निवासी विष्णु देव प्रजापति, मुनिलाल प्रजापति दोनों सगे भाई घायल हो गये हैं, जबकि गंभीर रूप से घायल विष्णु देव प्रजापति को गढ़वा रेफर कर दिया गया है। परती निवासी विष्णु देव प्रजापति व मुनिलाल प्रजापति दोनों सगे भाई का भूमि विवाद अपने पटिदार रामलाल प्रजापति वगैरह से चल रहा था। सोमवार को अंचल कार्यालय में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। मुनिलाल प्रजापति ने बताया कि रामलाल प्रजापति वगैरह जबरन हमारे जमीन पर घर बना रहा है। जिसका आवेदन अंचल कार्यालय में पूर्व में दिया गया था। आज इसी संदर्भ में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। हम दोनों भाई अंचल कार्यालय पहुंचे की, दूसरे पक्ष से रामलाल प्रजापति, जगन्नाथ प्रजापति, लखन, बबलू, मनोज प्रजापति ने हम दोनों भाईयों पर हमला कर पिटाई कर दिया। 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा ईलाज के बाद गंभीर रूप से घायल विष्णु देव प्रजापति को रेफर कर दिया गया है।

बरवाडीह में भाभी के लिए पत्नी की हत्या प्रेमिका के साथ युवक भी हुआ गिरफ्तार

प्रेम प्रसंग में पति और भाभी ने ही हत्या किया था : अंजनी अजंन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार/ बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहार थाना क्षेत्र के गुआ गांव में मुनीता देवी हत्या कांड मामले मे मृतक मुनीता देवी के पति मनरूप सिंह और मृतक की गोतनी कलावती देवी उर्फ सुनैना देवी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। सोमवार को लातेहार मे प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि छिपादोहार थाना क्षेत्र के गुआ गांव मे पिछले दिनों मनीता देवी की हत्या कर फांसी का रूप दिखाया गया था।

एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा छापेमारी कर मृतिका मुनीता के पति मनरूप सिंह कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अपनी पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा की हत्याकांड मे मृतक मुनीता देवी के पति मनरूप सिंह और मृतक कि गोतनी कलावती देवी उर्फ सुनैना देवी ने दोनो मिलकर दुपट्टा से गला घोट कर हत्या कर दिया और उसी दुपट्टा को फंदा बनाकर घर के पटवट मे टांग कर फाँसी लगाने का रूप दे दिया। उन्होंने बताया कि मृतक मनीता के पति मनरूप सिंह और कलावती देवी (दोनो देवर भाभी है) में पिछले दो वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतिका मुनीता ने अपने पति मनरूप सिंह और कलवाती देवी को कई बार आपत्तिजनक स्थिति मे देख ली थी और उसका विरोध करती थी। जिस कारण मृतिका के पति अपने भाभी के साथ प्रेम प्रसंग मे रोड़ा बन रही पत्नी को रास्ते से हटाने की योजना बना कर हत्या कर दिया। अभियुक्त मनरूप सिंह और कलावती देवी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। वही पुलिस ने हत्या मे उपयोग मे लाए हरा रंग का एक खुन लगा दुपट्टा बरामद दिया है। छापेमारी दल मे पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार और आई आर बी- 01,और सैट- 143 शस्त्र बल मौजूद थे।

लोहरदगा-गुमला मुख्य सड़क पर बहता है नाले का पानी, कचरा जमा

सड़को पर नाली का गंदा पानी आने से लोगो का जीना हुआ दुस्वार

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्वयंभू महादेव शिव मंदिर के मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। यहां की सड़कों पर नाले का गंदा पानी जमा रहता है । जिससे आस पास के लोगों का जीना दुस्वार हो गया है। इस मार्ग पर आगे एक लोहरदगा जिले का ऐतिहासिक शिव मन्दिर, एक विद्यालय व नर्सिंग होम भी है। लोगों का कहना है कि सड़क का यह हाल पिछले 3 सालों से ऐसा ही है और नगर निगम में शिकायत दर्ज करने पर भी इसे लेकर कोई कारवाई नहीं की गई है। यह मार्ग लोहरदगा जिले के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पावन एक्का के घर को भी जाता है। बावजूद इस सड़क की दयनीय स्थिति को सुधारने का कोई सकारात्मक प्रयास नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि नाले की बदबू के वजह से उनका हाल बेहाल रहता है तथा नाले में पनप रहे कीड़े मकोड़े और जानलेवा मच्छरों के वजह से बीमारियां फैलने की भी खतरा है। साथ ही साथ आये दिन यहाँ दुर्घटना भी होती रहती है। कभी विद्यालय जा रहे बच्चे नाले मे गिर जाते है तो कभी कोई बुजुर्ग अपना संतुलन खो कर इसके शिकार होते रहते हैं। फिलहाल इस मामले में नगर परिषद प्रशासन पूरी तरह से उदासीन रवैया अपना रहा है जिस कारण लोग समस्या से जूझ रहे हैं।

लड़की की गुमशुदगी का दिया आवेदन

भंडरा (आजाद सिपाही)। नतनी की गुमशुदगी को लेकर नाना ने भंडरा थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित नाना उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो टंगरा टोली ग्राम के कंचन महली ने थाना में अपने गुमशुदा 12 वर्षीय नतनी आशा कुमारी को तलाश करने की गुहार लगायी है। आवेदन में जिक्र किया है कि आशा कुमारी 12 वर्ष पिता बजरंग महली ग्राम लकेया थाना सिसई की रहने वाले है पर काफी दिनों से आशा भैसमुंदो में अपने नाना के साथ रहती थी। बीते 24 मई को दोपहर 3 बजे बिना बताए घर से निकली थी। जो आजतक वापस नहीं लौटी है। आशा का अपने सभी रिस्तेदारो के यहां पता करने के बाद में कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद भंडरा थाना में आवेदन देकर पीड़ित नाना ने अपने नतनी को ढूंढने में मदद की गुहार लगाया है।

बीडीओ ने की अबुआ आवास योजना की समीक्षा बैठक

भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने जनसेवकों के साथ अबुआ आवास योजना से संबंधित समीक्षा किया। बैठक में बीडीओ ने प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे अबुआ आवास योजना के कार्य प्रगति का जानकारी लिया। बीडीओ ने सभी जनसेवकों को निर्देश दिया कि लाभुकों का आधार कार्ड, बैंक खाता, जॉब कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र जल्द से जल्द अपलोड करने एवं पीलिंथ लेवल का कार्य कराकर जिओ टैग करने का निर्देश दिया। बैठक में आवास कोर्डिनेटर नितलेंद्र नारायण, धर्मदास भगत, दिलीप कुमार उरांव, प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे।

नौ साल में पूरी हुई नौ करोड़ की योजना, नौ महीने भी नहीं चली

आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू / लोहरदगा। कुडू प्रखंड क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। इस मई महीने में जहा अधिकतर कुआ, नदी, नाले, चुआ सुख चुके है। प्रखंड के आधे से अधिक चापाकल भी उचित रख-रखाव व मरम्मती के आभाव में बेकार पड़े है। शेष बचे अधिकतर चापाकल से भी सांसफुलाव हेंडिल मारने के बाद कतरा-कतरा पानी निकल रहा है। एक ओर लगभग नौ करोड़ रुपए की लागत से बने कुडू शहरी इलाके में लोगो के घरों तक पानी सप्लाई के लिए जलापूर्ति योजना नौ साल में नौ माह भी लोगो को पानी नही पिला सकी। पिछले लगभग दो वर्षों से पेयजलापूर्ति पूर्णतः ठप पड़ा हुआ है। तो वहीं प्रखंड में 14 वी और 15वीं वित्त आयोग योजना से मुखियाओं और पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा लगाए अधिकतर सोलर जलमीनार खराब हो सफेद हाथी साबित हो रहे है। विडम्बना यह है कि चुनाव आते ही राजनीतिक दल के नेताओं का कार्यकताओं लोगों के घरों में जाकर अमुक प्रत्याशी को वोट देने और जीताने की अपील करते नजर आ रहे हैं लेकिन अब तक वर्षो से बंद पड़े जलापूर्ति योजना को चालू करने के लिए कोई नेता व जनप्रतिनिधियो ने कभी पहल नहीं की। परिणाम स्वरूप कुडू के लोगों को पेयजल के लिए पानी पानी होना पड़ रहा है और इस भरी गर्मी में लोगों के कंठ सूख रहे हैं।

नहीं मिली अवैध खनिज ढुलाई की स्थिति, जांच टीम बैरंग वापस

सेन्हा में रात भर चली खनन विभाग की छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रात्रि में वाहनों के कागजात की जांच करते डीएमओ राजाराम प्रसाद।

लोहरदगा। बॉक्साइट, पत्थर, बालू समेत अन्य खनिजों के अवैध परिवहन और ढुलाई पर पूरी तरह पाबंदी लगाने को लेकर गत मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद एवं सेन्हा थाना पुलिस टीम द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। स्थानीय स्तर पर खनिजों के अवैध ढुलाई कथित खनिज माफियाओं द्वारा किए जाने की लगातार शिकायत खनन विभाग को मिल रही थी। 26मई की रात्रि सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव, कंडरा समेत जिले के सेन्हा स्थिति सीमाना सघन जांच और छापामारी किया गया। इस दौरान किसी प्रकार के खनिज लोडेड वाहन नहीं मिला। डीएमओ की अगवाई में छापामारी दल घंटों सड़क पर खनिज के अवैध धुलाई को लेकर खाक छानता रहा। रात में बॉक्साइट, बालू और पत्थर लोडेड वाहन का परिचालन नहीं देखा गया। लगातार प्रयास के बावजूद खनिज के अवैध ढुलाई नहीं देख डीएमओ की जांच टीम बैरंग वापस लौट गयी।

सेन्हा में 24 मामले दर्ज, छह लाख राजस्व वसूली : डीएमओ

डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में गत 23 अप्रैल से अब तक अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा कार्रवाई करते हुए अलग-अलग 24 एफआईआर थाना में दर्ज किया गया। अवैध बालू ढुलाई करते 71 ट्रैक्टर जप्त किया गया। खनन विभाग द्वारा इस निमित्त लगभग 5 लाख 93 हजार फाइन कर राजस्व की वसूली किया गया।

प्रेम प्रसंग में नाबालिग ने खायी कीटनाशक दवा

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु तेतर टोली में रविवार को नाबालिक लड़की किसी बात को लेकर कीटनाशक दवा का सेवन कर ली। जिससे स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ने लगा। तभी लड़के के परिजनों द्वारा आनन फानन में 108 एम्बुलेंस के मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। वही बताया जाता है कि अलौदी गोसाई टोली निवासी धनेश्वर उरांव के 17 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी अपने घर से प्रेमी के घर उरु तेतर टोली जा कर रह रही थी। उसी क्रम में रविवार को किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो अंजली कुमारी गुस्से में आकर कीटनाशक दवा का सेवन कर ली। अंजली कुमारी का उरु तेतर टोली निवासी बंदे उरांव के पुत्र कमलेश उरांव के साथ पूर्व से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा है। कमलेश उरांव बाहर प्रदेश कमाने जाने के लिए टिकट बनवा रहा था। इसी बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद हुआ। जिसके बाद अंजली कुमारी द्वारा आत्महत्या करने के उद्देश्य से जहर खाने की बात बतायी जा रही है। जबकि लड़के के परिजनों के अनुसार लड़की द्वारा गलती से कीटनाशक दवा सेवन करने की बात बतायी जा रही है। फिलहाल लड़की का इलाज रांची में निजी अस्पताल रिंची में चल रहा है। अभी वह खतरे की स्थिति से बाहर है।

लातेहार के डीएमओ सड़क हादसे में घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार सड़क दुर्घटना में जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी बुरी तरह घायल हो गये।उनका सदर अस्पताल लातेहार मे प्राथमिक इलाज कर रांची रेफर कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार श्री सैफी सोमवार को शहर के बानपुर इलाके में खनिज पट्टा की जांच के लिए गये थे। अचानक उनके कार का अगला पहिया ब्लास्ट कर गया और कार एक दीवार से टकरा गयी। इसमें कार का ड्राइवर व डीएमओ गंभीर रूप से घायल हो गये। वही डॉक्टरों ने बताया कि हल्की चोट आयी है।

एलआरडीसी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर लिया कुंआ धंसने का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/ लोहरदगा। चितरी अम्बाटोली में बीते गुरुवार को मनरेगा योजना से हो रहा सिंचाई कूप निर्माण के दौरान कुंआ का मिट्टी गिरने पर दबने से चार मजदूरों की मौत हो गयी थी। जिसके बाद से लगतार घटना को लेकर जांच पड़ताल एवं घटना घटित होने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। यह मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कूप निर्माण के दौरान कहां गड़बड़ी हुआ और कौन कौन इसमें दोषीवार है। जिसको लेकर जिला मनरेगा के आलाधिकारी सहित उपायुक्त के निर्देश पर जांच प्रकिया आरंभ है। इसी दरमियान एलआरडीसी द्वारा पीड़ित परिवार व लाभुक असलम अंसारी से मुलाकात कर जायजा लिया जा रहा है। जांच के दौरान कई बिंदु सामने आया है। जिसमे यह बताया जा रहा है कि वर्ष 2018-19 योजना को आरंभ करने के लिए स्वकृति के तौर पर लाभुक से 16 हजार की मांग किया गया था। असलम अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उक्त राशि प्रखंड स्तरीय मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार को दिया गया है। परंतु इस बात की पुष्टि कोई भी वरीय पदाधिकारी नही कर रहें है। वहीं इस बात को लेकर यह भी चर्चा बना हुआ है कि अगर कार्य आरंभ करने के पूर्व घुस की मांग किया गया था। जिसे लाभुक किसी वरीय पदाधिकारी या मीडिया के समक्ष क्यों नही रखा। सहित विभिन्न बिंदुओं पर संदेह देखा जा रहा है। क्या है सच्चाई इसकी खुलासा जांच के उपरांत सामने आये गया। एलआरडीसी सुजाता कुजूर द्वारा लाभुक असलम अंसारी से मुलाकात कर संवेदना प्रकट करते हुए बयान देने की बात कही गयी। साथ ही एलआरडीसी ने कहा कि पीड़ित परिवार को जांचोपरांत सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित मुआवजा दिया जायेगा और दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी किया जायेगा। वही सुजाता कुजूर का कहना है कि यह बहुत बड़ा हादसा हुआ है तथा घटना घटित होने का कारण और घटना कैसे हुआ इसकी जांच जारी है। फिलहाल जांच के दौरान जो भी बिंदु सामने आ रही है। उसकी गहन पूर्वक जांच किया जा रहा है। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, जेई संजीत आनन्द मौजूद थे।

बोलेरो ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर, दो आइआरबी जवान समेत चार घायल

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ-टंडवा मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के समिप बीती रात एक बोलेरो गाड़ी ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दो आईआरबी जवान समेत चार लोग घायल हो गये। घायलों में बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगरा गांव निवासी बाइक चालक रामेश्वर साव के पुत्र रामदयाल साव और बालूमाथ रेलवे स्टेशन के पास पुलिस पिकेट पर तैनात आइआरबी जवान अमित हेरेंज पिता केनेथ हेरेंज, कुंदन कुमार भगत पिता रामानंद भगत और बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया गांव का रहने वाला बोलेरो गाड़ी का चालक बिट्टू यादव घायल हो गये हैं। घायल बिट्टू यादव का इलाज निजी क्लिनिक में किया गया। जबकि शेष घायलों का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. ध्रुव कुमार एवं डॉ. सुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। घायलों में रामदयाल साव और आइआरबी जवान अमित हेरेंज की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। इस घटना में घायल रामदयाल साहू की हालत गंभीर बतायी जा रही है। इस बीच बालूमाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जांच शुरू हो गयी है। इस घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने बालूमाथ-टंडवा मार्ग पर जार्री गांव के पास सड़क जाम कर दिया है। काफी देर तक बातचीत का सिलसिला जारी रहा, जामकर्ताओं को स्थानीय थाना पुलिस समझाने की कोशिश कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि आइआरबी जवान के नशे में होने के कारण यह घटना घटी।

ट्रेनिंग पूरी होने पर आइपीएस ललित मीणा को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह थाना प्रभारी रहे प्रशिक्षु आइपीएस ललित मीणा का तीन माह का प्रशिक्षण कार्यकाल पूरा होने पर थाना बरवाडीह पुलिस कर्मचारियों द्वारा रविवार शाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने प्रशिक्षु आईपीएस को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रशिक्षु एसपी ने तीन माह के प्रशिक्षण कार्यकाल के दौरान बरवाडीह थाना क्षेत्र में अपनी सेवायें दी। उन्होंने अपनी मेहनत और इमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जन समस्याओं को जाना और उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास किया। वहीं एसपी ललित मीणा ने बताया कि जीवन में हर पल सिखने का अवसर आता है हमें अपने आसपास का सामाजिक पर्यावरण हर क्षण कुछ नया सिखने को देता है। बरवाडीह थाना क्षेत्र में काम करने का उनका सुखद अनुभव रहा और अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों से उन्हे बहुत कुछ नया सिखने को मिला।वंही गांवों, पंचायतों, व्यापारी, दुकानदारों सहित सभी का उन्हें पूरा सहयोग मिला। एसपी ललित मीणा ने बताया कि बरवाडीह क्षेत्रवासियों के लिए उन्होंने पूरा समय दिया और उनकी समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया। इसके साथ ग्रामीणों, युवाओं, अन्य सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस के सहयोग से एक स्वच्छ समाज बनाने के लिए अपने प्रयास निरंतर करते रहे,हर पुलिसकर्मी समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस अवसर पर एसपी व अन्य पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर में पौधारोपण भी किया। वही मौके पर बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार, छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, राजन अधिकारी राहुल सिन्हा, कमलेश कुमार रॉय समेत अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल रहे।

टेंपो में अज्ञात लोगों ने लगायी आग, हुआ खाक

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत के भरभरी टांड़ निवासी विपिन गोप के टेंपो को अज्ञात लोगों ने रविवार की रात्रि लगभग साढ़े दस बजे आग के हवाले कर दिया। टेंपो चालक ने बताया कि उसी टेंपो से चंदवा से मालहन-मैकलुस्कीगंज यात्रियों को लाने ले जाने का काम करते थे रोज की तरह रविवार की शाम को घर के बाहर अपने टेंपो को खड़ा किया था। रात्रि भोजन के बाद विश्राम करने गया तभी रात्रि साढ़े दस बजे देखा की टेंपो धू- धू कर जल रही थी। मामले को लेकर विपिन गोप ने चंदवा थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगायी है।

बीमा योजना की राशि भुगतान नहीं किये जाने पर बीडीओ सह सीओ के नाम सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

बारियातू। प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम निवासी राकेश प्रजापति ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच कर प्रधानमंत्री जिवन ज्योति बीमा एंव प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की राशि भुगतान कराने को लेकर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम के नाम आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से राकेश प्रजापति पिता महेश प्रजापति ग्राम जबरा का निवासी हूँ मेरी पत्नी बबिता देवी को बीते 16 फरवरी 2023 को जंगली हाथियों ने कुचल कर मार दिया था। मेरी पत्नी बबिता का झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक में खाता जिसका नंबर 4020410452 हैं जो प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन बीमा योजना के तहत नियमित खाता संचालित था।पत्नी के मृत्यु के ठीक दो माह बाद बीमा की राशि भुगतान को लेकर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मे सभी तरह का कागजात जमा कर दिये थे पर आज तक बैंक द्वारा भुगतान नहीं किया गया। राकेश ने बीडीओ सह सीओ राम से जांच कर बैकं से बीमा की राशि भुगतान करवाने की मांग किया है।

शौचालय में पानी की सुविधा नहीं

खुले में शौच जाने को विवश हैं ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। सिसई प्रखंड के मुर्गू रापू टोली गांव में 15 वे वित्त आयोग योजना के तहत सार्वजनिक शौचालय निर्माण का कार्य 2020-21 योजना के तहत किया गया था जिसकी प्रकाल्लित राशि 2लाख 27हजार 600 रुपए थी। उक्त शौचालय का आज तक ग्रामीणों द्वारा उपयोग नहीं किया गया क्योंकि शौचालय में पानी की सुविधा नहीं है। वही उसका रंग रोगन भी नहीं किया गया। शौचालय के अंदर टाइल्स लगाने का कार्य भी करना था लेकिन राशि की बंदर बांट कर ली गयी। अब शौचालय सिर्फ एक शोभा की वस्तु बन कर रह गयी है। ग्रामीणों ने बताया जब से शौचालय बना है तब से उसका हम लोग आज तक उपयोग नहीं कर पाये हैं। जबकि बहुत सारे घरों में शौचालय नहीं है। लोग खुले में शौच को जाते हैं वही योजना को पूर्ण दिखाया गया है और राशि की बंदर बांट कर ली गयी है।

पंचायत स्तरीय पुस्तकालय संचालन की व्यवस्था का डीसी ने लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों की शिक्षा ग्रहण करने को लेकर काफी सजग दिखाई दे रहा है। अब सिकछा कर भेंट आभियान हो या पंचायत स्तरीय पुस्तकालय, हर क्षेत्र में उपायुक्त विशेष दिलचस्पी ले कर क्षेत्र के छात्र छात्राओं को समृद्ध शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा खोरा, अरमई एवं वृन्दा पंचायत स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अंचल अधिकारी, पंयायत सेवक, मुखिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

सर्वप्रथम उपायुक्त ने खोरा स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय

का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बने पुस्तकालय के संचालन को अविलंब शुरू करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने, साफ सफाई करने सहित पुस्तकालय में किताबों की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने न्यूज पेपर उपलब्ध कराने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तरीय पुस्तकालय भवन निर्माण करने का मुख्य उद्देश्य जिले के दूर दराज एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों व बच्चों के लिए पढ़ने हेतु सुविधा प्रदान कराना है। जिला प्रशासन प्रयासरत हैं कि विद्यार्थियों को अपने नजदीकी पंचायत स्तर के पुस्तकालय में जाकर बिना किसी शुल्क के एक शांतिप्रद माहौल में ज्ञान अर्जित करने का मौका मिल सके। जिसके लिए उपायुक्त ने गांव के बच्चों को जागरुक कर पुस्तकालय में आने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात उपायुक्त ने अरमई पंचायत स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। अरमई पंचायत के पुस्तकालय में दीवाल में पड़े सीलन को मुखिया द्वारा बनवाने का निर्देश दिया गया। वहीं पुस्तकालय में ज्ञानवर्धी विषयों का दीवाल लेखन एवं सौंदर्यीकरण कराने की बात कही।पंचायत मुखिया को मुख्य रूप से जिम्मेदारी देते हुए वहां के विद्यार्थियों को पुस्तकालय में आने के प्रति प्रेरित करने की बात कही।

इसके पश्चात उपायुक्त ने वृंदा पंचायत स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय भवन का भी निरीक्षण किया जहां सभी महत्वपूर्ण प्राथमिक सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु निर्देश दिया गया।

गर्मी के कारण बाइक में लगी आग

गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के जशपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के सामने अचानक एक बाइक में आग लग गयी। लोग समझ नहीं पा रहे थे कि आग को कैसे बुझायें। इसके बाद चार पांच युवक आग बुझाने के लिए सामने आये। उन लोगों ने बोरा में बालू लेकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद बाल्टी में लोग पानी लेकर आए और बाइक पर झींटा मारने लगे। जिससे आग और तेज जलने लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से बाइक का सीट और टंकी का हिस्सा पूरी तरह से जल गया गनीमत है की टंकी ब्लास्ट नहीं हुआ नहीं तो बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। जानकारी के मुताबिक बाइक गुमला शहर से सटे चाहा निवासी ओमप्रकाश सिंह का है। वह किसी काम से गुमला शहर आया हुआ था और नेपाली दुकान के सामने अपनी पल्सर बाइक रोका।तभी उसके बाइक में अचानक आग लग गयी। युवक तुरंत बाइक से उतरकर किनारे खड़ा हो गया। इसके बाद लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

भरनो में एनके वस्त्रालय प्रतिष्ठान खुला

भरनो (आजाद सिपाही)। एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो मेन रोड पुराना थाना के पास एनके वस्त्रालय नया प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन सोमवार को उत्तरी भरनो पंचायत के मुखिया मंजू देवी तथा एनके वस्त्रालय प्रतिष्ठान के मालकिन नूरी खातुन के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मुखिया मंजू देवी ने कहा कि भारनो में एनके वस्त्रालय के खुल जाने से नया लुक में खुलने से यहां के ग्रामीण लोगों को सभी तरह के कपड़ों का संग्रह यहां मिलेगा। साथ ही महिलाओं के लिए उनके सुविधा के अनुसार हर तरह की परिधान उचित मूल्य पर यहां पर एक से बढ़कर एक डिजाइन का कपड़ा उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने प्रतिष्ठान में आकर लोगों से कपड़े की खरीदारी करने की अपील की। वहीं मुखिया ने इस नए प्रतिष्ठान की काफी सराहना की। वहीं प्रतिष्ठान की मालकिन नूरी खातुन ने बताया कि महिलाओं के लिए विशेष तौर पर उनके अभी के डिजाइन और मूल्य के अनुसार हर तरह की परिधान यहां मिलेगा, वो भी उचित मूल्य पर उन्होंने महिलाओं से अपने इस नए प्रतिष्ठान आने की अपील की है। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी कपिल गोप, सुनील गुप्ता, अख्तर कोटवार, पीके सिंह, रेहान अफरीदी खान सहित कई लोग मौजूद थे।

मूलभूत सुविधाओं में कमी को तत्काल ठीक करें : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। घाघरा अंचलाधिकारी के चेंबर में सीएसआर की बैठक सोमवार को सीओ आशीष मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीडिओ दिनेश कुमार प्रखंड व अंचल कर्मी, हिंडाल्को के अभय भारती के अलावे प्रभावित क्षेत्र के मुखिया मौजूद थे। बैठक में सीएसआर मद से पूर्व में हुए कार्यों का समीक्षा किया गया साथ ही कई चीजों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गयी। जिसमें माइंस क्षेत्र में स्थिति स्कूल को दुरुस्त कर शिक्षकों की बहाली करना, ड्रॉप आउट बच्चों के लिए ट्यूशन की व्यवस्था करना, आंगनवाड़ी जो जर्जर हो गया है उनका मरम्मत कर रंग रोवन के साथ-साथ बच्चों को पढ़ाई से लेकर खेलने तक की किट की व्यवस्था करना, सेरेंगदाग से लेकर इटकीरी व देवाकी तक पानी का छिड़काव करना साथ अपनी छिड़काव की जानकारी

संबंधित मुखिया को देने की बात कही गयी। हिंडाल्को के कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि जो भी मूलभूत सुविधाएं जो नजर में दिखती है उसे तत्काल ठीक करें और लोगों को लाभ पहुंचाये। ऐसा नहीं की आंखों से खराबी दिख रही है और उसे नजरअंदाज किया जा रहा है ऐसा करने पर वरीय अधिकारियों को कार्रवाई के लिए अवगत कराया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडियो दिनेश कुमार, बीपीआरओ शंकर साहू, मुखिया राजेश बड़ाईक, विनीता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

महिला की मौत के मामले में ज्ञापन सौंपा

ईमानदारी से ड्यूटी करने की सीएस से मांग

इमानदारी से ड्यूटी निर्वहन सुनिश्चित करने की सीएस से मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला सदर अस्पताल में धात्री महिला की मौत मामले में गुमला के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चिंता जाहिर की है। धात्री महिला के मौत मामले में परिजनों ने डाक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि जिस उम्मीद से गरीब लोग सदर अस्पताल इलाज कराने आते हैं उस उम्मीद के विपरीत अस्पताल प्रबंधन और डाक्टरों के व्यवहार से मरीज व उनके परिजनों में असंतोष का भाव होता है। सामाजिक कार्यकर्ता अजित विश्वकर्मा, महेन्द्र उरांव, फौदा उरांव, राजी पड़हा के दीवान लोथे उरांव, गौरी शंकर भगत, बाल कृष्णा उरांव सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे और सीएस डा. राजू कच्छप के अनुपस्थिति में प्रधान सहायक अशोक लाल को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि स्वच्छता और प्रसव सुविधा में गुमला के सदर अस्पताल की विशेष पहचान है। इसके बावजूद चिकित्सकों की लापरवाही से मरीजों की मौत चिंता की बात है। उन्होंने चिकित्सकों को अनुशासन और जवाबदेही के साथ कर्तव्य निर्वहन सुनिश्चित कराए जाने की सीएस से मांग की है।

मवेशी जब्त मामले में वाहन मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

घाघरा (आजाद सिपाही)। अवैध मवेशी जप्त मामले में वाहन मालिक के ऊपर घाघरा थाना में प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार ने बताया कि अवैध मवेशी तस्करी जिस वाहन से हो रही थी। उक्त वाहन के मालिक लोहरदगा के कादिर लैन बगरू रोड निवासी तनवीर आलम है। जिसके ऊपर प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। यहां बता दे कि शनिवार की रात्रि पिकअप वाहन में बड़े कुरुरता के साथ मवेशी को लादकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। जिसके बाद आदर नाका के समीप पकड़ा गया और पड़कर घाघरा थाना को सूचित करते हुए आदर पिकेट में वाहन समेत मवेशी को सुपुत्र किया गया था। जिसके बाद पुलिस के द्वारा करवाई करते हुए वाहन मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

गौरव रक्षा सम्मान समिति की बैठक में कमेटी का विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

जारी। जारी प्रखंड में रविवार को परमवीर अल्बर्ट एकका गौरव रक्षा सम्मान समिति की बैठक में कमेटी का विस्तार किया गया। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप बड़ाइक ने कहा जारी प्रखंड के सभी गांवों में कमेटी का गठन किया जाएगा और परमवीर अल्बर्ट एक्का के परिवार को सम्मान देने का काम किया जाएगा वहीं रांची के सैनिक मार्केट में आवंटित दुकान को वापस लेने के लिए संघर्ष किया जाएगा अल्बर्टा एक्का के परिवार को सामान देने के लिए सरकार से अनुरोध भी किया जाएगा। कार्यक्रम में काफी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

नाबालिग को भगाकर दिल्ली में बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। अहतू थाना की पुलिस ने मानव तस्करी के आरोपी बाबू राज गुप्ता उर्फ उपेंद्र कुमार गुप्ता को गया बिहार से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। जिसे सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। इस संबंध में अहतू थानेदार सन्नी कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में सूचक द्वारा उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर दिल्ली में बेचने का मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसमें संलिप्त कई लोगों के नाम सामने आया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी

कर रही है। उन्होने बताया कि अभी तक नाबालिक को बरामद नहीं किया जा सका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नाबालिक को भी बरामद कर लिया जायेगा।

ऑटो पलटने से 9 लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांसडीह के समीप अनियंत्रित होकर ऑटो पलटने से उसमें सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डुमरी थाना अंतर्गत नीच डुमरी निवासी 35 वर्षीय जयंती टोप्पो,25 वर्षीय भूषण टोप्पो,22 वर्षीय अमित टोप्पो 20 वर्षीय अनामिका टोप्पो, 22 वर्षीय एलिसबा मिंज,7 वर्षीय रिचर्ड मिंज, वर्षीय 5 वर्षीय सुष्टि मिंज, घाघरा थाना अंतर्गत पुट्टो बैर टोली निवासी 40 वर्ष बिमला मिंज व ऑटो चालक 20 वर्षीय जगदीश शामिल है। घटना सोमवार सुबह 10:00 की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जानकारी के अनुसार सभी लोग एक ही ऑटो में बैठ कर नीच डुमरी से गुमला आ रहे थे। ऑटो में दो अलग अलग परिवार के लोग सवार थे। दोनो परिवार के लोग नीच डुमरी से गुमला ही आ रहे थे। एक परिवार में एलिसबा मिंज जिसका ससुराल नीच डुमरी है एलिसबा मिंज की मां बिमला मिंज शुक्रवार को अपने बेटी के घर मेहमान गई थी। इसके बाद सोमवार को अपनी बेटी और उसके दो बच्चो के लेकर डुमरी से अपने घर घाघरा थाना अंतर्गत पुट्टो बैर टोली ऑटो से गुमला जा रही थी। वही दूसरी ओर सभी लोग नीच डुमरी से पंजाब जा रहे थे। वे लोग पंजाब में रह कर काम करते है। जिसके लिए डुमरी से ऑटो में सवार होकर गुमला तक आ रहे थे और गुमला से बस पकड़ कर रांची तक जाते और रांची से ट्रेन से पंजाब जाते। इस दौरान बांस डीह मोड़ के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटने से उसके सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



गुमला (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के सटे पालकोट रोड स्थित उर्मी में 22 वर्षीय सूरज साहू ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। घटना रविवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार सूरज के पिता पैरु साहू ने बताया की मेरा चार बेटा है जिसमे से सबसे बड़ा सूरज था। सूरज पिकअप वाहन चलता था तो कभी ढलाई वाला मशीन को चलाया करता था। रविवार के सुबह से ही पति पत्नी के बीच लड़ाई चल रहा था। और दोनो के बीच में तू तू मैं मैं हो रहा था। रविवार रात होने के बाद सभी लोग जब सो गए थे तो सूरज अचानक घर से निकल कर दूसरे कमरे में जा कर अपने ही गमछा को पाइप में बंध कर फांसी के फंदे में लटक गया। घरवालों के द्वारा किसी तरह उस कमरे की दरवाजे को खेला कर देखा तो सूरज गमछा के सहारे लटका हुआ है। इसके बाद परिजन सूरज को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुई पोस्टमार्टम के लिया सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। सदर अस्पताल आने के बाद सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

फोन पर विवाद के बाद युवती ने किया कीटनाशक का सेवन

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने लक्ष्मण रेखा नामक कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थिति खराब होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गये। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक युवती घाघरा में किराए के मकान में रहकर कॉलेज में इंटरमीडिएट में पढ़ाई करती है रविवार की रात अपने मंगेतर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद युवती ने लक्ष्मण रेखा नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया।

जेठ जतरा कार्यक्रम में झलकी स्थानीय परंपरा की झलक

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा बाघलाता के रुगड़ीटोली में आयोजित जेठ जतरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने गले में मांदर टांगा और ग्रामीणों को मांदर की थाप पर नचाने में जुट गये। विधायक के मांदर की गुंज सुनती ही क्या महिला, क्या पुरुष, बच्चे-बूढ़े सभी आखड़ा में जुट गए और सामूहिक नृत्य करने लगे। आखड़ा में लोगों की भीड़ देख विधायक भी पुरे जोश के साथ झूमते हुए घंटा मांदर बजाते रहे। वहीं विधायक ने आखड़ा में सामूहिक आदिवासी नृत्य भी किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि माता मरियम की यादगारी में मनाया जाने वाला जेट जातरा कार्यक्रम हमारे बच्चों की प्रतिभा निखारने का बेहतरिन मंच है। वे भी इसी जेठ जातरा कार्यक्रम से मंच में बोलने की शुरूआत की थी और इसी मंच से भीड़ में बोलने की उसकी झीझक दूर हुई। विधायक ने कहा कि आज आधुनिकता के इस दौर में लोग डीजे गानों को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने बच्चों को मांदर और ढ़ोलक बजाने सिखाने की ग्रामीणों से अपील की।

वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर संस्कारवान बनाना है। हमें अपनी परंपरा और संस्कृति को जीवित रखना है। आज हमारे बीच से भाषा संस्कृति बिलुप्त होती जा रही है। अगर आज हम नहीं सहेजें तो आने वाले दिनों में हमारी पहचान मिट जायेगी। कार्यक्रम में युवतियों एवं बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत की।

मौके पर कांग्रेस के पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, कुरडेग के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिश खलखो, केरसई प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, उर्मिला कुजूर आदि उपस्थित थे। मंच संचालन प्रफुल बाड़ा ने किया।

राजस्थान से पुरी तक दंडवत यात्रा में निकले हरिसिंह महली बसिया पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। विश्व कल्याण और हिन्दू जागृति का उत्थान करने के उद्देश्य से राजस्थान से ओडिसा के पूरी तक दंडवत यात्रा में निकले 49 वर्षीय हरिसिंह महली सोमवार को बसिया पहुंचे। यात्रा के संबंध में उन्होंने कहा कि 16 माह पूर्व राजस्थान के मलइयो की चौकी अमरगढ़ पोस्ट गंगापुर जिला सवाई माधोपुर से दंडवत यात्रा प्रारंभ कर करीब 3500 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुके है। वे प्रतिदिन 4 से 5 किलोमीटर की यात्रा करते है साथ ही रास्ते मे

मिलने वाले तीर्थ स्थलों का दर्शन करते हुए आगे बढ़ते जा रहे है। यात्रा के संबंध में उन्होंने कहा कि एक दिन टीवी पर देखा कि केरल के एक मुसलमान ने पैदल हज यात्रा के लिए सऊदी अरब तक कि यात्रा की थी। तभी से मेरे मन मे जगरनाथ महाप्रभु के पैदल यात्रा कर दर्शन करने की इच्छा जागृति हुई। उन्होंने बताया कि मेरे परिवार में 5 भाई है में चौथे नंबर का हूं। मेरे दो पुत्र एवं एक पुत्री है। इस यात्रा में मेरे पूरे परिवार का सहयोग है। प्रतिदिन भाइयो और पुत्र से फोन पर बात होती है। पत्नी का देहांत 13 वर्ष पूर्व हो गयी हैं। उन्होंने बताया कि 16 महीने के इस यात्रा में लोगो का भरपूर सहयोग मिला कही भी कोई दिक्कत नही हुई।

17 दिनों से लापता युवक का जंगल में मिला कंकाल, हत्या की आशंका

कपड़ा, चप्पल और हाथ में बंधे धागे से परिजनों ने की पहचान, जांच में जुटी पुलिस

पिता ने चार युवकों के खिलाफ थाने में दर्ज कराई है प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी अंतर्गत महुआखाला-पचघारा स्थित जंगल से सोमवार को एक युवक का कंकाल बरामद किया गया। उसकी पहचान छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्ल्यू मिश्रा के पुत्र राकेश उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में की गई है। कपड़ा, चप्पल और हाथ में बंधे धागे को देखकर परिजनों ने मोनू की पहचान है। उधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि मोनू पिछले 17 दिनों से लापता था। इस संबध में परिजनों ने थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। परिजनों की मानें तो मोनू विगत 10 मई से घर से लापता था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो मोनू के पिता डब्ल्यू मिश्रा ने थाना में चार युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सभी युवक विश्रमपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। परिजनो का आरोप है कि पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं की। अगर कार्रवाई की गई होती तो मोनू को बचाया जा सकता था।

मृतक मोनू की फाइल फोटो।

जंगल में कंकाल की सूचना पाकर पहुंची पुलिस और ग्रामीण।

ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने ढूंढा शव

महुआखाला-पचघारा के जंगल में नरकंकाल देखए जाने की चर्चा स्थानीय लोग दबी जुबान से रविवार को ही कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही सोमवार को परिजन ग्रामीणों के साथ उक्त जंगल में शव की तलाश में पहुंच गई। जंगल में काफी अंदर जाने के बाद एक स्थान पर झाड़ियों के बीच दुर्घंध आने पर ग्रामीण नजदीक गये। वहीं, एक नरकंकाल दिखा। पास में ही पड़े कपड़े, हाथ में बंधा धागा और घटनास्थल से कुछ दूर पर मिले चप्पल से परिजनो ने कंकाल की पहचान मोनू मिश्रा के रूप में की। जिसकी सूचना विश्रामपुर पुलिस को दी गई। खबर पाते ही विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, नवाडीह ओपी प्रभारी राजबर्धन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद डॉग स्क्वायड बुलवाया गया। लेकिन कुछ सफलता नहीं मिली। उसके बाद कंकाल को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएचसीएच भेज दिया। पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही मामले का उद्भेदन कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

प्रशासनिक लापरवाही के चलते हुई मिथिलेश तिवारी की मौत : अरुणा

कहा - नो एंट्री के बाद ट्रैफिक व्यवस्था करें प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रविवार को कचहरी चौक पर हुए सड़क दुर्घटना में व्यवसाई मिथिलेश तिवारी के निधन पर सोमवार को गहरा दुख प्रकट किया है। लगे हाथ प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया। कहा कि मिथिलेश तिवारी का हाईवा से कुचल कर मौत होना एक बार फिर प्रशासनिक ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। अरुणा शंकर ने कहा कि इसके पहले भी वैभव सिंघानिया की दर्दनाक मौत अग्निशामक गाड़ी से कुचलने के कारण उसी चौक पर हुई थी। कई सारी घटनाएं उस चौक पर या डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक पर हो चुकी है, लेकिन प्रशासन उन दोनों खूनी चौक पर हो रहे लगातार घटनाओं की समीक्षा नहीं कर रहा है, जबकि सड़क सुरक्षा की प्रशासनिक बैठक हर महीने होती है। प्रथम महापौर ने इसके लिए सीधा ट्रैफिक व्यवस्था को जिम्मेवार बताया है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने कई बार प्रशासन को कहा है कि यह सारी घटना जब भी हो रही है नो एंट्री समाप्त होने के बाद होती है। जब बड़ी गाड़ियां शहर में प्रवेश करते हैं।

इसका एकमात्र कारण है नो एंट्री समाप्त होने के बाद ट्रैफिक पुलिस हटा दिया जाना। कोई ट्रैफिक व्यवस्था देखने वाला नहीं होता है, जबकि उस वक्त ट्रैफिक व्यवस्था देखना और भी आवश्यक होता है। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन अगर अब भी नो एंट्री समाप्त होने के बाद संध्या 7 से सुबह सात बजे तक बड़ी गाड़ियों के एंट्री के समय मुख्य चौक चौराहे खासकर शहीद चौक (कचहरी चौक), डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक एवं रेडमा चौक पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था नहीं करेगी तो ऐसी दर्दनाक घटनाओं के लिए तैयार रहे। अरुणा शंकर ने पुलिस प्रशासन को एक बार फिर ध्यान आकृष्ट कराया है कि शहर में सारे ट्रैफिक लाइट खराब है। कहीं लाल जलता रहता है तो कहीं हार जलता रहता है। जो शहर में बाहर से आने वाले लोगों की नजर में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को हास्यास्पद भी बन रहा है और दिन में ट्रैफिक कंट्रोल के एक सुलभ साधन को ध्वस्त कर रहा है। इसे तत्काल पुलिस कप्तान को संज्ञान लेकर बनवाना चाहिए। जिससे कम मैनपावर पर ट्रैफिक कंट्रोल किया जा सकता है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में अपने बोर्ड से पारित कर विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर बनाकर मुख्य फ्लाइओवर में जोड़ने का भी प्रस्ताव दिया था, जो बहुत कम बजट में हो जाएगा लेकिन पास होने के बाद भी आज तक लंबित है। निगम प्रशासन उस पर भी पहल करें, क्योंकि छत्तीसगढ़, गढ़वा जाने वाली छोटी बड़ी गाड़ियां ऊपर ओवरब्रिज से ही विमेंस कॉलेज रोड होते हुए उतर जाएगी उसे शहीद चौक (कचहरी चौक) नहीं आना पड़ेगा जिससे ट्रैफिक का दबाव उस चौक पर कम पड़ेगा। प्रथम महापौर ने प्रशासन से मांग किया कि तत्काल शहर के तीनों प्रमुख चौक डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, शहीद चौक (कचहरी चौक) एवं रेडमा चौक पर नो एंट्री समाप्त होने के बाद ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करें एवं शहर में लगे सभी ट्रैफिक सिगनलों को चालू करवाई जाए। साथी ही मिनी फ्लाईओवर का प्रस्ताव नगर विकास को भेजी जाए अन्यथा ऐसी दर्दनाक घटनाएं होती रहेगी।

त्रासदी से बचने के लिए जल संचयन व सदुपयोग बेहद जरूरी : सूर्यमणि सिंह

एके सिंह कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। जपला स्थित एके सिंह कॉलेज में आइक्यूएसी के तहत अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में सोमवार को एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। सेमिनार का विषय 'कृषि विकास में जल संकट का दुष्प्रभाव' था। जिसका उद्घाटन प्राचार्य सह आईक्यूएसी अध्यक्ष प्रो सूर्यमणि सिंह, भवनाथपुर बीएसएम कॉलेज के प्राणी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, गढ़वा एसपीडी कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विरेंद्र पाण्डेय, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो डॉ आनंद कुमार, एसीएस प्रो डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो अरुण कुमार सिंह, आयोजन सचिव प्रो डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, संगोष्ठी संचालक प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार, प्रो डॉ अजय कुमार सिंह, प्रो हरेंद्र नारायण सिंह, प्रो डॉ रवि रंजन कुमार मिश्रा, प्रो रेखा कुमारी सिंह, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो सुनील कुमार सिंह, प्रो डॉ चंदन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व जल संकट की त्रासदी से जूझ रहा है। हमारा कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर जल संचयन करें और जल का सदुपयोग करें। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि कृषि की सिंचाई समय पर आवश्यक है। इसलिए नदियों की सुरक्षा और उससे नहर की निकासी कर जल को आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाय तो कृषि विकास में जल संकट की स्थिति से बचा जा सकता है। इस दौरान 25 छात्रों और छह प्राध्यापकों ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहीं, कार्यक्रम में आलेख अथवा वक्ता के रूप में अपनी प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया।

सटीक, निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना के लिए मतगणकों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के आर्देश पर सटीक, नियमित, निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना के लिए प्रशिक्षकों की तैयार टीम मंगलवार को मेदिनीनगर स्थित गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय में मतगणकों को प्रशिक्षण देगी। इसके लिए सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक-ए के सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर उपस्थित सदर एलआरडीसी प्यारेलाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने पोस्टल बैलेट की गणना की बारीकियों व मतगणना संबंधी अनेक सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक व सूक्ष्म प्रेक्षकों के कार्यों एवं सीयू से मतों की गणना करते हुए 17 सी के भाग-2 में उम्मीदवारों के प्राप्त मतों को दर्ज करने, मतगणना एजेंट से हस्ताक्षर कराने तथा उन्हें भी एक प्रति देने संबंधी नियमों की क्रमानुसार जानकारी दी। जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद ने वीवीपैट के पर्चियों की गणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। वहीं अमरेंद्र पाठक व अशोक सिंह ने कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन से एड्रेस टैग एवं ग्रीन पेपर सील हटाने की विधि एवं मतों के प्रदर्शन तथा इसके दुहराव की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, चन्द्रशेखर शुक्ला सहित अन्य लोगों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

एसपी के हस्तक्षेप से मिला मृत पुलिस कर्मी का शव, पैसे के अभाव में अस्पताल प्रबंधन ने शव देने से किया था इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में प्रतिनियुक्त गढ़वा जिले के रहने वाले पुलिस के जवान प्रदीप पासवान का लीवर एवं किडनी का इलाज चल रहा था। कुछ दिनों से गढ़वा में भर्ती थे। पर स्थिति में सुधार ना होने के कारण एआइजी अस्पताल हैदराबाद में भर्ती कराया गया था। पर वहां भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज में काफी खर्च हो जाने के कारण प्रदीप पासवान के परिजनों की हालत बहुत खराब हो गई। पैसे के अभाव में हैदराबाद से उक्त जवान का शव देने से अस्पताल प्रबंधक ने मना कर दिया था। ऐसी स्थिति में पुलिस जवान प्रदीप पासवान के परिवार वाले काफी घबरा गए और पलामू के पुलिस मेंस के सदस्यों से बात की। पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा तत्काल पलामू की पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गयी। जिसके उपरांत बिना विलंब किए अस्पताल में जमा करने वाली राशि एक लाख बीस हजार रुपये तत्काल उपलब्ध कराया गया। इस महान कार्य के लिए पूरे पलामू पुलिस एवं पुलिस जवान प्रदीप पासवान के पूरा परिवार, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन की प्रशंसा कर रहे हैं। कहा कि जब कभी पुलिस जवान पर संकट आता है, तो पलामू पुलिस अधीक्षक खुद खड़ी होकर जवानों का मदद करती है। सीधे तौर पर कहा जा सकता है जिसका कोई नहीं। उसकी मदद भगवान के रूप में पुलिस अधीक्षक करती हैं। पुलिस जवान का पार्थिव शरीर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के सहयोग एवं पहल से सोमवार की सुबह उनके गांव कलशबारिया आ गया एवं उनके गांव में ही गढ़वा पुलिस एवं पलामू पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा पुलिस जवान के गांव गढ़वा जिला के कलश बारिया में सलामी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सहायक मंत्री लालेश्वर राम, पलामू जिला के मेंस एसोसिएशन के सचिव लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार एवं अंकेक्षक सुनील राम शामिल हुए। वहीं, माझियाव थाना प्रभारी एवं गढ़वा, पलामू जिला के कई पुलिसकर्मी कार्यक्रम में शामिल हुए। सलामी कार्यक्रम के बाद पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के द्वारा तत्काल दाह संस्कार के लिए 25 हजार रुपए का सहयोग राशि भी उपलब्ध कराया गया।

पलामू पुलिस एसपी रिष्मा रमेशन।

हुसैनाबाद में पागल कुते ने आधा दर्जन लोगों को काटा

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। शहर के कई कस्बो में पागल कुत्ते के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पागल कुत्ते ने एक ही दिन में आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। ग्रामीणों की मानें तो काले रंग का कुत्ता लोगों को देखते ही तेजी से झपटकर काट लेता है और भाग जाता है। उसने बचिया देवी, दुर्गा कुमारी, हरिनारायण चौधरी, दिनेश कुमार, उत्तम देवी, रवि कुमार और एमडी शब्बीर आलम समेत कई अन्य लोगों को काटकर घायल कर दिया है। सभी का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। वहीं, आम लोग खुद से ही कुत्ते को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। लोगों ने सभी को काले रंग के कुते से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही नगर पंचायत प्रशासन से आवारा कुते से निजात दिलाने की मांग की है।

कायाकल्प नशा विमुक्ति ने बीसीसीएल कॉलोनी में चलाया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। पुलिस लाइन बीसीसीएल कॉलोनी क्षेत्र के बस्ती में उपस्थित आम जनप्रतिनिधी व लोगों के बीच टिम सदस्यों ने काया कल्प नशा विमुक्ति केंद्र यांग ऐक्शन फॉर मास याम इंडिया (समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित) जागरूकता अभियान चलाया। इसके माध्यम से कार्यक्रम के लक्ष्य को बताया गया। कहा कि इस योजना के अंतर्गत काया कल्प केन्द्र में नशा से मुक्ति मरीजों की नशा छुड़ाने के लिए निःशुल्क इलाज की सहायता प्रदान की जाती है। कहा कि नशा हमारे समाज को संचालित कर रहा और हमारे नागरिकों और समाज के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है। नशे ने लाखों युवाओं की रचनात्मक शक्ति को नष्ट कर दिया है। इसलिए, हमारे युवाओं, बच्चों और समाज को इस खतरनाक चीज से दूर रखने के लिए काया कल्प नशा विमुक्ति केंद्र की पहल जागरूकता के माध्यम से लोगों को नशा के प्रति जागरूक की जरूरत है। काया कल्प में नशे के आदि लोगों के इनडोर उपचार के लिए 15 बिस्तरों वाले केंद्र की सुविधा है। साथ ही नशे के आदी लोगों के पुनर्वास के लिए अतिरिक्त सुविधा भी है। सभी रोगियों को परामर्शदाताओं की देखरेख में डिटॉक्सिफिकेशन प्रक्रिया के माध्यम से मदद की जाती है। उधर जागरूकता से उत्साहित लोगों ने नशा के मरीज की पहचान कर उनका ब्योरा व संपर्क नम्बर दर्ज कराया गया।

स्पोर्ट्स

बीसीसीआइ ने आइपीएल2024 के ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर के लिए इनाम की घोषणा की है। आइपीएल के इस सीजन के 10 वेन्यू पर काम करने वाले ग्राउंड्समैन-क्यूरेटर को 25-25 लाख मिलेंगें।

आइपीएल के ग्राउंड्समैन-क्यूरेटर्स को मिलेंगें 25-25 लाख रुपये, बीसीसीआइ ने की इनाम की घोषणा

जय शाह ने एक्स पर लिखा- गुमनाम हीरोज को धन्यवाद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने आइपीएल 2024 के ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर्स के लिए इनाम की घोषणा की है। आइपीएल के इस सीजन के 10 वेन्यू पर काम करने वाले ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर्स को 25-25 लाख रुपए मिलेंगे और तीन अतिरिक्त वेन्यू (धर्मशाला, विशाखापट्न्नम और गुवाहाटी) पर 10 लाख रुपए मिलेंगे। बीसीसीआइए सचिव जय शाह ने इसकी जानकरी सोमवार को एक्स पर दी। उन्होंने ट्वीट किया कि 'हमारे सफल टी-20 सीजन के गुमनाम हीरो ग्राउंडस्टाफ हैं, जिन्होंने खराब मौसम में भी शानदार पिचें तैयार की। हम उन्हें उनकी मेहनत का इनाम देना चाहेंगे। 10 नियमित आइपीएल वेन्यू पर ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर्स को 25-25 लाख रुपए मिलेंगे और तीन अतिरिक्त वेन्यू पर 10 लाख रुपए मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद।'

इन वेन्यू पर खेला गया आइपीएल का यह सीजन

आइपीएल का यह सीजन 10 वेन्यू पर खेले गया। इसमें चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, कोलकाता, लखनऊ, गुजरात और मुंबई शामिल थे। दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ने अपने कुछ मैच दूसरे होम ग्राउंड पर भी खेले। दिल्ली ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के अलावा विशाखापट्टनम में खेले, पंजाब ने मुल्लांपुर के अलावा धर्मशाला में जबकि राजस्थान ने जयपुर के अलावा गुवाहाटी को अपना दूसरा होम ग्राउंड चुना।

केकेआर बना चैंपियन

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आइपीएल-2024 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया। केकेआर इस लीग में तीसरी बार चैंपियन बना है। टीम ने 10 साल बाद खिताब जीता है।

भागमनी पब्लिक स्कूल के छात्र रिशु सिंह का नेशनल यूथ गेम वुशु मार्शल आर्ट में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित भागमनी पब्लिक स्कूल के नौवीं के छात्र रिशु सिंह का चयन नेशनल यूथ गेम वुशु मार्शल आर्ट में हुआ है। इसकी जानकारी सोमवार को आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि रिशु सिंह भागमनी पब्लिक स्कूल के नौंवी कक्षा का छात्र है। वह नेशनल यूथ गेम वुशु मार्शल आर्ट में अपनी जगह बनाकर स्कूल ही नहीं, बल्कि पूरे पलामू जिला का नाम रोशन किया है। उन्होंने रिशु सिंह इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित भी किया। परफेक्ट स्पोर्ट एकेडमी के डॉ अज्जो हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि रिशु का चयन अगरा के एन्क्लेव स्टेडियम में होने वाले नेशनल यूथ गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया में हुआ है। इस उपलब्धि पर रिशु को झारखंड पलामू गौरव सम्मान दिया जायेगा। प्रेसवार्ता में स्कूल के प्राचार्य पीसी मन्ना, प्रमिला शुक्ला, सुष्मिता मन्ना, विशाल सिंह सहित स्कूल के कई शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे। इधर नेशनल यूथ गेम वुशु मार्शल आर्ट में चयन होने पर कई लोगों ने भी रिशु को बधाई दी है। इसमें पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश कुमार, सचिव सुमित वर्मन आदि शामिल है।

सभी को चाचा नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत : संतोष

चाचा नेहरू की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। देश के प्रथम प्रधानमंत्री दिवंगत पंडित जवाहरलाल नेहरू की सोमवार को पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर बैंकमोड़ के ब्लैक रॉक होटल में स्थित कांग्रेस के चुनावी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का स्वाधीनता संग्राम में उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने देश में आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक सुधारो के एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शुरूआत की। नेहरू जी ने बहुलवादी बहुदलीय लोकतंत्र को बढ़ावा दिया और उनके नेतृत्व में कांग्रेस एक सर्वव्यापी पार्टी के रूप में उभरी। देश में बड़े-बड़े उद्योग, कल-कारखाने, संस्थान एवं लोगों के जीवन-जीविका के निर्माण में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। नेहरू जी बच्चों से बहुत स्नेह करते थे। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा पुकारते थे। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके पर रामगोपाल भूवानिया, राजेश्वर सिंह यादव, मंटू दास, दिनेश यादव, गुड्डू खान, प्रभात सुरोलिया, पप्पू कुमार तिवारी, राजू दास, बाबू अंसारी, बबलू दास, पप्पू सिंह, मनोज कुमार हाड़ी, रामबचन राम, अरविंद सैनी, अनिल सिंह, कामता पासवान, रखाल दास, रोहन चौधरी, गौतम पासवान, धनेश्वर ठाकुर आदि उपस्थित थे।

डीसी की ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा, काउंटिंग हॉल, मीडिया सेंटर में हाइ स्पीड इंटरनेट कनेक्शन देने का निर्देश

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने सोमवार को कृषि बाजार समिति का निरीक्षण किया और काउंटिंग से पूर्व की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा, फायर सेफ्टी, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही मीडिया सेंटर, काउंटिंग हॉल, ऑब्जर्वर चैंबर, आरओ चेंबर में हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि चार जून को कृषि बाजार समिति में मतगणना की जाएगी। जिसमें इवीएम, इटीपीएस और पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। बोकारो के लिए 24 और धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा व चंदनकियारी विधानसभा के लिए 20-20 टेबुल में काउंटिंग की जाएगी। सभी पर 25 राउंड में काउंटिंग होगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, बीएसएफ के कमांडेंट लखन हांसदा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीएसओ प्रदीप कुमार शुक्ला, डीएमओ मिहिर सालकर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, डीपीआरओ सुनिल सिंह, डीआइओ सुनीता तुलस्यान, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा और अमित कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

बाजार समिति में स्ट्रांग रूम बनाने से ठप हुआ व्यापार : विनोद गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। बरवाअड्डा बाजार समिति को स्ट्रांग रूम बनाये जाने से विगत चार दिनों से व्यापारियों का व्यापार ठप सा हो गया है। सड़कों पर 50 से अधिक माल वाहक गाड़ियों की कतार खड़ी हैं। व्यापारियों के साथ ही वहां के मजदूरों को भी परेशानी हो रही है। मजदूर ने कहा कि इस तरह से हमारी रोजी-रोटी पर भी काफी असर पड़ेगा। हम लोग रोज कमाने-खाने वाले लोग हैं। ऐसे में पारिवारिक किल्लते भी बढ़ जाएगी। वहीं, व्यापारियों की बात करें तो उनका कहना है कि डीसी मैडम के आश्वासन के बाद उन लोगों को लगा था कि चार दिन के बाद व्यापार सुचारू रूप से चालू हो जाएंगे। पर इस पर किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो पाई है जिस कारण हमारा व्यापार पूरी तरह से ठप है और सामान भी खराब हो रहे हैं। अधिकारी भी आ-जा रहे हैं, लेकिन किसी ने अभी तक समस्या का समाधान नहीं निकाला। जिसके बाद जिले में खाद्य पदार्थों की किल्लत की आशंका को देखते हुए बरवाअड्डा बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जिला प्रशासन से वैकल्पिक रास्ते से व्यापार करने की अनुमति दिए जाने की मांग की है। चेंबर की इस मांग पर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने चेंबर की ओर से सुझाये वैकल्पिक रास्ते का निरीक्षण किया। चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि फल मंडी से वैकल्पिक मार्ग निकाला जा सकता है। जहां से मालवाहक गाड़ियों का आवागमन हो सकेगा तथा व्यापार भी सुचारु तरीके से चल सकेगा।

चौक-चौराहों पर एक ही चर्चा- कौन बनेगा धनबाद का अगला सांसद

विजय सिंह

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। धनबाद लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान संपन्न हो हुआ है। प्रत्याशियों का भविष्य इवीएम में कैद है, जो चार जून को खुलेगा। इस बार धनबाद संसदीय सीट पर मुकाबला बेहद करीब का है। भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। वहीं चुनाव समाप्ति के बाद से ही गली मुहल्ले और दुकानों पर हार-जीत की चर्चा चोरों पर है। सभी की जुबान पर एक ही सवाल है कि आखिर कौन बनेगा धनबाद का अगला सांसद ?। गौरतलब हो कि मतदान से पहले प्रचार अभियान में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह ने मतदाताओं को रिझाने और अपने पाले में लाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। अनुमान हैं कि शहरी इलाकों में कांग्रेस को बढ़त मिल सकती है, जबकि सुदूर ग्रामीण इलाकों में भाजपा आगे नजर आ रही है। मुकाबला बेहद कड़ा है। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अपने ही खेमे से आंतरिक तोड़फोड़ और 'अंगार पथरा में दिए' नारे से हानि हो सकती है, अन्यथा उनकी जीत का अंतर बढ़ सकता था। अगर ढुल्लू महतो जीतते हैं, तो इसका श्रेय नरेंद्र मोदी के प्रभाव को जाएगा। पूवार्नुमान है कि शहरी क्षेत्रों में 40-60 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 80-20 प्रतिशत मतदान का संकेत हैं। इसके विपरीत, कांग्रेस की अनुपमा सिंह के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। अगर वो जीतती हैं तो पार्टी अपने सीमित समर्थन आधार को पुनर्जीवित करने में कामयाब हो जायेगा। इसके अतिरिक्त, निराश भाजपा समर्थकों ने अनुपमा सिंह के पीछे अपना वजन बढ़ा दिया है। इन परिस्थितियों को देखते हुए धनबाद और निरसा विधानसभा में जो रुझान देखा गया है, वह धनबाद संसदीय क्षेत्र को दर्शाता है। मुकाबला न केवल कड़ा है, बल्कि धारदार भी है।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,चतरा
(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति, सूचना

चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनावः– 2024 के सफल मतदान दिनांकः– 20.05.2024 को पूर्ण होने के पश्चात दिनांकः– 04.06.2024 को सफल मतगणना हेतु मतगणना सहायक का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांकः– 29.05.2024 एवं दिनांकः– 31.05.2024 को जिला खनिज कौशल विकास केन्द्र (DMFT) भवन, चतरा में 10:00AM से 01:00PM तक आयोजित किया जाता है, प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रशिक्षणार्थियों का विवरणी निम्नवत् हैः–

SL NO.	NAME	PIN NO	DESIG
1	Ravindra Nath Soren	341700196	Clerk
2	Arjun Kumar	341700199	Senior Audit Officer
3	BASANT KUMAR SINGH	341700221	UDC
4	BIRENDRA KUMAR MAHTO	341700224	LDC
5	BIPIN LAKRA	341700246	LDC
6	ARUN DANGI	341700249	P.S
7	MUNESH TIRKEY	341700253	VLW
8	PRADEEP KUMAR SINGH	341700258	UDC
9	DINESH RANA	341700273	LDC
10	KANDAN HEMBROM	341700276	FEO
11	DIPU MAHALI	341700277	LDC
12	MANOJ KUMAR MISHRA	341700279	CLERK
13	UJJAWAL KUMAR SINGH	341700280	VLW
14	CHITRANJAN SHARMA	341700281	VLW
15	DIGAMBAR PANDAY	341700284	PANCHAYAT SACHIV
16	Ravi Shankar kumar Sinha	341700291	Clerk
17	SULTAN ANSARI	341700297	CLERK
18	Sukhram Kachchap	341700302	LDC
19	Vinay Kumar	341700306	VLW
20	Jitendra Kumar	341700307	VLW
21	Md Imran	341700308	VLW
22	Gautam Kumar Keshri	341700310	VLW
23	Sanajy Kumar Rawani	341700311	VLW
24	Sitaram Rawani	341700317	Panchayat Sewak
25	Parmeshwar Ram	341700318	Panchayat Sewak
26	Punit Kumar Das	341700319	Panchayat Sewak
27	Ramlakhan kumar Verma	341700321	Panchayat Sewak
28	Shyamprit	341700322	Panchayat Sewak
29	Pankaj Ravidas	341700324	Panchayat Sewak
30	Jaypal Topno	341700325	Panchayat Sewak
31	Mithlesh Kumar Minz	341700327	Panchayat Sewak
32	Shashi Kumar Sourabh	341700328	Panchayat Sewak
33	Sanjeet Toppo	341700329	Panchayat Sewak
34	SUNIL KUMAR	341700330	UDC
35	ABHISHEK KUMAR	341700331	LDC
36	UMESH KUMAR RAVI	341700332	LDC
37	AJAY KUMAR	341700532	LDC
38	JAMES PANNA	341700573	VLW
39	RAJEEV KUMAR PRABHAKAR	341700574	VLW
40	nawal kishor yadav	341700577	P.S
41	ARVIND ORAON	341700579	P.S
42	BRAJESH CHOUBEY	341700586	P.S
43	KAULESHWAR ORAON	341700606	P.S
44	AKHLESH SINGH	341700609	P.S
45	DEEPAK KUMAR	341700675	CLERK
46	PAULUS HEMBRAM	341700720	HEAD CLERK
47	SATYENDRA NAYAK	341700731	LDC
48	DEEPAK KUMAR	341700748	LDC
49	NARAYAN KUMAR JHA	341700754	RSI
50	JAY PRAKAS SHARMA	341700774	HEAD ASSTT.
51	BIRJU PRASAD MEHTA	341700780	LDC
52	SURYADEV RAM	341700795	ASSTT.
53	RAMBRIKSHA RAM	341700799	ASSTT.
54	HIRALAL MAHTO	341700804	LDC
55	MANISH KUMAR	341700809	LDC
56	DIGAMBAR PATHAK	341700810	LDC
57	SAWRUP YADAV	341700812	LDC
58	PRAMOD KUMAR SINHA	341700860	K.C
59	RAVINDRA GRIHI	341700861	UDC
60	AJAY NOCOLAS BARA	341700904	LDC
61	SURAJ KUMAR	341700905	LDC
62	JITENDRA NAYAK	341700906	VLW
63	PRAMOD KUMAR	341700907	VLW
64	PIYMUSH KERKETTA	341700908	VLW
65	AVINASH LAL	341700910	VLW
66	KUWARJIT SINGH	341700911	VLW
67	SHASHIKANT UPADHYAY	341700912	VLW
68	ROHIT KUMAR	341700913	VLW
69	SUDHIR PRASAD SINGH	341700914	P.S
70	AKSHWAT KUMAR CHOUBEY	341700915	P.S
71	MITHILESH KUMAR	341700916	P.S
72	AMIT KUMAR	341700917	P.S
73	ABHIJIT KUMAR	341700951	LDC
74	BRAJESH KUMAR	341700956	LDC
75	AJIT KUMAR YADAV	341700958	VLW
76	YOGESH KUMAR SHARMA	341700962	VLW
77	SANJIT KUMAR	341700963	VLW
78	VINOD CHOUDHARY	341700972	VLW
79	SUNIL ORAON LAKRA	341700983	VLW
80	SANTOSH KUMAR GUPTA	341700984	VLW
81	ANJAN KUMAR	341700986	VLW
82	SATISH KUMAR	341700988	VLW
83	PRAN KUMAR	341700989	P.S
84	MAHESH MISTRI	341700991	P.S
85	DEEPAK TOPNO	341701022	P.S
86	KRISHNACHANDRA LAGURI	341701070	P.S
87	SUMAN SANDEEP KIRO	341701072	P.S
88	KRISHNA KUMAR TIWARI	341701074	CLERK
89	SHIV SHANKAR KUMAR DAS	341701075	P.S
90	VIKAS KUMAR	341701092	LDC
91	MD. HAMMAD ALAM	341701123	CLERK
92	MANORANJAN PANDEY	341701153	CLERK
93	SHASHI KUJUR	341701186	CLERK
94	MD.HASHIM ANSARI	341701191	CLERK
95	KRISHNA RANJAN	341701220	CLERK
96	VIKAS KUMAR	341701234	CLERK
97	VIJAY KUMAR	341701269	clerk
98	SIDDHARTH KUMAR JAIN	341701350	LDC
99	AMRESH KUMAR	341701352	CLERK
100	INDRAJEET KUMAR SHAHI	341701359	CLERK
101	RADHESHYAM RAVIDAS	341701428	CLERK
102	ASHISH KUMAR	341701469	CLERK
103	SURENDRA KUMAR MISHRA	341701488	CLERK
104	NIRAJ KUMAR SHARMA	341701492	CLERK
105	BHASKAR KR PATHAK	341701515	CLERK
106	BASANT KUMAR MISHRA	341701568	CLERK
107	GAURAV KUMAR MISHRA	341701571	CLERK
108	RAVI KUMAR	341701603	CLERK
109	PRAVEEN KUMAR	341701609	CLERK
110	SAURABH KUMAR	341701657	CLERK
111	SURAJ KUMAR	341701684	CLERK
112	ANIL KUMAR RAJAK	341701685	CLERK
113	DURGESH KUMAR	341701701	CLERK
114	LALAN KUMAR BHUIYAN	341701723	CLERK
115	PANKAJ KUMAR	341701742	CLERK
116	MOHIT KUMAR	341701786	CLERK
117	SHANKAR KUMAR	341701804	CLERK
118	PRABHAT KUMAR	341701868	CLERK
119	SAILENDRA KUMAR GUPTA	341701912	CLERK
120	KARTIK KUMAR PANDEY	341702047	CLERK
121	SHIVAM KUMAR	341702049	CLERK
122	Sri Pravin Kumar	341702147	LDC
123	Sri Rupesh Kumar	341702150	LDC
124	Sri Chankaya Kumar Mishra	341702151	LDC
125	Sri Amritansu Vaibhav	341702153	LDC
126	SANJAY KUMAR . 90190901	341702840	SR. OFFICER (MINING)
127	AMIT BIKRAM BISWAS 90232612	341702843	MANAGER (FIN.)
128	SUDAM LAL GUPTA 90275728	341702844	DY. MANAGER (FIN.)
129	SUNDEEP CHAUDHARY . 90322538	341702868	DY.MANAGER (MIN.)
130	Binay Kr Jha 95000477	341702889	OFFICER (SURVEY)
131	SADANAND TOPPO 90218280	341703004	SR.MANAGER(MIN.)
132	RAM PATI SINGH 90218439	341703007	MANAGER (MIN.)
133	INDRAJEET SINGH .90234824	341703014	MANAGER (MIN.)
134	AVINASH KISHORE .90269143	341703022	DY.MANAGER (MIN.)
135	HEMCHAND MAHATO .90294091	341703033	MANAGER (PERS.)
136	ANUJ KUMAR .90301607	341703037	DY.MANAGER (MIN.)
137	Shiv Kumar Prasad 90384009	341703067	ASST.MANAGER (MIN.)
138	VISHAL KUMAR MAHTO 95001039	341703079	MT (MIN.)
139	KUMAR RITESH 95001329	341703082	MT (MIN.)
140	MOHAN LAL SINGH 90214933	341703369	MANAGER (MINING)
141	SANJEEV KUMAR 90365784	341703405	DY.MANAGER (E&M)
142	ARUN KUMAR MAHTO 90367632	341703407	ASST. MANAGER (PERS.)
143	PRANAB ANUGRAH XAXA 95001727	341703410	MT (MM)
144	ANIMESH THAKUR	341703413	MANAGER (FIN.)
145	RUPINDRA SINGH 90275314	341703414	MANAGER (FIN.)
146	DHIR PRATAP . 90212960	341703661	MANAGER (MIN.)
147	ABHAY KUMAR . 90216276	341703663	MANAGER (MIN.)
148	JAGDISH MANDAL . 90220641	341703670	ASST.MANAGER(SUR.)
149	PRAVEEN KACHHAP . 90274028	341703675	MANAGER (MIN.)
150	YANG PRASAD . 90290081	341703681	MANAGER (MIN.)
151	RAJENDRA KASHYAP . 90290453	341703685	MANAGER (MIN.)
152	VIVEKANAND SINGH . 90371089	341703694	ASST.MANAGER (MIN.)
153	NIRMAL KUMAR MURMU -90386764	341704133	MANAGEMENT TRAINEE
154	KAILASH PRASAD MAHTO - 95000446	341704136	MANAGEMENT TRAINEE
155	MANOJ KUMAR - 90279571	341704203	MANAGER/EXCV.
156	DINESH KUMAR SINGH - 90301276	341704204	DY. MANAGER/MIN.
157	KISHAN AWASTHI - 90301532	341704525	DY.MANAGER/MIN.
158	YOGESHWAR MAHTO - 95000981	341704527	OFFICER / SURVEY
159	V.K.Patel 90150095	341704731	Sr. Manger(Survey)
160	Shambhu Nath 90203571	341704741	Manager (Min.)
161	Manik Kujur 90293689	341704758	Manager(Pers)
162	S.M.Bhaskar 90307844	341704762	Manager (C)
163	Ajaynand Jha 90320730	341704768	Dy.Manager(Fin)
164	Baban Char 90336819	341704772	Dy.Manager(Fin)
165	Ravi Goyal 90337197	341704774	Dy.Manager(Fin)
166	Ravikant Nirala 90356320	341704778	Asst.Manager(Min)
167	Vinod Kumar 90364480	341704780	Asstt.Manager(Civil)
168	Digvijay Kumar 90388744	341704791	Asst.Manager(CD)
169	Ashutosh Kumar Mishra 95000444	341704797	MT(E&M)
170	Amarjit Kumar 95001749	341704801	MT(Env)
171	Swapnil Suman 95001754	341704804	MT(Min)
172	DILIP KUMAR THAKUR - 14439202	341704834	ASST. SURVEYOR
173	LAKHI CHARAN PAHAN	341705019	SENIOR MANAGER
174	AMIT KUMAR	341705022	DY. GENERAL MANAGER
175	NEERAJ BHARTI	341705027	DY. GENERAL MANAGER
176	JAI WARDHAN KUMAR	341705035	DY. GENERAL MANAGER
177	LALSAY MUNDA	341705080	DY. MANAGER
178	SANJOY KUMAR	341705090	DY. GENERAL MANAGER
179	RAJNISH KUMAR	341705098	DY. GENERAL MANAGER
180	PRINCE KUMAR	341705120	DY. MANAGER
181	RAHUL KUMAR	341705248	ENGINEER
182	ASHOK KUMAR - 90145335	341705315	SR. MANAGER (MIN.)
183	DEBARAJ SETHY - 90217670	341705321	SR. MANAGER (MIN.)
184	AMRESH KUMAR - 90301300	341705326	ASST. MANAGER MIN.
185	SATNARAYAN PRASAD - 90301318	341705327	DY. MANAGER MIN.
186	SATISH KUMAR - 90302811	341705328	MANAGER (EXCAVATION)
187	JAINARAYAN LAKRA - 90310905	341705329	ASST. MANAGER MIN.
188	CHANDAN CHATTARAJ - 90324971	341705332	DY. MANAGER MIN.
189	ASHOK PRIYADARSHI - 90325382	341705333	DY. MANAGER MIN.
190	CHITO MAHTO - 903225507	341705334	ASST. MANAGER MIN.
191	SHIV SHANKAR KUMAR CHOUDHARY - 90328832	341705337	DY. MANAGER MIN.
192	PANKAJ SARKAR - 90355710	341705338	DY. MANAGER CIVIL
193	SHUBHAM KUMAR SHARMA - 90361775	341705339	ASST. MANAGER MIN.
194	ASEEM PRAKASH - 90367848	341705341	ASST. MANAGER (PERS.)
195	MRIGANK SHEKHAR - 90368838	341705342	ASST. MANAGER (ENVIR.)
196	RANJAN KUMAR MOHANTA - 90380569	341705343	SR. OFFICER MIN.
197	VINOD KUMAR RANA - 90382235	341705344	SR. OFFICER MIN.
198	BITTU KUMAR GUPTA - 90383274	341705345	MT (MINING)
199	SWAGAT KUMAR SAHU - 90383324	341705346	MT (MINING)
200	ASHUTOSH KUMAR - 90383753	341705348	ASST. MANAGER
201	SHUBHAM KUMAR - 90383852	341705350	MT (MINING)
202	JITENDRA KUMAR - 90383951	341705351	MT (MINING)
203	SHAILESH KUMAR SINGH - 90385584	341705353	ASS. MANAGER (MINING)
204	ADIYTA FAGERIA - 90386186	341705354	MT (MINING)
205	ABHISHEK KUMAR VATSA - 90386293	341705356	MT (MINING)
206	ANIL KUMAR HEMBRAM - 90386749	341705357	MT / E&M
207	BHUPESH KUMAR - 90386798	341705359	MT (MINING)
208	AKASH VARUN KULLU - 90389031	341705360	MT (HR/PERS.)
209	DEBABRATA SARKAR - 90393513	341705362	MT / E&M
210	U.K. SINHA - 95000339	341705364	OFFICER (SURVEY)
211	ABHISHEK KUMAR - 95000912	341705366	ASST. MANAGER E&M
212	BAJRANGI GUPTA - 95001322	341705368	MANAGEMENT TRAINEE (E&T)
213	MOHD. SADIQ - 95001743	341705371	MANAGEMENT TRAINEE (CD)
214	PRAVIN KUMAR - 95002070	341705372	MANAGEMENT TRAINEE (E&T)
215	KUMAR DEEN BANDHU - 95002476	341705374	SR. OFFICER MIN.
216	MUKESH PARASNATH SINGH - 95002478	341705376	SR. OFFICER MIN.
217	RAJESH KUMAR SINGH	341706039	Lower Division Clerk
218	DEEPAK KUMAR TIWA RI	341706684	HEAD CLERK
219	GIRJA SHANKAR PANDEY	341706688	HEAD CLERK
220	MITHILESH KUMAR VERMA	341706690	LDC
221	ARUN KUMAR	341707084	L.D.C
222	MD NASIMUDDIN ANSARI	341707086	VLW
223	MUNNA ORAON	341707087	VLW
224	DEEPAK KUAMR SHARMA	341707088	VLW
225	NANDU CHAUDHARI	341707090	VLW
226	BIRENDRA MOCHI	341707092	Panchayat Sevak
227	SHIV KUMAR SINGH	341707093	Panchayat Sevak
228	BASUDEV YADAV	341707094	Panchayat Sevak
229	ROSHAN LARKA	341707097	Panchayat Sevak
230	SUDHANSHU KUMAR DUBE	341707099	Panchayat Sevak
231	MANISH Rajan	341707108	PANCHAYAT SEVAK
232	Satish kumar mishra	341707116	VLW
233	Arjun Paswan	341707118	PANCHAYAT SEVAK
234	Shashi kumar Ravi	341707120	PANCHAYAT SEVAK
235	Udit Kumar	341707121	PANCHAYAT SEVAK
236	Rajendra kumar thakur	341707123	PANCHAYAT SEVAK
237	Vishvajit Kumar	341707125	PANCHAYAT SEVAK
238	Madan Marandi	341707127	PANCHAYAT SEVAK
239	Vikash Kumar Yadav	341707130	PANCHAYAT SEVAK
240	AJIT KUMAR	341707415	CLERK
241	ROHIT KUMAR	341707417	V.L.W
242	RAKESH TIYAGI	341707418	V.L.W
243	ANJAN KUNWAR	341707419	V.L.W
244	RAMBILASH RAM	341707420	V.L.W
245	SANJAY LINDA	341707421	V.L.W
246	DHARMVIR KUMAR	341707422	V.L.W
247	AJAY KUMAR SINGH	341707424	PANCHAYT SACHIV
248	YADUNANDAN RAM	341707425	PANCHAYT SACHIV
249	SURESH SAHU	341707426	PANCHAYT SACHIV
250	JAYNANDAN PRASAD SINGH	341707428	PANCHAYT SACHIV
251	SURAJ KUMAR RAJAK	341707430	PANCHAYT SACHIV
252	BABLU KUMAR	341707434	PANCHAYT SACHIV
253	VINOY KUMAR	341707439	PANCHAYT SACHIV
254	VIJAY LAL	341707440	PANCHAYT SACHIV
255	SURAJ URAO	341707441	PANCHAYT SACHIV
256	BIKRAM KUMAR SINGH	341707462	L.D.C.
257	SURENDRA RAM PASWAN	341707873	HEAD ASSISTANT
258	INDRANATH KUMAR	341707993	UDC
259	SUBHASH KUMAR	341707998	LDC
260	SHIVMANGAL KUMAR SUMAN	341708000	VLW
261	RAMSAHAY GANJHU	341708001	LDC
262	RANJAN KUMAR RAJU	341708002	VLW
263	SANDEEP KUMAR	341708006	VLW
264	RAMJI KUMAR	341708007	PANCHAYAT SAVAK
265	JAGDISH DAS	341708014	L.D.C.
266	RAMKUMAR RAM	341708016	UDC
267	DHARMENDRA KUMAR	341708021	LDC
268	PRADEEP KUMAR YADAV	341708045	LDC
269	SHASHI SHEKHAR	341708050	LDC
270	AAKASH KUMAR GUPTA	341708053	LDC
271	Anup Prasad	341708153	UDC
272	Abhijit Kumar	341708156	LDC
273	SUKHADEV RAM	341708157	L.D.C.
274	NITISH KUMAR DAS	341708159	L.D.C.
275	Rakesh Prasad	341708161	VLW
276	Lakhan Prasad Yadav	341708163	P.S
277	SATYENDRA KUMAR DANGI	341708168	L.D.C.
278	ROSHAN KUMAR	341708199	SR. OFFICER (MINING)
279	BABAN KUMAR BAGHEL	341708201	SR. OFFICER (MINING)
280	PAWAN KUMAR GUPTA	341708267	MANAGER MINING/AREA SAFETY
281	PANKAJ KUMAR	341708269	DY. MANAGER MIN.
282	MD. ADNAAN FAROOQUE	341708274	ASST. MANAGER CIVIL
283	PRAKASH SHIVDASANI	341708275	ASST. MANAGER MIN.
284	BHUPATIRAJU DUTTA KAWRTHIK VURRMA	341708276	ASST. MANAGER FIN.
285	ABHISHEK CHATOPADHYAY	341708277	ASST. MANAGER FIN.
286	DEEPAK KUMAR	341708278	ASST. MANAGER E&M
287	ROSHAN KUMAR	341708279	ASST. MANAGER
288	AMIT KUMAR	341708280	OFFICER / SURVEY
289	SUNIL KUMAR SINGH	341708686	Assitant
290	AMARJEET KUMAR SINGH	341708688	LDC
291	AWADHESH KUM AR TIWARI	341708689	LDC
292	RAMESHWAR BHAGAT 90210519	341708729	SR. MANAGER (E&M)
293	ASHOK KUMAR A MANDAL 90234840	341708731	MANAGER (MINING) VTC INCHARGE
294	ABHIRUP ADRIAN 90301912	341708733	ASST. MANAGER (MINING)
295	NIRAJ HARIJAN 90325630	341708734	DEPUTY MANAGER (MINING)
296	SAMIR MINJ 90325631	341708735	DEPUTY MANAGER (MINING)
297	ANURAG MINJ 90361205	341708736	DEPUTY MANAGER (MINING)
298	BAMBAM KUMAR 90365677	341708737	ASST. MANAGER (E&M)
299	NILESH KUMAR 90383258	341708740	ASST. MANAGER
300	SUDIPTA KUMAR PANDA 90383282	341708741	ASST. MANAGER (MINING)
301	UJJWAL KUMAR 90383787	341708742	ASST. MANAGER (MINING)
302	MOLUGU ANIRUDH 90383928	341708743	ASST. MANAGER (MINING)
303	SONU 90384025	341708744	ASST. MANAGER (MINING)
304	DHANAMNENI SAI KIRAN 90385600	341708745	ASST. MANAGER (MINING)
305	THIRUPATHI RAMSUNDER 90386160	341708746	ASST. MANAGER (MINING)
306	SAGAR RAWANI	341709303	SR. OFFICER (MINING)
307	SHASHI SINGH	341709304	MANAGEMENT TRANEE MINING
308	ROHIT	341709305	MANAGEMENT TRANEE MINING
309	SAGAR KUMAR SHRIVASTAVA	341709307	DEPUTY MANAGER MINING
310	ADITYA DEO SINGH	341709308	MANAGEMENT TRANEE MINING
311	LALMANI MANDAL	341709516	SR. OFFICER MIN.
312	MANISH KUJUR	341709517	DEPUTY MANAGER (MINING)
313	ABHIJEET GHOSH	341709519	V.L.W.
314	RAHUL KUMAR RAY	341709520	L.D.C.
315	UDAY SINGH	341709521	PANCHAYAT SACHIV
316	RANJIT KUMAR RAM	341709522	L.D.C.
317	RAMU KUMAR	341709523	L.D.C.
318	VIKASH KUMAR	341709525	L.D.C.
319	MAHADEV RAJAK	341709527	L.D.C.
320	UPEN

अखिलेश सिंह ने एनटीपीसी बोंगाइगांव की बिजनेस यूनिट का कार्यभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अखिलेश सिंह को 27.05.2024 से असम में एनटीपीसी के 750 मेगावाट के एनटीपीसी फ्लैगशिप पावर स्टेशन, एनटीपीसी बोंगाइगांव के परियोजना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। एनटीपीसी बोंगाइगांव में शामिल होने से पहले, सिंह 1600 मेगावाट उत्पादन करने वाले एनटीपीसी लारा, छत्तीसगढ़ के परियोजना प्रमुख के पद पर कार्यरत थे। सिंह ने के सी मुरलीधरन का स्थान लिया है जिन्हें परियोजना प्रमुख के रूप में एनटीपीसी दादरी में स्थानांतरित किया गया है। अखिलेश सिंह भागलपुर विवि से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के बाद 1993 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु (इटी) के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए। सिंह को रिहंद और विंध्याचल में एनटीपीसी के सबसे बड़े पावर स्टेशनों में काम करने का समृद्ध अनुभव प्राप्त है, सिंह के नेतृत्व में 30 वर्षों से अधिक के लंबे सहयोग के दौरान एनटीपीसी के विभिन्न स्टेशनों के ओ एंड एम प्रदर्शन में अधिक ऊंचाई हासिल करने में बहुत योगदान दिया। सिंह पहले एनटीपीसी लारा टीम में महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के रूप में शामिल हुए थे, और बाद में जीएम (ओ एंड एम) और 1600 मेगावाट एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख के महत्वपूर्ण पद पर कार्य किया। अपने पूरे करियर के दौरान, अखिलेश सिंह ने सुरक्षा, बिजली संयंत्र दक्षता, निवारक सतर्कता, कोयला समन्वय, ओ एंड एम जैसे, मानव संसाधन, प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर प्रमाणन, उन्नत नेतृत्व कार्यक्रम और एनटीपीसी के लिए विशिष्ट वाणिज्यिक पहलुओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रशिक्षण लिया है। निरंतर सीखने और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता विद्युत क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण को दशार्ती है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गोड्डा। वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोमवार को गोड्डा लोकसभा के मधुपुर विधानसभा के बेलटिकरी, मोहनपुर, बदीया, तेतरिया, रखाबनी, कल्याणपुर, तेलोडीह, बंदे, ढकढ़का आदि विभिन्न पथ पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन एवं रोड का कार्य सांसद निशिकांत दुबे के कार्यकाल में पूरा हुआ। आगामी एक जून को कमल फूल पर जनता वोट कर गोड्डा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को भारी मतों से विजय बनायेगी और मोदी के हाथ को मजबूत करेगी। इस मौके पर उदय सिंह, नकुल राय, लोकेश कुमार, श्रीकांत राय, अमर सिंह, संजीव कुमार मौजूद थे।

नालको ने 2060 करोड़ के लाभ के साथ उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया

नालको का चौथी तिमाही का लाभ वार्षिक आधार पर 95% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1016 करोड़ रहा

- सर्वकालिक उच्चतम 4,63,428 मैट्रिक टन का कास्ट धातु उत्पादन
- सर्वकालिक उच्चतम 4,70,108 मैट्रिक टन की धातु बिक्री
- सर्वकालिक उच्चतम 76,00,203 मैट्रिक टन का बॉक्साइट उत्खनन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत सरकार, खान मंत्रालय के तहत नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान उत्पादन और बिक्री में अपनी सुदृढ़ प्रदर्शन को बरकरार रखा। निदेशक मंडल की आज हुई बैठक में रिकॉर्ड में लिए गए वित्तीय परिणामों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 के दौरान नालको ने वार्षिक तुलना के आधार पर 34% की सुदृढ़ वृद्धि के साथ ?2060 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया। बाजार के पूवार्नुमानों को पीछे छोड़ते हुए कंपनी ने संचालन से आकर्षक राजस्व रु.13,149 करोड़ का आंकड़ा रिकार्ड किया। मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के 522 करोड़ रुपये की तुलना में 1016 करोड़ रुपये रहा,जो कि पिछले वर्ष की इस अवधि में 95% अधिक है। उल्लेखनीय है कि कमजोर धातु कीमत, बाजार की अस्थिरता तथा भू-राजनैतिक विरोधाभासों के बावजूद नालको वित्त वर्ष 2024 में कई मोर्चों तथा लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने में सक्षम रहा। कंपनी अपनी सभी इकाईयों में मजबूत वृद्धि के कारण अपने विकास पथ को जारी रखने में सक्षम रही। वित्त वर्ष 24 में, कंपनी ने 76,00,230 मैट्रिक टन का सर्वकालिक उच्चतम बॉक्साइट उत्खनन, 4,63,428 मैट्रिक टन का उच्चतम कास्ट मेटल उत्पादन, 4,70,108 मैट्रिक टन की सर्वकालिक उच्चतम धातु बिक्री तथा अपनी कोयला खानों के परिचालन के सबसे तीव्र वर्ष में 2 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हासिल किया। कंपनी के प्रदर्शन की सराहना करते हुए, नालको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने कहा कि वित्त वर्ष 23-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की वृद्धि में तेजी आई और यह मजबूत प्रदर्शन और उल्लेखनीय राजस्व वृद्धि में परिलक्षित होता है। कर्मचारियों और विभिन्न हितधारकों की प्रतिबद्धता और समर्थन को सफलता का श्रेय देते हुए, पात्र ने आगे आशा व्यक्त की कि एल्यूमिनियम की कीमतों में और मजबूती और एल्यूमिनियम की मांग में वृद्धि के साथ, नालको भविष्य में विकास की कहानी जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार है।

विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस आइएमएस और सम अस्पताल भुवनेश्वर में मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग द्वारा मनाया गया है। शुक्रवार की सुबह इस अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

दूसरे भाग में एक विशेष कार्यक्रम में, आईएमएस और सम हॉस्पिटल के डीन प्रोफेसर (डॉ) संघमित्रा मिश्र सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए और कहा कि सिजोफ्रेनिया जैसे मानसिक विकारों से लड़ना हर किसी की सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आईएमएस एवं सम अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी) प्रो. (डॉ) रचिता षड़ंगी ने आम जनता के मन में इस रोग से संबंधित अंधविश्वासों एवं रोग के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इंडियन मनोचिकित्सा सोसाइटी के संपादक प्रो डॉ अम्रित पट्टायोशी ने आईएमएस एवं सम हॉस्पिटल के मनोचिकित्सा विभाग की सराहना की और कहा कि यह पूर्व भारत के सर्वश्रेष्ठ मनोचिकित्सा विभागों में से एक है। कार्यक्रम में आईएमएस एवं सम अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती मिनती मिश्र ने इस क्षेत्र में नर्सिंग स्टाफ के योगदान के बारे में बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम में मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. स्नेहांशु दे, डॉ अमिय कृष्ण साहू, डॉ लग्नजीत दाश, डॉ हिरण्मय महापात्र, डॉ कीर्ति अनुराग, डॉ निर्लिप्त दाश और डॉ रूपेश सेनापति उपस्थित थे। इसी तरह, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के फुलनखरा परिसर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय सिजोफ्रेनिया दिवस मनाया गया है। इस दिवस के अवसर पर सिजोफ्रेनिया के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए फुलनखरा परिसर में एक सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक का आयोजन परिसर के डीन और अध्यक्ष प्रोफेसर प्रो डॉ अरक्षित स्वाइं की देखरेख में किया गया था।

सम हॉस्पिटल में ब्रेन डेड घोषित किया गया 21 महीने का एक बच्चा

माता-पिता ने दो लोगों की जान बचाने के लिए बच्चे के अंगों को दान कर उदारता दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अपने 21 महीने के बेटे को ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद उसके पिता ने महानता दिखायी है। यह सच है कि वे दुखी हैं, लेकिन उन्होंने अपने बेटे का अंग दान कर किसी और की जान बचाने की उदारता देखी है। इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल में इस ब्रेन डेड बच्चे के अंगदान से दो अन्य लोगों की जान बचायी गयी है। जुलाई 2022 में अस्पताल में पैदा हुए बच्चे को बाद में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो गयी और वह बीच-बीच में बीमार पड़ता रहा। उन्हें कई बार माता-पिता द्वारा अस्पताल लाया गया था और इलाज के बाद वह ठीक हो गये थे, अस्पताल के बाल रोग विभाग की प्रो (डॉ) देबस्मिता रथ ने कहा। कहा, शिशु को लगभग 15 दिन पहले फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उसे मेनिनजाइटिस का पता चला था। आइसीयू में इलाज के बाद बच्चे को सेप्टिक शॉक लग गया और शनिवार को उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। शिशु के माता-पिता, गौरी शंकर पाणिग्राही और श्रीमती शर्मिष्ठा पाणिग्राही ने प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे अन्य रोगियों को अपने अंग दान करके उनके जीवन को बचाने की इच्छा व्यक्त की। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एसओटीटीओ) को दे दी, जिसने मामले को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) से संपर्क किया। बच्चे के लीवर को नयी दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज (आइएलबीएस) में इलाज करा रहे एक बच्चे में प्रत्यारोपण के लिए भेजा गया है, जबकि दो किडनी को राजधानी के एक अस्पताल में एक अन्य मरीज में प्रत्यारोपित किया जायेगा। जब एम्स भुवनेश्वर की एक मेडिकल टीम बच्चे के शरीर से लीवर निकाल रही थी, तो पुलिस ने अस्पताल से हवाई अड्डे तक के रास्ते पर एक ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया था। आइएमएस और सम अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी) प्रोफेसर (डॉ) रचिता षड़ंगी ने कहा कि ओडिशा में पहली बार किसी और की जान बचाने के लिए इतने छोटे बच्चे के अंगों को निकालकर दोबारा लगाने के लिए भेजा गया है।

ओड़िशा विधानसभा चुनाव में 412 उम्मीदवार करोड़पति 348 पर आपराधिक केस, 12 प्रत्याशी अशिक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

ओड़िशा। विधानसभा चुनाव में 412 करोड़पति उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। एडीआर ने ओड़िशा विधानसभा चुनाव में 1285 में से 1283 उम्मीदवारों द्वारा दिए गये हलफनामे के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की है। **पूर्व कोयला मंत्री दिलीप रे सबसे अमीर प्रत्याशी :** एडीआर रिपोर्ट के अनुसार इस बार 1283 में से 412 उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनमें बीजद के 128, भाजपा के 96, कांग्रेस के 88 और आम आदमी पार्टी के 88 प्रत्याशी करोड़पति हैं। इन सभी ने अपने हलफनामे में अपनी संपत्ति एक करोड़ से ज्यादा दिखायी है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 के विधानसभा चुनाव में सभी प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 2.89 करोड़ है। पूर्व कोयला मंत्री दिलीप रे ने अपनी संपत्ति 313.53 करोड़ रुपये दिखायी है। बता दें कि दिलीप रे राउरकेला विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। दिलीप रे के बाद चंपुआ से बीजद प्रत्याशी सनातन महाकुड दूसरे सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। महाकुड ने अपने हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति 227.67 करोड़ रुपये दिखाई है। तीसरे स्थान पर बस्ता विधानसभा क्षेत्र से बीजद प्रत्याशी सुभासिनी जेना हैं। उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 135.17 करोड़ रुपये दिखाई है। **12 प्रत्याशियों की संपत्ति शून्य :** उधर सबसे गरीब प्रत्याशियों की बात करें तो पांच उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य दिखायी है। इनमें भवानीपटना से निर्दलीय उम्मीदवार रमेश कुमार महानद, किताबगंज से निर्दली प्रत्याशी सोहन सिपका, धामनगर से निर्दलीय उम्मीदवार संजय कुमार दास, रायगढ़ पूर्ना से बसपा प्रत्याशी चंद्र माझी और कोरई से आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया (एपीआई) के प्रत्याशी गोपाल कृष्ण मोहंती शामिल हैं।

यूटीएस ऐप के माध्यम से मोबाइल टिकटिंग के लिए.

यात्रियों को प्रोत्साहित करने को खोरधा रोड मंडल ने जागरूकता अभियान चलाया

- बिना कतार के अनारक्षित और प्लेटफार्म टिकट बुक करने का कैशलेस, पेपरलेस और सुविधाजनक तरीका

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खोरधा रोड मंडल, यात्रियों को यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अनारक्षित और प्लेटफार्म टिकट बुक करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष जागरूकता अभियान चला रहा है। यूटीएस मोबाइल ऐप के साथ ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली यात्रियों को कैशलेस, पेपरलेस टिकटिंग करने में मदद करेगी और साथ ही उनकी दिन-प्रतिदिन की यात्रा के लिए टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों से बचने में भी मदद करेगी। यूटीएस ऐप के माध्यम से मोबाइल टिकटिंग, सीजन टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और अनारक्षित यात्रा टिकटों की बुकिंग के लिए अधिक लचीलापन प्रदान करेगी और इसे भारतीय रेलवे के किसी भी स्टेशन से किसी भी गंतव्य स्टेशन तक बुक किया जा सकता है। यात्रा टिकट स्टेशन से 20 मीटर दूर से बुक किए जा सकते हैं, जिसमें बाहरी सीमा दूरी का कोई प्रतिबंध नहीं है। बुक किए गये टिकट का विवरण स्मार्ट फोन में सेव रहेगा, जिसे ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई) को दिखाया जा सकेगा। यूटीएस मोबाइल ऐप से सीजन टिकटों का नवीनीकरण 10 दिन पहले करने का प्रावधान है। खोरधा रोड मंडल ने इस विशेष जागरूकता अभियान के दौरान, मंडलके सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों, यानी भुवनेश्वर, पुरी, खोरधा रोड, कटक, ब्रह्मपुर, भद्रक आदि पर हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं, जिसमें यात्रियों को यूटीएस मोबाइल ऐप का उपयोग करके ऑनलाइन प्लेटफार्म और अनारक्षित टिकटखरीदने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन हेल्प डेस्क पर टिकट बुकिंग और टिकट चेकिंग स्टाफ को शामिल करते हुए ऑनलाइन यूटीएस टिकट बुक करने की प्रक्रिया के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। अनिल कुमार एस., वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधा रोड ने मंडल से यात्रा करने वाले सभी यात्रियों से यूटीएस मोबाइल ऐप के साथ ऑनलाइन मोबाइल टिकटिंग प्रणाली की पर्यावरण-अनुकूल, समय बचाने और सुविधाजनक पद्धति को अपनाने का आग्रह किया है। यात्रियों की सुविधा को लेकर खोरधा रोड मंडल हमेशा संबद्ध है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

50% Off on Making CHARGE
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD SILVER DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
919955526560
919431143722

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**